## न्यूज ब्रीफ

### पशु मित्रों के 28 पदों के लिए आवेदन 5 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर में पशुपालन विभाग के विभिन्न अस्पतालों, पशु औषधालयों और अन्य संस्थानों में मल्टी टास्क वर्कर्स (पशु मित्र) के 28 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए 5 फरवरी शाम 4 बजे तक आवेदन किए जा सकते हैं। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. सतीश कपूर ने बताया कि पशु मित्रों के 28 पदों के लिए आवेदन की प्रक्रिया 12 जनवरी से आरंभ कर दी गई है। 5 फरवरी तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर पात्र उम्मीदवारों को फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा। फिजिकल टेस्ट में उम्मीदवारों को 25 किलोग्राम भार उठाकर 100 मीटर की पैदल चाल एक मिनट में पूरी करनी होगी। इस टेस्ट के बारे में उम्मीदवारों को अलग से सूचित किया जाएगा। फिजिकल टेस्ट पास करने वाले उम्मीदवारों को काउंसलिंग के लिए बुलाया जाएगा। काउंसलिंग के बाद प्रत्येक संस्थान के लिए 5-5 उम्मीदवारों का पैनल बनाया जाएगा और उन्हें डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को पांच हजार रुपए मासिक मानदेय मिलेगा। 18 से 45 वर्ष तक के दसवीं पास अभ्यर्थी इन पदों के लिए पात्र हैं। उन्हें पशुपालन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों, स्थानीय बोलियों और परंपराओं का ज्ञान होना चाहिए। उपनिदेशक ने बताया कि आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी और आवेदन पत्र का फॉर्मेट विभाग की वेबसाइट एचपी एग्रीसनेट.जीओवी.इन से डाउनलोड किया जा सकता है। हमीरपुर, सुजानपुर, नादौन, भोरंज और बड़सर के उपमंडलीय पशुपालन अधिकारी कार्यालयों, इनके दूरभाष नंबरों या ईमेल पर भी विस्तृत जानकारी हासिल की जा सकती है।

### टीसीपी के नियमों के उल्लंघन पर दिया नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** तहसील सुजानपुर के अंतर्गत राजस्व मुहाल ढाड़ला में हमीरपुर-सुजानपुर सड़क के किनारे नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग के नियमों का उल्लंघन करते हुए निर्माण करने पर एक व्यक्ति को नोटिस जारी किया गया है। विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर के नियोजन अधिकारी की ओर से हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 की धारा 39 की उपधारा-1 के तहत जारी इस नोटिस में उक्त व्यक्ति को अवैध कार्य को तुरंत बंद करने तथा साइट पर पूर्व की स्थिति बहाल के निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### सड़क सुरक्षा पर बनाएं वीडियो, जीतें ईनाम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और सड़क सुरक्षा के प्रति आम लोगों को जागरुक करने के लिए जनवरी महीने को सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के तहत सड़क सुरक्षा-फिल्म महोत्सव प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति हिंदी या अंग्रेजी में सड़क सुरक्षा पर आधारित लघु फिल्म या वीडियो बनाकर इसे 15 फरवरी तक परिवहन विभाग को ईमेल पर या स्वयं परिवहन निदेशालय में जमा करवाकर इस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। लघु फिल्म या वीडियो की अवधि पांच मिनट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। परिवहन विभाग के अतिरिक्त आयुक्त कार्यालय शिमला से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह प्रतियोगिता चार अलग-अलग आयु वर्गों 18-25 वर्ष, 25-32 वर्ष, 32-40 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक वर्ग में आयोजित की जा रही है। प्रत्येक वर्ग में प्रथम रहने वाले प्रतिभागी को 25 हजार रुपए की राशि, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। इनके अलावा पांच-पांच हजार रुपए के बीस अन्य पुरस्कार भी दिए जाएंगे तथा सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट मिलेंगे।

### आज होगी जिला कल्याण समिति की बैठक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला कल्याण समिति की बैठक शुक्रवार 16 जनवरी को सुबह 11 बजे हमीर भवन में आयोजित की जाएगी। इसकी अध्यक्षता भोरंज के विधायक सुरेश कुमार करेंगे। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि इस बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को इस बैठक में ताजा रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### स्काउटिंग कर रही मानव भलाई के लिए कार्य

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मवा सिंधियां जिला ऊना में कार्यरत स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा व उनके सहयोगी सदस्य सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ओंकार सिंह, सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक बलबीर राणा, जोगिंदर ठाकुर, रतन चंद रांगड़ा, पूर्व खंड विकास समिति सदस्य मनीष राणा, प्रीतम सिंह, देशराज चौहान, अश्विनी चौहान, सौरभ ने एक महिला को इलाज के लिए 20000 रूपए की मदद दी। यह पैसे इनके बैंक खाते में जमा करवाए गए।यह महिला कैंसर की बीमारी से पीड़ित हैं और पीजीआई चंडीगढ़ में इलाज चल रहा है। संस्था के सभी सदस्यों ने इन के जल्दी स्वस्थ होने की कामना की। स्काउट मास्टर सतीश का कहना है कि यह सभी सदस्य मानव भलाई के लिए अपना निरंतर सहयोग करते रहते हैं व स्काउटिंग के माध्यम से लोगों तक पहुंचने का प्रयास करते हैं और इस पुण्य कार्य में सहयोग करने के लिए सभी दानी सज्जनों का धन्यवाद किया।

### चोआ में छिंज मेला 19 जनवरी को होगा

**अनंत ज्ञान, भोटा।** हर वर्ष की भांति इस बार भी चोआ गांव में छिंज मेला 19 जनवरी सोमवार को आयोजित किया जा रहा है। इस छिंज मेले में बड़ी माली 51000 रुपए तथा छोटी माली 25000 रुपए रखी गई है। इसके अलावा दोनों मालियों के विजेता पहलवानों को गुर्ज तथा उपविजेता पहलवानों को गागर देकर सम्मानित किया जाएगा। मेले में सभी पहलवानों की एंट्री दोपहर 12 बजे तक ही की जाएगी। उसके उपरांत किसी भी पहलवान की एंट्री नहीं की जाएगी। छिंज मेला कमेटी ने इस बार भी यह शर्त रखी है कि 40 वर्ष से ऊपर की आयु के किसी भी पहलवान की कुश्ती नहीं करवाई जाएगी। इसके लिए पहलवानों को अपने आधार कार्ड लेकर आना अनिवार्य किया गया है। छिंज मेले में पहलवानों की कुश्ती ठीक 11 बजे शुरू कर दी जाएगी। यह जानकारी छिंज कमेटी के सदस्य कैप्टन ज्ञान चंद व बीरबल सिंह पठानिया ने दी।

### व्यवस्थाओं के लिए आठ निविदाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वर्ष 2026 के दौरान गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, हिमाचल दिवस और जिला प्रशासन की ओर से समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले अन्य सरकारी समारोहों एवं कार्यक्रमों के दौरान टेंट, सजावट, भोजन, स्नैक्स, एलईडी, फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी, सीसीटीवी, कंप्यूटर-प्रिंटर, फूल-गुलदस्ते और निमंत्रण कार्ड एवं स्टेशनरी के सामान आदि की व्यवस्था के लिए 8 अलग-अलग निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। जिलाधीश हमीरपुर के सहायक आयुक्त चिराग शर्मा ने बताया कि सीसीटीवी एवं इससे संबंधित अन्य सेवाओं, कंप्यूटर-प्रिंटर और अन्य हार्डवेयर के सामान, निमंत्रण कार्डों की प्रिंटिंग और स्टेशनरी के अन्य सामान, भोजन, जलपान एवं स्नैक्स की चार अलग-अलग निविदाएं सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित 19 जनवरी सुबह 11 बजे तक सहायक आयुक्त कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। ये निविदाएं उसी दिन खोल दी जाएंगी। इसी प्रकार टैंट, एलईडी, फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी और फूल-गुलदस्तों इत्यादि की भी चार अलग-अलग निविदाएं 20 जनवरी सुबह 11 बजे तक सहायक आयुक्त कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। ये निविदाएं भी उसी दिन खोल दी जाएंगी। इन सभी निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए उपायुक्त कार्यालय परिसर में स्थित सहायक आयुक्त कार्यालय में या जिला नाजिर शाखा में संपर्क किया जा सकता है।

### लोगों को दी ऋण योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की तरक्वाड़ी शाखा ने वीरवार को गांव कोसड़ में नाबार्ड के सौजन्य से वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया। शाखा प्रबंधक नरेश कुमार चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में लोगों को बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना, स्वयं सहायता समूहों के लिए ऋण आवंटन और कई अन्य योजनाओं के बारे में भी बताया गया। बैंक के अधिकारियों ने डिजिटल बैंकिंग की जानकारी भी दी तथा साइबर ठगों से सावधान रहने की अपील की। इस अवसर पर बैंक के अधिकारी जगत पाल, रमेश कुमार, स्थानीय निवासी जुल्फी राम, राजकुमारी, रमेश चंद, ईश्वर दास, माला देवी, कलासो देवी, ज्योति देवी और अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### गांधी चौक में 75 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई हमीरपुर द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गांधी चौक, हमीरपुर में आयोजित हुआ। इसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्यातिथि रोशनी हॉस्पिटल के संस्थापक कुलदीप रहे। विशिष्टातिथि के रूप में एबीवीपी के प्रदेश संगठन मंत्री धनदेव ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिमला से आए सुशील शर्मा, पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। रक्तदान को महादान बताते हुए उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को इस पुण्य कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान शिविर में कुल 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए उपयोग में लाया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एबीवीपी कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों एवं हमीरपुर के युवाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को शान-ए-हिंद व शान-ए-हिमाचल अवॉर्ड

## सुजानपुर में सेना दिवस पर सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट का वार्षिक समारोह, देशभक्ति के रंग में ऐतिहासिक आयोजन

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हिमाचल की ऐतिहासिक नगरी सुजानपुर में सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा आयोजित सेना दिवस एवं ट्रस्ट के वार्षिक समारोह ने देशभक्ति की भावना के बीच सफल आयोजन किया, जिसमें आम लोगों के अलावा पूर्व सैनिकों का उत्साह और विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। सुबह से ही कड़कती ठंड के बावजूद लोग लगभग 9 बजे ही इस कार्यक्रम में पहुंचना शुरू हो गए थे। हालांकि, इस कार्यक्रम को असफल बनाने के लिए भी अपने-अपने स्तर पर इस ट्रस्ट के विरोधियों के प्रयास रहे, लेकिन उसके बावजूद कार्यक्रम में जुटी भीड़ ने यह जता दिया कि आयोजकों की दशा-दिशा क्या है? राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण महाराणा प्रताप के वंशज लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ रहे, जिनकी उपस्थिति और संबोधन ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह और सेवानिवृत्त मेजर जनरल बीएस जसवाल विशिष्टातिथि के रूप में मंच पर उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। इस अवसर पर, राज्यपाल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को 'शान-ए- हिमाचल' और शान ए हिंद पुरस्कार पुरस्कार भी प्रदान किए। समारोह में चार लोगों को शा ए हिंद अवार्ड से नवाजा गया। इनमें सैनिक स्कूल सुजानपुर के पूर्व छात्र और जिला कांगड़ा के नगरोटा क्षेत्र से संबंधित शाहिद विंग कमांडर नमांश सयाल को मरणोपरांत शान ए हिंद अवार्ड से अलंकृत किया गया और यह अवार्ड उनके पूज्य पिता जगन्नाथ ने हासिल किया। शहीद सिपाही अंकुश को भी मरणोपरांत यह अवॉर्ड दिया गया और इसे उनके पिता अनिल ठाकुर ने ग्रहण किया। फॉर्टिस हॉस्पिटल मोहाली के और रोबोटिक सर्जरी के निदेशक प्रोफेसर अशोक कुमार गुप्ता को भी शान ए हिंद अवार्ड दिया गया। बॉक्सिंग खिलाड़ी आशीष चौधरी को भी इसी अवार्ड से अलंकृत किया गया। पांच अन्य विभूतियों को शान ए हिमाचल अवार्ड दिए गए, जिनमें भारत तिब्बत सीमा बल से सेवानिवृत्त कमांडेंट सुदेश कुमार राणा, समाज कल्याण के क्षेत्र में सरबजीत सिंह बाबी, पहाड़ी साहित्य में योगदान के लिए विनोद भावुक, कृषि क्षेत्र के लिए सेवानिवत्त कर्नल प्रकाश चंद राणा और फ्रंटलाइन हेल्थ वर्कर कमला देवी को भी यह अवार्ड दिए गए। कार्यक्रम में सांसद डॉ. सिकंदर कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा, बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल, हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा, नादौन के पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, देहरा के पूर्व विधायक होशियार सिंह, नालागढ़ के पूर्व विधायक केएल ठाकुर, बंगाणा के पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो, बैजनाथ के पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी, जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रवि धीमान, राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा, ब्रिगेडियर खुशहाल ठाकुर कई वरिष्ठ पूर्व सैन्य अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।



सेना दिवस व ट्रस्ट के वार्षिक समारोह में राज्यपाल व जयराम ठाकुर। अनंत ज्ञान

### जयराम बोले-'भाषण से ज्यादा भाव का महत्व'

**पूर्व** मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि यह कार्यक्रम एक अत्यंत भावुक करने वाली स्थिति बयां कर रहा है। यह गौरवमयी आयोजन 'भाषणों से कहीं अधिक उन भावों का महत्व है जो हम अपने सैनिकों के प्रति हृदय में रखते हैं'। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय सेना के प्रति उमड़ी यह श्रद्धा और कृतज्ञता ही इस समारोह की असली शोभा है। इस सफल आयोजन के लिए पूर्व विधायक राजेंद्र राणा और उनके पुत्र अभिषेक राणा की जमकर सराहना की और इसे सैन्य वर्ग के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का प्रतीक बताया। राजस्थान के मेवाड़ से पधारे महाराणा प्रताप के वंशज लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का विशेष आभार व्यक्त कर उनके भावों को सराहा और राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की उपस्थिति को सैनिकों के प्रति उनके सम्मान का परिचायक बताया।

### राणा ने जताया सैनिकों का आभार

**पूर्व** विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि सेवा दिवस उन सभी वीरों को समर्पित है, जिन्होंने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर किया। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सैनिकों की भूमिका केवल सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में भी उनकी प्रेरक उपस्थिती का बड़ा महत्व है। हिमाचल वीर भूमि है और यहां हर घर की दीवारों पर वीरता का इतिहास अंकित है।

### भविष्य में भी जारी रहेगा अभियान: अभिषेक

**ट्रस्ट** के अध्यक्ष अभिषेक ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा इस संस्था का सर्वोच्च लक्ष्य है और सेना दिवस का आयोजन पिछले 25 साल से जारी ट्रस्ट की परंपरा का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है। उन्होंने अपने संबोधन में संस्था की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी और संकल्प लिया कि सामाजिक कार्यों तथा पीड़ित मानवता की सेवा का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### योद्धा हमेशा मर मिटने को रहता है तैयार: जसवाल

**समारोह** में विशिष्यतिथि के रूप में उपस्थित लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) बीएस जसवाल ने कहा कि पूर्व सैनिक योद्धा हैं और योद्धा देश के लिए मर मिटने को हमेशा तैयार रहता है। हिमाचल शूरवीरों की धरती है और सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा हर साल पूर्व सैनिको के सम्मान में समर्पित सेना दिवस मनाया जाना बड़े गर्व की बात है।उन्होंने मंच से सरकार से वीर नारियों को मिलने वाली उनकी देय राशि देने का आग्रह भी किया।

### 21वीं शताब्दी हिंदुस्तान की होगी : लक्ष्यराज

**महाराणा** प्रताप के वंशज एवं 77वें एकलिंग दीवान डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि इस कार्यक्रम से वीर सैनिकों और यहां की जनता के बीच खुद को पाकर वे धन्य हो गए हैं। स्पेशल गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित डॉ. मेवाड़ ने अपने ओजस्वी, प्रेरणादायी और देशभक्ति से ओतप्रोत संबोधन से विशाल जनसमूह को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन केवल कार्यक्रम नहीं होते, बल्कि ये राष्ट्रप्रेम, संस्कार और प्रेरणा का अनुभव करवाते हैं। उन्होंने कहा कि महाराजा संसार चंद की इस ऐतिहासिक नगरी में आकर व यहां के लोगों का सानिध्य पाकर उन्हें ऐसा महसूस हो रहा है मानो वह मेवाड़ में अपने ही लोगों के बीच बैठे हों। हिमाचल की धरती व यहां के लोगों में उन्हें वही आत्मीयता, वही वीरता व वही संस्कार दिखाई देते हैं, जिन पर भारत की संस्कृति गर्व करती है। भारतीय सेना आज चुप बैठने वाली सेना नहीं है, बल्कि देश की ओर आंख उठाने वालों के घर में घुसकर जवाब देना जानती है। उन्होंने सेना के शौर्य, अनुशासन और बलिदान को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि 21वीं शताब्दी हिंदुस्तान की होगी। भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत, सैन्य शक्ति, युवा ऊर्जा और आत्मनिर्भरता के बल पर विश्व में नेतृत्वकारी भूमिका निभाएगा।

## पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिताओं में कैडेट्स ने भारतीय सेना के शौर्य व देशभक्ति को दर्शाया

अनंत ज्ञान



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में सेना दिवस के अवसर पर नवगठित एनसीसी इकाई द्वारा एक प्रेरक एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनसीसी गीत के साथ हुई, जिसने विद्यालय परिसर को देशभक्ति और एकता की भावना से भर दिया।

इस अवसर पर नवगठित एनसीसी इकाई के 25 कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को विशेष बनाया। कैडेट्स की आंखों में वर्दी पहनने का सपना और हृदय में देशसेवा का संकल्प स्पष्ट दिखाई दिया। कार्यक्रम के दौरान कैडेट यास्मीन और कैडेट रितिका ने थल सेना दिवस के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके अलावा पेंटिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम को और भी भावनात्मक बनाया। इन प्रतियोगिताओं में कैडेट्स ने भारतीय सेना के शौर्य, तिरंगे के प्रति समर्पण और हालिया 'ऑपरेशन सिंदूर' को चित्रों और स्लोगनों के माध्यम से दर्शाया। इसने यह स्पष्ट किया कि भारतीय थल सेना आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ संकल्प के साथ राष्ट्र की सुरक्षा में सतत तत्पर रहती है। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने संबोधन में कहा कि सेना दिवस जैसे आयोजन विद्यार्थियों के मन में देशभक्ति, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने नवगठित एनसीसी इकाई की सराहना की और अन्य विद्यार्थियों से भी एनसीसी कैडेट्स से सीख लेने का आह्वान किया।

## हिमाचल के जवान लड़के दे रहे शहादतें, इसीलिए देश सुरक्षित

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर।** हिंदुस्तान को कोई ताकत नहीं तोड़ सकती। हिमाचल के जवान-जवान लड़के शहादतें दे रहे हैं इसीलिए यह हिंदुस्तान सुरक्षित है।

हिमाचल के युवाओं ने जिस बड़े स्तर पर कुर्बानियां दी हैं, वह मामूली बात नहीं। कैप्टन विक्रम बत्रा हो या चाहे परमवीर चक्र अशोक चक्र वाले परिवार। इस तरह के जज्बे से भरे परिवार हों तो फिर हिमाचल के सैनिकों की शहादतें देखकर हर कोई फक्र महसूस कर सकता है। बेला 78वें सैनिक दिवस की है और इस पर सैनिकों को खूब गर्व है, लेकिन उनका यह भी कहना है कि सैनिकों का मान सम्मान रिटायरमेंट के बाद भी वैसा ही होना चाहिए, ताकि कुर्बानियां देने का जज्बा सैनिक परिवारों में और मजबूती के साथ समाज में दिखता रहे। समाज को उन पर गर्व महसूस होता रहे। हमारी आने वाली पीढ़ियां भी इसी जज्बे के साथ देश की सुरक्षा में लगीं रहें।

अनंत ज्ञान सेना दिवस



**सेवानिवृत** कर्नल भूपेंद्र सिंह शाही बहुत ही गर्व के साथ कहते हैं कि जवान-जवान लड़के हिमाचल के शहीद हो जाते हैं। यह देश इसी वजह से सुरक्षित है। हिमाचल के वीर सैनिकों की कुर्बानियों को किसी भी सूरत में बुलाया नहीं जा सकता, जिस राज्य में परमवीर चक्र, अशोक चक्र जैसे परिवार रहते हो, ऐसे वीर जवानों को जन्म दिया हो, ऐसी माताएं और परिवार किसी और जगह पर नहीं दिखते, ऐसे बच्चे जहां के परिवारों ने सेना में भेजे हों वे लौटकर सामान्य नहीं, शेरशाह बनकर घर पहुंचते हैं। शाही का कहना था कि 78वां सेना दिवस कोई सामान्य नहीं है। देश को तोड़ने वालों के प्रयास कभी सफल नहीं होंगे। हमारे सैनिक इस समाज में गर्व के साथ खड़े हैं। वे कभी इस देश को टूटने नहीं देंगे। हिमाचल के सैनिक इसके लिए सबसे आगे खड़े हैं।



**सेवानिवृत्ति** कमलेश परमार बताते हैं कि पूर्व सैनिकों का या संगठन मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है और समय-समय पर यह सामाजिक दृष्टिकोण में अपने जज्बे को जग जाहिर करने में कोई कसर नहीं छोड़ता। वीरवार को जो कार्यक्रम सुजानपुर में हुआ, उसमें भी सैनिकों का निश्चित रूप में मनोबल बढ़ा है।



**सेना** दिवस के मौके पर करनल विनय चंद्र मानते हैं कि दुनिया में चीन सबसे बड़ी यानी नंबर एक सैनिक शक्ति वाला देश है। दूसरे नंबर पर भारत का नंबर आता है। हिंदुस्तान की सेना ने पहले विश्व युद्ध में भी पराजित किया था। 1947 में पाकिस्तान को पराजय का सामना करना पड़ा। चीन से 1962 में जरूर हारे, लेकिन 1965 में तगड़ा जवाब दिया। और हम जीते।



**मेजर** रमेश चंद वर्मा का कहना था कि आज का दिन गर्व का है, जनता को मैसेज देने वाला दिन है फौजियों का जज्बा कैसे बरकरार रखना है। फौज हर क्षेत्र में कैसे जीता करती है। सिविल पापुलेशन को आज के दिन यह जताने का प्रयास किया जाता है कि देश सुरक्षित कैसे है? सेना का काम क्या है और जनता को किस तरीके से अपनी सोच बनानी चाहिए। सेवानिवृत्ति के बाद भी सैनिकों की मदद करने के लिए न केवल सिविल पापुलेशन को बल्कि सभी तरह के समाज को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए।

## डीसी हमीरपुर गंधर्वा राठौर ने बाबा बालक नाथ मंदिर में नवाया शीश

अनंत ज्ञान



**एसके ठाकुर, बड़सर।** हमीरपुर की जिलाधीश गंधर्वा राठौर ने वीरवार को उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में गुफा दर्शन करके बाबा जी आशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने बहुत ही सादे स्वभाव से महिलाओं के लिए बने चबूतरे में खड़े होकर आम लोगों की तरह गुफा के दर्शन किए। मंदिर में पहुंचने पर उन्होंने बाबा जी के अखंड धूनी में हवन भी डाला इसके उपरांत उन्होंने मंदिर परिसर में कर्मचारियों से रूबरू हुए तथा एडीबी प्रोजेक्ट के तहत चल रहे निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। गौर रहे की उपायुक्त हमीरपुर राठौर ने बुधवार को ही जिला हमीरपुर का कार्यभार संभाला है। उन्होंने कहा कि जिला हमीरपुर में विकासात्मक कार्यों के लिए खाका तैयार करके योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाएगा इस अवसर पर एसडीएम बड़सर स्वाति डोगरा, तहसीलदार नेगी अतिरिक्त मंदिर अधिकारी संजीव कुमार उपस्थित रहे।

## प्रमोट प्रिंसिपल वेतन आहरण के लिए स्पष्ट निर्देश दे विभाग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 779 शिक्षकों को इन सिचु प्रमोशन दी गई है। इनके वेतन आहरण हेतु पे लियन रिक्त पदों पर फिक्स कर दिया गया है, मगर वेतन आहरण हेतु वांछित प्रपत्र और औपचारिकताएं अभी तक जारी नहीं की गई हैं। वेतन आहरण हेतु अंतिम वेतन सर्टिफिकेट भेजने सहित राज्य ट्रेज़री के लिए जरूरी अन्य दस्तावेज भेजने बारे स्पष्ट अधिसूचना जारी की जाए।

यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश शिक्षा विभाग से की है। संघ के राज्य अध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल और राज्य महासचिव विजय हीर ने कहा कि स्कूल शिक्षा निदेशालय अगर वेतन आहरण बारे सारी औपचारिकताएं एक सप्ताह में पूर्ण नहीं करवा सका तो 779 प्रधानाचार्यों का वेतन रुक सकता है। जिन स्कूलों से इनका वेतन आहरण करना है, वहां डी डी ओ शक्तियां यथावत सीनियर प्रवक्ता के हवाले ही रखने हेतु भी आदेश ज़रूरी हैं अन्यथा जूनियर शिक्षक प्रधानाचार्य का वेतन आहरण बिल अप्रूव करने हेतु पात्र नहीं होंगे क्योंकि प्रधानाचार्य ही डीडी ओ शक्तियां रखने का हकदार होता है जब उसका वेतन उस संस्थान से रिक्त पद पर जारी होना है। पे लियन फिक्स होने के बाद स्टेशन मिलने तक अगर यह स्पष्टीकरण नहीं हुआ तो इन स्कूलों में स्टाफ का वेतन बिल भी अटक सकता है। ऐसे में सर्विस बुक इंट्री सर्टिफिकेट, वेतन निर्धारण स्टेटमेंट , वर्किंग सर्टिफिकेट और चार्ज अधिग्रहण सर्टिफिकेट आदि के प्रपत्र जारी करते हुए औपचारिकताएं अविलंब पूर्ण की जाएं।

उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा स्कूल शिक्षा निदेशक को हाल ही में नए प्रपत्र से पात्र शिक्षकों के 4-9-14 के मामले भेजने के निर्देश जारी हुए हैं। इस बारे आगामी आदेश स्कूल शिक्षा विभाग जारी करे और ए सी पी एस के इन देय लाभों से वंचित शिक्षकों को इंक्रीमेंट्स लगाने के लिए मामले मंगवाए जाएं।

### अटल पेंशन व किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** दी कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक, शाखा समीरपुर ने उपमंडल भोंरज के ग्राम बगवाड़ा में वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर आयोजित किया। शाखा प्रबंधक सुरेश कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और री-केवाईसी प्रक्रिया सहित बैंकिंग सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल फ्रॉड से बचाव के उपाय भी बताए। शिविर में बैंक अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रधान देश राज, पंचायत सचिव अनिल कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस जागरूकता शिविर को उपयोगी बताते हुए भविष्य में ऐसे कार्यक्रम की मांग की।

### आजीविका संवर्धन व आत्मनिर्भर भारत पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने शिमला के चक्कर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में भाग लिया। यह कार्यशाला केंद्र सरकार की विकसित भारत, जी-राम-जी योजना के तहत ग्रामीण रोजगार, आजीविका संवर्धन और आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य को साकार करने के लिए आयोजित की गई थी। राकेश ठाकुर ने योजना के उद्देश्य, स्वरूप और प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, रोजगार सृजन और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग में सहायक होगी। भाजपा कार्यकर्ता योजना के लाभों को गांव-गांव तक पहुंचाएंगे।

### मनरेगा से गांधी नाम हटाने के प्रयास की निंदा की

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** जिला महासचिव पवन कालिया एवं बड़सर कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी के नाम को हटाने का प्रयास केवल योजना का नाम बदलना नहीं है, बल्कि यह भारत की विचारधारा और आत्मा पर हमला है। उन्होंने बताया कि गांधी नाम केवल शब्द नहीं, बल्कि एक चेतना और विचार है। कांग्रेस द्वारा मनरेगा बचाओ अभियान के तहत 16 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे विश्राम गृह मैहरे में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक का नेतृत्व पूर्व प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया करेंगे। इसमें मनरेगा को उसके मूल अधिकार-आधारित स्वरूप में बहाल करने और बीबी-जी राम जी कानून को वापस लेने पर चर्चा होगी। जिला अध्यक्ष सुमन भारती और को-आर्डिनेटर गौरव शर्मा भी उपस्थित रहेंगे।

### पुनर्वास व पुनर्व्यवस्थापन योजना को स्वीकृति

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** तहसील नादौन के मौजा कोहला के गांव डोली घराना में खेल परिसर के निर्माण हेतु होने वाले भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के लिए पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना को मंडी के मंडल आयुक्त ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। एडीसी हमीरपुर और डोली घराना गांव के भूमि अधिग्रहण प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन कार्य के प्रशासक अभिषेक गर्ग ने बताया कि इस योजना की प्रति उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर, एसडीएम कार्यालय नादौन और तहसील कार्यालय नादौन में उपलब्ध करवा दी गई है। एडीसी ने बताया कि नादौन के एसडीएम को इस योजना का प्रभावित क्षेत्र में व्यापक प्रचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### बास्केटबॉल, बैडमिंटन व चेस में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली के विद्यार्थियों ने डीएवी नेशनल खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। हैदराबाद में आयोजित डीएवी नेशनल बॉयज बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर-17 वर्ग में ब्रांज मेडल तथा अंडर-19 वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। हरिद्वार में आयोजित डीएवी नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर-14 बॉयज वर्ग में ब्रांज मेडल जीतने का सम्मान मिला। छात्राओं ने भी डीएवी नेशनल गर्ल्स बास्केटबॉल एवं चेस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया, अंडर-19 चेस में ब्रॉन्ज तथा अंडर-19 बास्केटबॉल में सिल्वर मेडल हासिल किया। प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने विजेताओं को बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

**रोष** मंडी में 11 जनवरी को तथाकथित यूनियन को लेकर जताया रोष

## एनएचएम कर्मी असवैधानिक संगठनों से बनाएं दूरी

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी महासंघ हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मनजीत धीमान एवं महासचिव सुनील शर्मा व प्रेस सचिव राज महाजन ने मंडी में 11 जनवरी को चुनिंदा लोगों द्वारा गठित तथाकथित यूनियन को लेकर कड़ा रोष व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में एनएचएम कर्मचारियों का केवल एक ही वैधानिक, लोकतांत्रिक और मान्यता प्राप्त संगठन है, जो मनजीत धीमान के नेतृत्व में कार्य कर रहा है। मंडी में जिस प्रकार कथित तौर पर एनएचएम कर्मचारी महासंघ की कमान अमीन चंद को सौंपने का दावा किया जा रहा है, वह पूरी तरह से असंवैधानिक, अवैध और कर्मचारी विरोधी साजिश है, जिसका सीधा उद्देश्य कर्मचारियों की एकता को तोड़ना और सरकार व कर्मचारियों के बीच बनते सकारात्मक वातावरण को नुकसान पहुंचाना है। प्रदेश नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि जिस दिन मंडी में यह तथाकथित यूनियन बनाई गई, उस दिन आयोजित कार्यक्रम में वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं महासचिव उपस्थित ही नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति, बिना सूचना, अनुमति और संवैधानिक प्रक्रिया के लिया गया यह निर्णय संगठन के संविधान का खुला उल्लंघन है। उन्होंने दो टूक कहा कि मात्र करीब 60-70 कर्मचारियों की उपस्थिति में बनाए गए संगठन को प्रदेश के 2600 अनुबंध एवं लगभग 3000 आउटसोर्स एनएचएम कर्मचारियों की आवाज बताना कर्मचारियों की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास है।

### अधिकारों की निर्णायक लड़ाई को आगे बढ़ाएं

**प्रदेश** अध्यक्ष मनजीत धीमान ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से अनुरोध किया है कि प्रदेश में कर्मचारियों को गुमराह करने के उद्देश्य से बनाई जा रही इस तरह की असंवैधानिक, गैर-मान्यता प्राप्त यूनियनों पर सरकार कड़ा संज्ञान ले और ऐसे तत्वों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि कर्मचारियों की एकता और शांति व्यवस्था प्रभावित न हो। उन्होंने यह भी आरोप लगाया गया कि कुछ सरकार विरोधी और कर्मचारी विरोधी ताकतें जानबूझकर एनएचएम कर्मचारियों के आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं, जिसे किसी भी सूरत में सफल नहीं होने दिया जाएगा। अंत में प्रदेश के सभी एनएचएम कर्मचारियों से आह्वान किया गया कि वे इन षड्यंत्रों को समझें, असंवैधानिक संगठनों से दूरी बनाए रखें और केवल एनएचएम कर्मचारी महासंघ हिमाचल प्रदेश के बैनर तले एकजुट होकर अपने अधिकारों की निर्णायक लड़ाई को आगे बढ़ाएं।

◆ **असंवैधानिक, गैर-मान्यता प्राप्त यूनियनों पर सरकार कड़ा संज्ञान ले**

### नागरिकों की सुविधा के लिए कार्य विभाजन किया

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन नगर परिषद ने नागरिकों की सुविधा के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों का स्पष्ट विभाजन किया है। नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि इसके तहत विभिन्न कार्यों के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों की जानकारी सार्वजनिक स्थलों पर साइन बोर्डों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। पानी व बिजली कनैक्शन, भवन नक्शा स्वीकृति, सड़क, नाली, ड्रेन, स्ट्रीट लाइट, एनओसी, पीएमईबीआई, विज्ञापन व होर्डिंग्स के लिए जेई अंशुल सहोत्रा, बीपीएल व परिवार रजिस्टर, गृहकर, दुकान का किराया व सरकारी योजनाओं के लिए क्लर्क किशोरी लाल, जन्म-मृत्यु पंजीकरण व स्वच्छता कार्यों के लिए स्वच्छता निरीक्षक अक्षत सोनी, विवाह पंजीकरण व लेखा जोखा हेतु आईटी सहायक निशांत ठाकुर, तथा डे-एनयूएलएम के लिए सामुदायिक आयोजक अनु कुमारी से संपर्क किया जा सकता है। सभी साइन बोर्डों पर अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी उपलब्ध हैं। किसी समस्या पर नागरिक नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा से कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### घंडूरी अग्निकांड पर शिक्षा मंत्री ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत घंडूरी के गांव तलांगना में बीती रात हुई भीषण आग की घटना में छह लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस हृदयविदारक हादसे को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि राज्य सरकार इस कठिन घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। शिक्षा मंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को घटना की तुरंत जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को राहत एवं पुनर्वास से जुड़ी सभी आवश्यक सहायता बिना किसी देरी के उपलब्ध करवाई जाए, ताकि उन्हें इस संकट से उबरने में सहयोग मिल सके। रोहित ठाकुर ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अग्नि सुरक्षा उपायों की समीक्षा की जाएगी।

### सचिन शर्मा ने संभाला अतिरिक्त उपायुक्त शिमला का कार्यभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2022 बैच के अधिकारी सचिन शर्मा ने वीरवार को शिमला में अतिरिक्त उपायुक्त का कार्यभार संभाला। इससे पूर्व वे उपमंडलाधिकारी अंब के पद पर कार्यरत थे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता प्रदेश सरकार की योजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि कोई भी योग्य नागरिक लाभ से वंचित न रहे। इसके साथ ही आम लोगों की शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी समाधान भी उनकी कार्यसूची में प्रमुख रहेगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि 21 और 22 जनवरी को नशा उन्मूलन अभियान के तहत आयोजित की जाने वाली ग्राम सभाओं में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर हिमाचल के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाएगा, विशेषकर स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और उनके उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही सभी पंचायतों में विकास कार्यों की नियमित समीक्षा कर लंबित योजनाओं को तय समय में पूरा करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।



### पट्टा फोरलेन पर 61 किलो अफीम डोडा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** थाना सदर, जिला बिलासपुर की पुलिस टीम ने 15 जनवरी 2026 को पट्टा फोरलेन सड़क पर नाकाबंदी के दौरान एक फोर व्हीलर नंबर एच पी 58-9232 से 61 किलोग्राम अफीम डोडा/चूरापोस्त बरामद किया है। पुलिस ने वाहन चालक राकेश कुमार पुत्र बालक राम, निवासी गांव बंजर, डाकघर बजौरा, तहसील व थाना भुंतर, जिला कुल्लू (उम्र 42 वर्ष) तथा उसके साथ सवार दीपक कुमार पुत्र बरफू राम, निवासी वार्ड नंबर 6 साढ़ाभई, डाकघर, तहसील व थाना भुंतर, जिला कुल्लू को मौके पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अभियोग संख्या 13/2026, दिनांक 15 जनवरी 2026 को धारा 15 व 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना सदर, जिला बिलासपुर में मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### प्रदेश विश्वविद्यालय में एबीवीपी की अर्पण पहल बनी प्रेरणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सेवार्थ विद्यार्थी इकाई द्वारा प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर में युवा पखवाड़े के अवसर पर 'अर्पण: एक पहल' के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद पुस्तक स्टाल तथा स्टेशनरी दान स्टाल का प्रेरणादायक आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, संवेदना और शिक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना रहा। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की और स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन, युवा चेतना और चरित्र निर्माण से जुड़े साहित्य के प्रति गहरी रुचि दिखाई। स्टेशनरी दान स्टाल पर कॉपियां, पेन, पेंसिल और शैक्षणिक सामग्री का उदार दान किया गया, जिसे आगे जरूरतमंद विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि अर्पण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े विद्यार्थी तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने की सतत मुहिम है। कार्यक्रम के अंत में सभी दानदाताओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों और नागरिकों के प्रति आभार जताते हुए कहा गया कि सामूहिक छोटे प्रयास ही बड़े सामाजिक परिवर्तन की नींव रखते हैं।

### महिला मंडल नरैण की सदस्य कांग्रेस में शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** टिक्कर तहसील की ग्राम पंचायत शरौंथा के अंतर्गत महिला मंडल नरैण घोड़ की प्रधान पूनम रमटेंड सहित समस्त कार्यकारिणी व सदस्यों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की जनहितैषी कार्यशैली और नावर क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने महिला मंडल की सभी महिलाओं का कांग्रेस परिवार में आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने महिला मंडल को आश्वस्त किया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान और सक्रिय भूमिका दी जाएगी, जबकि नरैण गांव से कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता हरि कृष्ण ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई ने सभी नव-प्रवेशी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया।

### ततापानी के जंगल में भड़की आग, इको टास्क फोर्स ने संभाला मोर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ततापानी क्षेत्र में भड़की जंगल की आग पर आज 133 इकोलॉजिकल टास्क फोर्स ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हालात को काबू में रखने के प्रयास तेज कर दिए। आग की सूचना मिलते ही टास्क फोर्स की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने व नुकसान को सीमित करने के लिए मोर्चा संभाल लिया। आग से परवैन के आसपास के कुछ क्षेत्रों को क्षति पहुंची है, लेकिन राहत की बात यह है कि टास्क फोर्स द्वारा लगाए गए पौधरोपण क्षेत्र अभी तक सुरक्षित हैं। टास्क फोर्स के अनुसार, पौधरोपण को हुए संभावित नुकसान का पूरा आकलन कल किया जाएगा। एहतियात के तौर पर रात्रि के समय जमीनी टीमों को पीछे हटने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि उम्मीद जताई जा रही है कि रात की ओस आग की तीव्रता कम करने में मददगार साबित होगी। सुबह होते ही एक निगरानी दल फिर से क्षेत्र का जायजा लेगा और आगे की रणनीति तय की जाएगी। यह घटना एक बार फिर क्षेत्र में वनाग्नि की चुनौती को रेखांकित करती है, जहां ततापानी में पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन में 133 इको टास्क फोर्स की भूमिका अहम बनी हुई है।

# विशेष बच्चों के लिए शैक्षणिक और सांस्कृतिक एक्सपोजर विजिट शुरू

## चंडीगढ़, अमृतसर और वाघा बॉर्डर की यात्रा से बढ़ेगा आत्मविश्वास और अनुभव

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत समावेशी शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। सरकारी स्कूलों के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक विशेष एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बच्चों को चंडीगढ़, अमृतसर और वाघा बॉर्डर जैसे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इस यात्रा का उद्देश्य बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक अनुभवों से जोड़ना और उनके आत्मविश्वास को मजबूत करना है।

जानकारी के अनुसार इस एक्सपोजर विजिट में कुल 156 सदस्य शामिल हैं, जिनमें 96 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे, स्पेशल एजुकेटर्स, समावेशी शिक्षा के अधिकारी और अन्य सहायक स्टाफ शामिल हैं। यह यात्रा 15 से 18 जनवरी तक आयोजित की जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए बच्चे गुरुवार को शिमला पहुंचे, जहां उनके ठहरने की व्यवस्था आर्किड होटल में की गई। शिमला में बच्चों ने सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया और रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने उत्साह और आत्मविश्वास का परिचय दिया।

16 जनवरी को बच्चे हिमाचल विधानसभा सचिवालय का दौरा करेंगे, जहां वे विधानसभा की कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रिया और प्रशासनिक ढांचे के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

इसके पश्चात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर विधानसभा परिसर से इन बच्चों को हरी झंडी दिखाकर चंडीगढ़ के लिए रवाना करेंगे। चंडीगढ़ पहुंचने पर बच्चे छतबीड़ जू का भ्रमण करेंगे, जहां वे वन्य जीवन, जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को नजदीक से समझेंगे। चंडीगढ़ में ही बच्चों के रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है।

### वाघा बॉर्डर से स्वर्ण मंदिर तक राष्ट्र और संस्कृति से होगा साक्षात्कार

17 जनवरी को बच्चे चंडीगढ़ से अमृतसर के लिए रवाना होंगे और वाघा बॉर्डर पर भारत-पाकिस्तान सीमा की बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी देखेंगे। सीमा सुरक्षा बलों की अनुशासित परेड, ध्वज अवतरण और देशभक्ति के नारों से बच्चों में राष्ट्रीय गौरव, एकता और अनुशासन की भावना और प्रबल होगी। 18 जनवरी को बच्चे स्वर्ण मंदिर के दर्शन कर सेवा, समानता और शांति के संदेश से जुड़ेंगे तथा इसके बाद जलियांवाला बाग का दौरा कर स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और शहीदों के बलिदान को समझेंगे। समावेशी शिक्षा की स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रतिभा बाली और स्पेशल एजुकेटर्स पूरे सफर में बच्चों का मार्गदर्शन करेंगे। समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि यह यात्रा बच्चों के लिए केवल भ्रमण नहीं, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, नई सोच विकसित करने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

◆ **शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर दल को करेंगे रवाना**

# कुलदीप पठानिया ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर हिमाचल का किया प्रतिनिधित्व



सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शामिल विधानसभा अध्यक्ष। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 14 से 16 जनवरी, 2026 को नई दिल्ली में आयोजित 28वें अंतरराष्ट्रीय स्पीकर एवं पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन में 53 राष्ट्रमंडल देशों के राष्ट्रीय स्पीकर्स और पीठासीन अधिकारी शामिल हुए। उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रमुख संबोधन दिया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की मेजबानी में आयोजित इस सम्मेलन में 28 राज्यों के पीठासीन अधिकारी शामिल हुए, जिनमें हिमाचल प्रदेश के कुलदीप पठानिया भी थे। राज्य सभा के उपसभापति डॉ. हरिवंश, राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के अध्यक्ष क्रिस्टोफर कलिला और अंतर-संसदीय संघ के अध्यक्ष डॉ. तूलिया ऐक्सन ने भी कार्यक्रम में संबोधित किया।

कुलदीप पठानिया ने कहा कि अंतर-संसदीय संघ विश्व स्तर पर संसदों को जोड़कर शांति, लोकतंत्र और सतत विकास को बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में बेरोजगारी, आतंकवाद, अलगाववाद और अंतरराष्ट्रीय सीमा विवाद जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की गई, ताकि संवाद के माध्यम से वैश्विक शांति और सहयोग को मजबूत किया जा सके।

# झाकड़ी में सतलुज जलविद्युत कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन का धरना

अनंत ज्ञान



धरना देते जलविद्युत कॉन्ट्रैक्ट यूनियन के वर्कर्स। अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** सतलुज जल विद्युत कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन झाकड़ी सीआईटीयू से संबद्ध के करीब 40 से 50 मजदूरों ने वीरवार दोपहर करीब 1:20 बजे सीआईएसएफ गेट के बाहर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। यूनियन अध्यक्ष गुरदास की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रदर्शन में श्रमिकों ने अपनी प्रमुख मांगें उठाईं, जिनमें मजदूरी भुगतान, बैठकें और लंबित भुगतान शामिल हैं।

प्रदर्शनकारियों ने ओएंडएम स्टोर तथा कॉटिंग प्लांट में किए गए कार्य की प्रकृति के अनुरूप मजदूरी का भुगतान, अन्य साइटों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करने, पीआईएस अनुभाग में अंतिम निविदा से लंबित ईपीएफ भुगतान जारी करने तथा नाथपा बांध 1500 मेगावाट की मैकेनिकल व इलेक्ट्रिकल साइटों पर छुट्टी पात्रता का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने जैसी मांगें रखीं। श्रमिकों का कहना है कि इन मांगों पर शीघ्र ध्यान न दिए जाने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रबंधन की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## हिमाचल की राजनीति में गरमाया बाहरी अफसरों का मुद्दा

# विक्रमादित्य बोले- अपनी बात पर हूं अडिग

अनंत ज्ञान

◆ **कहा, हिमाचल के हक पर कोई समझौता नहीं, चाहे कुर्सी रहे या जाए**

**ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बाहरी राज्यों के आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को लेकर दिए गए बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत एक संघीय गणराज्य है, जहां केंद्र और राज्य सरकारों के अधिकार और दायित्व स्पष्ट रूप से तय हैं।



उन्होंने दोहराया कि हिमाचल में सेवाएं देने वाले सभी अधिकारियों का सम्मान किया जाता है और प्रशासनिक व्यवस्था की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि उनके लिए हिमाचल प्रदेश के हित सर्वोपरि हैं और रहेंगे। जनता की सेवा को उन्होंने सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि यदि कहीं यह महसूस होता है कि सेवाओं की गुणवत्ता या अधिकारों से समझौता हो रहा है, तो एक जनप्रतिनिधि के तौर पर उस पर सवाल उठाना उनका दायित्व है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश की जनता ने उन्हें इसी उम्मीद के साथ चुना है कि वे हर परिस्थिति में हिमाचल के हक की बात मजबूती से रखें।

मंत्री ने कहा कि वह किसी भी तरह का टकराव नहीं चाहते, लेकिन जब जिम्मेदारियों की सीमाएं आपस में उलझने लगती हैं, तो यह व्यवस्था के लिए खतरे का संकेत बन जाता है। उन्होंने कहा कि वह अपने रुख पर कायम हैं और चाहे पद पर रहें या न रहें, हिमाचल के लोगों के हितों के लिए आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने यह भी जोड़ा कि लोकतंत्र में कोई भी अधिकारी स्वयं को शासक समझने की कोशिश न करे, क्योंकि सभी को अपनी संवैधानिक मर्यादाओं के भीतर रहकर काम करना चाहिए।

मामले पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि इस तरह के बयान अनावश्यक हैं और इससे प्रदेश तथा देश स्तर पर गलत संदेश जा सकता है। ऑल इंडिया सर्विसेज के तहत नियुक्त अधिकारी प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं और यदि किसी मंत्री को किसी अधिकारी से आपत्ति है, तो उसे सार्वजनिक मंच के बजाय सरकार के भीतर या मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाना चाहिए।

# मशोबरा स्कूलों में आया/हेल्पर पद के लिए इंटरव्यू 16 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मशोबरा ब्लॉक के 56 प्राथमिक स्कूलों में आया/हेल्पर के पद आउटसोर्स के माध्यम से भरे जाने हैं, जिसके लिए एस एंड बी मेन पावर वेंचर कंपनी, चक्कर (शिमला) द्वारा 16 जनवरी को वॉक-इन इंटरव्यू रखे गए हैं। कंपनी संचालक संजीव शर्मा के अनुसार यह इंटरव्यू उन महिलाओं के लिए आयोजित किए जा रहे हैं जो बीते वर्ष इन पदों के लिए आवेदन नहीं कर पाई थीं, जबकि पिछले वर्ष आवेदन करने वाली महिलाओं को इंटरव्यू में आने की आवश्यकता नहीं है। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष अप्रैल में आया/हेल्पर पद के लिए प्रति आवेदन 500 रुपए फीस निर्धारित की गई थी, जिसे लेकर पहले भी विवाद सामने आ चुका है।

◆ **भाजपा का आरोप, दफ्तरों में बन रहीं चयन सूचियां**

दूसरी ओर शिमला जिला भाजपा प्रवक्ता जितेंद्र भोटका और सक्षम गुडिया बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्ष रूपा शर्मा तथा शशांक अत्री ने संयुक्त बयान में आरोप लगाया कि आउटसोर्स पर आया/हेल्पर रखने के लिए इंटरव्यू केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं और महिलाओं को बेवजह इंटरव्यू के नाम पर खर्च करने को मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष नाइलिट कंपनी द्वारा प्रति फॉर्म 500 रुपये लेकर करोड़ों रुपए एकत्र किए गए, जो महिलाओं के साथ अन्याय है। भाजपा नेताओं का कहना है कि आउटसोर्स कंपनियां स्वयं यह स्वीकार कर रही हैं कि चयन सूचियां संबंधित क्षेत्र के मंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जा रही हैं और वहीं से अंतिम चयन होगा। उन्होंने पटवारी भर्ती में भी फीस के नाम पर गरीब और शिक्षित युवाओं के शोषण का आरोप लगाते हुए प्रदेश सरकार पर जनता की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

# नावर में पंचायत और सामुदायिक भवन का लोकार्पण

## शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर बोले- पुजारली-4 को मिली नई पहचान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** ग्रामीण विकास और स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाने की दिशा में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने नावर क्षेत्र के पुजारली-4 में नवनिर्मित पंचायत एवं सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। 65 लाख रुपए की लागत से तैयार यह भवन पंचायत स्तर पर प्रशासनिक कार्य सुचारु करने के साथ-साथ सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियों के लिए भी एक प्रभावी मंच प्रदान करेगा। लोकार्पण समारोह में पूरे क्षेत्र में उत्साह और संतोष का माहौल देखने को मिला।



पंचायत भवन का लोकार्पण करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। अनंत ज्ञान

शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह भवन निर्धारित समय से पहले पूर्ण हुआ है, जो विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसी की कार्यकुशलता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की संरचनाएं पंचायती राज संस्थाओं की कार्यकुशलता बढ़ाती हैं और आमजन को सरकारी सेवाओं तक आसान पहुंच उपलब्ध कराती हैं।

इससे पहले मंत्री ने नावर के रुद्र मंदिर में शीश नवाकर क्षेत्र की खुशहाली और विकास की कामना की। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 127 करोड़ रुपए की परियोजनाएं, शिक्षा विभाग में 20 करोड़ रुपये के भवन निर्माण और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 50 करोड़ रुपए के कार्य प्रगति पर हैं।

बीते तीन वर्षों में उपमंडल टिक्कर में 45 किलोमीटर नई सड़कें बन चुकी हैं। बिजली विभाग के तहत 125 करोड़ रुपए के कार्य जारी हैं, जिसमें नावर क्षेत्र के लिए 40 नए ट्रांसफार्मर स्वीकृत किए गए हैं। जल शक्ति विभाग के तहत 50 करोड़ रुपए के कार्य पूरे हो चुके हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुजारली-4 और पशु औषधालय भवन का निर्माण भी जारी है।

इस अवसर पर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा, ग्राम पंचायत पुजारली-4 की प्रधान लाजवंती, उपप्रधान चुनी लाल, बीडीसी सदस्या ज्ञानपति, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के मुनि लाल नरसेठ, युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक कालटा, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता ओम प्रकाश रांटा, एसडीएम रोहडू धर्मेश रामोत्रा, बीडीओ रोहडू देवी दयाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक 18 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक 18 जनवरी, रविवार को सुबह 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, मंत्रीमंडल के सदस्य और विधायक विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष अमित नंदा ने बताया कि बैठक में विभाग के प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर के सभी पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक में कांग्रेस संगठन की मजबूती में अनुसूचित जाति विभाग की भागीदारी पर विस्तार से मंथन होगा और प्रदेश में मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की है।

# सर्वपल्ली राधाकृष्णन संस्थान में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व



सर्वपल्ली राधाकृष्णन संस्थान में सामूहिक चित्र में शिक्षक व स्टूडेंट्स। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड/एमएड संस्थान नोगली (बलना) रामपुर बुशहर में लोहड़ी पर्व बड़े धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षुओं व शिक्षकों ने मिलकर लोहड़ी की परंपराओं को मनाया और एकजुट होकर इस पर्व में मिठाई बांट कर एवम नृत्य के द्वारा भरपूर मनोरंजन किया गया ।

इस विशेष अवसर पर प्रोफेसर राजिंद्र सिंह यादव, प्रोफेसर संदीप बेरवाल व सहायक प्रोफेसर पारूल वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अग्नि पूजन से हुई जिसके बाद प्रशिक्षु और शिक्षक लोहड़ी की पारंपरिक आग के चारों ओर एकत्रित हुए।

उन्होंने इस पर्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लोहड़ी का पर्व हमें परिश्रम, सौहार्द और एकता की शिक्षा देता है। लोहड़ी का त्योहार न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह कृषि और प्रकृति के साथ जुड़ा हुआ भी है। यह पर्व हमें नई शुरुआत और खुशियों का संदेश देता है। यह पर्व किसानो की मेहनत और फसल की कटाई का प्रतीक है जो हमें कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा देता है। संस्थान की प्रधानाचार्या डॉ. सीमा भारद्वाज ने अपने वक्तव्य में कहा कि लोहड़ी पर्व न सिर्फ उतरी भारत का प्रमुख त्यौहार है बल्कि देश के अन्य हिसो में भी विभिन स्वरूपों में मनाया जाता है।

# आईटीआई अप्रेंटिस के 120 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 20 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला रोजगार अधिकारी शिमला प्रवीन नगराईक ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय शिमला द्वारा महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के स्वराज डिवीजन प्लांट-1, फेस-4 मोहाली, पंजाब के लिए आईटीआई अप्रेंटिस के 120 पदों को भरने हेतु 20 जनवरी 2026 को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह इंटरव्यू जिला रोजगार कार्यालय शिमला में प्रातः 11 बजे से होगा, जिसमें योग्य अभ्यर्थियों को सीधे चयन प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए पेंटर, फिटर, ट्रैक्टर मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर/मैकेनिस्ट तथा डीजल मैकेनिक ट्रेड में आईटीआई पास या मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल में डिप्लोमा होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से कम होनी चाहिए तथा पुरुष और महिला दोनों आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों और रिज्यूमे सहित निर्धारित तिथि को उपस्थित हों। साथ ही रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है, जो आधिकारिक वेबसाइट पर घर बैठे किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए 74091-76699 और 97797-77751 पर संपर्क किया जा सकता है।

**सरगर्मी** — नए-पुराने चेहरों में कड़ा मुकाबला, 22 जनवरी को होगा मतदान

# हिमाचल प्रदेश सचिवालय एसो. चुनाव का बजा बिगुल

अनंत ज्ञान





**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सचिवालय एसोसिएशन के चुनाव की औपचारिक घोषणा के साथ ही सचिवालय परिसर में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब तस्वीर पूरी तरह साफ हो चुकी है और विभिन्न पदों के लिए मैदान में उतरे उम्मीदवारों के नाम सामने आ गए हैं। इस बार चुनावी मुकाबले में अनुभवी चेहरों के साथ-साथ कुछ नए नाम भी मजबूती से उभरे हैं, जिससे चुनाव रोचक और बहुकोणीय बन गया है। 22 जनवरी को मतदान होगा और शाम को ही मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।

जानकारी के अनुसार अध्यक्ष से महासचिव तक, प्रमुख पदों पर मैदान में अध्यक्ष पद के लिए राजिंदर सिंह मियां और रमन शर्मा के बीच सीधा मुकाबला है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दिनेश कुमार, विपिन कुमार और राकेश भारद्वाज चुनावी मैदान में हैं।

उपाध्यक्ष पद के लिए हुकम सिंह (हूकी), सुश्री कृष्णा ठाकुर और संजय कुमार अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। महासचिव पद पर प्रेम धर्मा और विजेंद्र सिंह के बीच कड़ा संघर्ष माना जा रहा है। संयुक्त सचिव पद के लिए रतन सिंह और कुलदीप सिंह मैदान में हैं, जबकि कोषाध्यक्ष पद पर कुलदीप कुमार निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।

कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए कुल बारह उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें मंगत राम, सौरव कुमार, मयंक, इंद्र देव, सुख देव, मोहितेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, सुमित कुमार, आशीष कुमार, आकाश, देविंदर और रजत शर्मा शामिल हैं। बड़ी संख्या में उम्मीदवारों की मौजूदगी यह संकेत देती है कि संगठन के भीतर सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व को लेकर गहरी रुचि है। कर्मचारी वर्ग की उम्मीदें इस बार ऐसे नेतृत्व से जुड़ी हैं जो सेवा शर्तों, पदोन्नति, स्थानांतरण और कार्यस्थल से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाए।

### चुनाव के महत्व व संभावनाओं को लेकर चर्चाओं का बाजार गरम

**यह** चुनाव पदों की लड़ाई के साथ-साथ सचिवालय कर्मचारियों की भावी रणनीति और सरकार के साथ संवाद की दिशा भी तय करेगा। माना जा रहा है कि अनुभव और संगठनात्मक पकड़ रखने वाले उम्मीदवारों को बढ़त मिल सकती है, वहीं युवा और सक्रिय चेहरों को भी कर्मचारियों के एक वर्ग का समर्थन मिल रहा है। मतदान प्रतिशत और अंतिम घंटों की रणनीति परिणाम को निर्णायक रूप से प्रभावित कर सकती है।

### मतदान और परिणाम का कार्यक्रम

**मतदान** 22 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक होगा, जबकि मतगणना और परिणाम उसी दिन शाम 5.30 बजे के बाद घोषित किए जाएंगे। सचिवालय एसोसिएशन का यह चुनाव कर्मचारियों की आवाज और संगठन की ताकत का आईना माना जा रहा है, जिस पर पूरे कर्मचारी वर्ग की नजरें टिकी हुई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सुरक्षा बीमा योजना व फ्रॉड से बचने की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा अपर लंबागांव के शाखा प्रबंधक साहिल जैन के द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से एफएलसी का आयोजन किया गया। जिसमें सेल्फ हेल्प ग्रुप के प्रधान सचिव व सदस्य उपस्थित रहे। इसमें बैंक से दिए जाने वाले सभी ऋण और सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ समय-समय पर हो रहे फ्रॉड से बचने की जानकारी भी दी गई। इस कैंप का आयोजन गांव मनियाड़ व पंचायत झुंगा देवी में किया गया। जिसमें प्रधान रणवीर सिंह वार्ड मेंबर निशा कुमारी वंदना कुमारी अनिल कुमार व अन्य गांव वासी उपस्थित रहे।

### सन्हूं में बैंक ने लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की ग्राम पंचायत सन्हूं में कांगड़ा सैंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक गढ़ जमूला की ओर से वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पंचायत प्रधान शशि बाला द्वारा की गई। बैंक प्रबंधक सुनील राणा उपप्रबंधक अनिल कुमार द्वारा स्थानीय लोगों को बैंक की योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें मुख्यतः ई-केवाईसी, कृषि ऋण, स्वयं सहायता समूह और डिजिटल अरेस्ट से संबंधित जानकारी दी गई। शिविर में लगभग 80 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पंचायत के उपप्रधान संतोष कुमार के साथ-साथ अन्य पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### शहीद सुरजीत सिंह डडवाल की पुण्यतिथि मनाई

**अनंत ज्ञान, देहरा।** अनंत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोअर सुनहेत में वीर शहीद सुरजीत सिंह डडवाल की 49वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और तस्वीर के समक्ष ज्योति प्रज्वलन से हुई। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की सुंदर प्रस्तुतियां दी। शहीद के माता-पिता ईश्वरी देवी व हुकम सिंह, प्रधान आशा डडवाल, पूर्व सैनिक, गणमान्य व्यक्ति एवं विशेष अतिथि एनआरआई ठाकुर रक्षपाल सिंह डडवाल और धर्मपत्नी सुदर्शन देवी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने शहीद के बलिदान और साहस पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से संपन्न हुआ। मंच संचालक भूपेंद्र सिंह डडवाल द्वारा प्रस्तुत गीत ने सभी की आंखों में आंसू ला दिए।

# सेना दिवस पर पूर्व सैन्य अधिकारी बोले- सेना हमेशा देश के लिए तत्पर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** देशभर में सेना दिवस वीरवार को उल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग कार्यक्रम सेना दिवस पर आयोजित किए गए। कई जगह जहां इस दौरान परेड का आयोजन किया गया। वहीं, कई जगह शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की सेना दिवस मनाया गया। इस दौरान पूर्व सैन्य अधिकारियों ने कहा कि सेना हमेशा देश के लिए तत्पर है। सेना दिवस आयोजन हो लेकर सैनिक वर्ग में खुशी का माहौल रहता है। गौरतलब है कि भारतीय सेना दिवस 15 जनवरी को मनाने के पीछे एक ऐतिहासिक महत्व है। यह दिन फील्ड मार्शल केएम करियप्पा के सम्मान में मनाया जाता है। उन्होंने 15 जनवरी 1949 को भारतीय सेना की कमान संभाली थी। वह भारत के पहले सेना प्रमुख बने थे और उन्होंने देश की स्वतंत्रता के बाद सेना का नेतृत्व किया था।

अनंत ज्ञान सेना दिवस

### अनुशासन की मिसाल कायम करती है सेना : कर्नल जीत



**धर्मशाला** निवासी सेवानिवृत्त कर्नल जीत बहादुर ने सेना दिवस पर कहा कि सेना हमेशा देश के लिए तत्पर है, साथ ही देश के नागरिकों के लिए भी तत्पर है। देश की जो पहली सिक्योरिटी लाइन सेना है। किसी भी संस्थान के लिए अनुशासन बेहद जरूरी है, अनुशासन की मिसाल जो सेना कायम करती है, उससे सभी भलीभांति वाकिफ हैं। जिला कांगड़ा का भी सेना से गहरा नाता रहा है, पहले परमवीर चक्र विजेता सोमनाथ शर्मा जिला कांगड़ा से संबंधित थे। हिमाचल को वीरभूमि भी कहा जाता है, जिला के युवाओं में भी सेना में जाने की उत्सुकता रहती है, हर युवा सेना में जाकर देशसेवा करना चाहता है।

### सेना सबसे अनुशासित : अश्वनी



**धर्मशाला** के रहने वाले सेवानिवृत्त ऑनरेरी कैप्टन अश्वनी कुमार थापा ने कहा कि आज सेना दिवस मनाया जा रहा है, यह आयोजन जब मनाया जाता है तो बहुत खुशी होती है, गर्व होता है कि सेना दिवस उल्लास से मनाया जाता है। मेरे पिता स्वर्गीय नारायण सिंह थापा भी पहले आर्मी में थे बाद में देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानी बने। वर्ष 1971 की लड़ाई में लड़ चुका हूं। सेना बहुत अनुशासित है, इसमें कोई दो राय नहीं है। फौजी आदमी के लिए आर्मी और सिविल का कानून लागू होता है, दोनों कानूनों को मानते हुए फौज आगे बढ़ती है।

### आर्मी के पहले जनरल व फील्ड मार्शल थे केएम करियप्पा : जय गणेश



**धर्मशाला** निवासी सेवानिवृत्त कर्नल जय गणेश सिंह आज पूरे देश में सैन्य संस्थाओं में 15 जनवरी का दिन पूरे उल्लास के साथ मनाया जाता है। सबसे पहले जनरल केएम करियप्पा ने 15 जनवरी 1949 को इंडियन आर्मी को टेकओवर किया था। पहले ब्रिटिश आर्मी थी, जबकि इंडियन आर्मी के केएम करियप्पा पहले जनरल बने थे और बाद में फील्ड मार्शल बने थे। केएम करियप्पा पहले जनरल थे, जो फील्ड मार्शल भी बने थे। सेना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, कई जगह परेड का आयोजन किया जाता है, जबकि कई जगह इस दिन शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है। सेना दिवस पर हर सैनिक व पूर्व सैनिक गर्व महसूस करते हैं।

### उपमंडल स्तर पर 78वां सेना दिवस मनाया, बच्चों ने लूटी वाहवाही

# उपमुख्य सचेतक पठानिया ने शाहपुर में किया शहीद स्मारक का शिलान्यास

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** शाहपुर में पहली बार उपमंडल स्तर पर 78वां सेना दिवस भव्यता और गरिमा के साथ मनाया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने तिरंगा फहराया तथा परेड की सलामी ली। परेड में शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न भागों से आए पूर्व सैनिकों, एनसीसी कैडेट्स तथा होमगार्ड्स बैंड ने भाग लेकर पूरे वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया।

एनसीसी कैडेट्स और पूर्व सैनिकों द्वारा प्रस्तुत भव्य मार्च-पास्ट कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर प्रदेश में उपमंडल स्तर पर बनने वाले पहले शहीद स्मारक का शिलान्यास किया, जो लगभग 40 लाख रुपए की लागत से निर्मित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश केवल देवभूमि ही नहीं, बल्कि वीरभूमि भी है। प्रदेश की जनसंख्या कम होने के बावजूद भारतीय सेना में हिमाचल का योगदान अत्यंत गौरवपूर्ण रहा है। हिमाचल प्रदेश देश को अब तक 4 परमवीर चक्र दे चुका है और स्वतंत्रता के बाद से अब तक 1728 वीर सैनिकों ने देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर किए हैं।



शाहपुर में पहली बार उपमंडल स्तर पर 78वां सेना दिवस गरिमा के साथ मनाया। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जी ने भी सेना दिवस के इस पावन अवसर पर अपनी शुभकामनाएं भेजी हैं। पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार वीर नारियों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है। इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए शाहपुर के वीर जवान पवन कुमार के पिता गरज सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने बताया कि इस शहीद स्मारक में सैनिक लीग की अनुशंसा पर शहीदों के नाम अंकित किए जाएंगे तथा शीघ्र ही शाहपुर में ईसीएचएस भवन का निर्माण भी करवाया जाएगा। शाहपुर के एसडीएम करतार चंद ने मुख्य अतिथि एवं सभी पूर्व सैनिकों का स्वागत करते हुए कहा कि यह शाहपुर के लिए गर्व का दिन है। उन्होंने पूर्व सैनिकों को सदैव सम्मान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर शाहपुर सैनिक लीग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्नल जय सिंह, लंज सैनिक लीग के प्रधान कपूर सिंह तथा चंगर क्षेत्र की सैनिक लीग के प्रधान विक्रम गुलेरिया ने भी अपने विचार रखे और आयोजन के लिए विधायक केवल सिंह पठानिया का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई तथा स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

## नीतिका ने बढ़ाया जिला कांगड़ा का मान आपदा मित्र के रूप में मिला राष्ट्रीय सम्मान



26 को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिला एक बार फिर गौरवान्वित हुआ है। देहरा उपमंडल की निवासी नीतिका ने अपने समर्पण, निस्वार्थ सेवा और अनुकरणीय कार्यों के माध्यम से न केवल अपने क्षेत्र बल्कि पूरे कांगड़ा जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। नीतिका पिछले तीन वर्षों से आपदा मित्र के रूप में कांगड़ा जिले में पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और सेवाभाव के साथ सेवाएं प्रदान कर रही हैं। बीते तीन वर्षों के दौरान जिले में आई विभिन्न आपदाओं के समय नीतिका ने दिन-रात बिना किसी स्वार्थ के अपनी सेवाएं दीं।

आपदा के दौरान प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाना, राहत एवं बचाव कार्यों में सक्रिय सहयोग करना, जरूरतमंदों तक भोजन एवं आवश्यक सामग्री पहुंचाना तथा पशुओं के रेस्क्यू जैसे चुनौतीपूर्ण कार्यों में भी उन्होंने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। नीतिका ने साहस, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों का परिचय देते हुए अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन किया। नीतिका की सेवाएं केवल दायित्वों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि वे आपदा प्रभावित परिवारों के लिए आशा, भरोसे और संबल का स्रोत बनीं। उनकी इस निरंतर एवं सराहनीय सेवा के परिणामस्वरूप उन्हें एक गौरवपूर्ण राष्ट्रीय अवसर प्राप्त हुआ है। नीतिका को 26 जनवरी को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

एडीएम शिल्पी बेक्टा ने नीतिका को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नीतिका जैसी समर्पित आपदा मित्र जिले के लिए प्रेरणास्रोत हैं तथा उनका कार्य अन्य युवाओं को भी समाज सेवा एवं आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने नीतिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

## फिजियो सॉल्यूशंस ने शीला चौक पर वेलनेस सेंटर किया शुरू

अनंत ज्ञान

**गगल।** जागोरी ग्रामीण चैरिटेबल ट्रस्ट ने फिजियो सॉल्यूशंस शीला चौक के साथ मिलकर एक वेलनेस सेंटर की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य समुदाय के लोगों को फिजियोथेरेपी सेवाएं और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सहायता उपलब्ध कराना है। यह पहल खासतौर पर गरीब, बुजुर्ग और दिव्यांग समुदाय के लोगों के लिए शुरू की गई है, ताकि उन्हें फिजियोथेरेपी और मानसिक स्वास्थ्य परामर्श जैसी मदद मिल सके।

यह सेंटर समुदाय के लोगों की सेहत और भलाई के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण चैरिटेबल ट्रस्ट की डायरेक्टर आभा भैया ने कहा कि यह सेंटर आप सभी के लिए खोला गया है। उन्होंने लोगों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अगर किसी को घुटनों में दर्द, कमर दर्द या शरीर में किसी तरह की परेशानी है तो वे यहां आकर इलाज/थेरेपी करवा सकते हैं और घर पर भी अभ्यास कर सकते हैं। फिजियो सॉल्यूशंस की संस्थापक डॉ. रिभा ने समुदाय के लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि आपको किसी भी परेशानी को छुपाने की जरूरत नहीं है। आप हमें अपने परिवार की तरह समझें। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आपको यहां से फायदा हो, तो आप इसकी जानकारी अपने आसपास के लोगों को भी दें ताकि ज्यादा लोग मदद ले सकें। स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर आशा ने आभा भैया का धन्यवाद किया।

# पशु विशेषज्ञों की टीम ने लंबागांव क्षेत्र में की बीमार पशुओं की जांच



लंबागांव क्षेत्र के गांवों में जाकर बीमार पशुओं की जांच करती पशु विशेषज्ञों की टीम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** लंबागांव क्षेत्र में दुधारू पशुओं में फैली अज्ञात बीमारी को लेकर पशुपालकों की चिंता अब कुछ हद तक कम हुई है।

हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर से वीरवार को पशु विशेषज्ञों की एक टीम मौके पर पहुंची और प्रभावित गांवों में जाकर बीमार पशुओं की जांच की। पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक डा. अनीश कुमार के नेतृत्व में पहुंची इस पांच सदस्यीय विशेषज्ञ टीम में डॉ. अंकुर शर्मा, डॉ. दिव्याना शर्मा, डॉ. मोनिका भारद्वाज और डॉ. सोनाली मिश्रा शामिल रहीं। टीम ने क्षेत्र के चोहला, तरेहला, हरडोण, भाटी, हार, जगनी जाड़, सोल वनेहड़ व पडेहड़ गांवों में जाकर बीमार पशुओं के नमूने लिए, जिन्हें विस्तृत जांच के लिए पालमपुर ले जाया गया है। गौरतलब है कि इस अज्ञात बीमारी के चलते अब तक क्षेत्र में चार गऊओं, एक भेड़ और एक बकरी की मौत हो चुकी है, जबकि भैंसों और भेड़ों सहित आठ पशु अभी भी इसकी चपेट में बताए जा रहे हैं। इस अवसर पर लंबागांव पशुपालन विभाग के चिकित्सक डा. मुकेश ठाकुर भी मौजूद रहे।

## मंडी में गठित यूनियन को बताया असंवैधानिक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी महासंघ हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मनजीत धीमान, महासचिव सुनील शर्मा व प्रेस सचिव राज महाजन ने मंडी में गठित तथाकथित यूनियन को असंवैधानिक व अवैध करार देते हुए सिरे से खारिज किया है। संयुक्त बयान में उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में एनएचएम कर्मचारियों का केवल एक ही मान्यता प्राप्त संगठन है, जो मनजीत धीमान के नेतृत्व में कार्य कर रहा है। मंडी में संगठन बनाने का दावा कर्मचारियों को गुमराह करने और एकता तोड़ने की साजिश है। उन्होंने कहा कि बिना प्रदेश नेतृत्व की उपस्थिति व अनुमति के लिया गया यह निर्णय संगठन के संविधान का उल्लंघन है। मात्र 60-70 कर्मचारियों की मौजूदगी में बनाए गए संगठन को हजारों एनएचएम कर्मचारियों की आवाज बताना भ्रामक है। प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से ऐसे असंवैधानिक संगठनों पर कड़ा संज्ञान लेने की मांग की है। साथ ही कर्मचारियों से अपील की गई कि वे ऐसे षड्यंत्रों से दूर रहकर केवल एनएचएम कर्मचारी महासंघ हिमाचल प्रदेश के बैनर तले एकजुट रहें।

◆ सीएम से किया ऐसे संगठनों पर संज्ञान लेने का आग्रह

# कांग्रेस सरकार में समन्वय का अभाव उजागर

## बयानों की गलत व्याख्या से बढ़ा विवाद, सरकार स्पष्टता लाए : विपिन परमार

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस सरकार के भीतर उपजे प्रशासनिक विवाद और मंत्रियों के आपसी विरोधाभासी बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरा प्रकरण किसी एक व्यक्ति से अधिक, सरकार की दिशा और नियंत्रण की कमजोरी को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि आईएएस और आईपीएस जैसी प्रतिष्ठित संवैधानिक सेवाओं का सार्वजनिक रूप से सामने आना इस बात का संकेत है कि कांग्रेस सरकार प्रशासन और मंत्रियों के बीच संतुलन व संवाद बनाए रखने में असफल रही है। परमार ने कहा कि मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बयान को लेकर जो स्थिति बनी, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। यह स्पष्ट है कि बयान की व्याख्या और प्रस्तुति को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हुई, लेकिन इससे बड़ा प्रश्न यह है कि कांग्रेस सरकार में ऐसा कोई तंत्र क्यों नहीं है जो समय रहते स्थिति को स्पष्ट कर सके। उन्होंने कहा कि जब सरकार स्वयं अपने मंत्रियों और प्रशासन के बीच स्पष्ट लाइन ऑफ कमांड तय नहीं करती, तो ऐसे विवाद स्वाभाविक रूप से सामने आते हैं।



परमार ने कहा कि एक ओर पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह प्रशासन को लेकर बयान दे रहे हैं, दूसरी ओर पीडब्ल्यूडी मंत्री के बयान पर अलग व्याख्याएं सामने आ रही हैं। यह कांग्रेस सरकार की सामूहिक विफलता है कि मंत्रियों के शब्द सरकार की नीति की बजाय व्यक्तिगत राय के रूप में सामने आ रहे हैं। आईएएसऔर आईपीएस अधिकारी किसी राज्य या क्षेत्र के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि संविधान के प्रतिनिधि होते हैं। उनके समर्पण और निष्ठा पर सवाल उठना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के सम्मान और मनोबल की रक्षा करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है, जिसमें कांग्रेस सरकार पूरी तरह चूकती नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी भी मंत्री के शब्दों की गलत व्याख्या के बहाने प्रशासन को निशाना बनाने की राजनीति नहीं करेगी, लेकिन सरकारी विफलताओं पर चुप भी नहीं बैठेगी। विपिन सिंह परमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता यह देख रही है कि कहां सुशासन है और कहां भ्रम, टकराव और दिशाहीनता। आने वाले समय में जनता इसका लोकतांत्रिक जवाब अवश्य देगी।

## पठानकोट नगर निगम कर्मचारियों की सैलरी न मिलने पर जताया रोष

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** ऑल इंडिया सफाई मजदूर यूनियन (रजि. 44) ने नगर निगम कार्यालय में गेट रैली आयोजित कर कर्मचारियों की सैलरी न मिलने और काम के सही वितरण की मांग उठाई। यूनियन के अध्यक्ष रमेश गिल काटो, चेयरमैन स्वर्ण, कोषाध्यक्ष सुदेश गिल व जनरल सेक्रेटरी राजेश कुमार ने बताया कि कई महीनों से सफाई कर्मचारी, सीवरमैन और ड्राइवरों को समय पर सैलरी नहीं मिल रही। हाई कोर्ट के आदेशों के बावजूद नए कर्मचारियों को सही ड्यूटी नहीं दी जा रही। यूनियन ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर संघर्ष तेज होगा, जिसमें धरना, भूख हड़ताल और काम बंद शामिल हैं।

**मीटिंग** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह, जीरो फेटैलिटी लक्ष्य पर केंद्रित समीक्षा बैठक आयोजित, डीसी बोले-

# जीरो फेटैलिटी के लिए डाटा आधारित रणनीति पर विशेष फोकस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अंतर्गत उपायुक्त कार्यालय स्थित एनआईसी सभागार में सड़क सुरक्षा की वर्तमान स्थिति तथा ज़ीरो फेटैलिटी समाधानों के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य सचिव (परिवहन) आरडी नजीम ने शिमला से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इस अवसर पर उपायुक्त हेमराज बैरवा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक से जुड़े। एनआईसी सभागार, धर्मशाला में अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनीष सोनी, डॉ. महिमा कौल, उच्च शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारी सुधीर भाटिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। डीसी ने बताया कि जिले में आई-राईड एप्लीकेशन के माध्यम से सभी सड़क दुर्घटनाओं का समग्र डाटा एकत्र किया जा रहा है तथा प्रत्येक दुर्घटना का ऑडिट सुनिश्चित किया जा रहा है। एकत्रित डाटा के आधार पर दुर्घटना स्थलों पर मौजूद सड़कों से संबंधित संरचनात्मक कमियों की पहचान कर उन्हें संबंधित एजेंसियों के साथ साझा किया जा रहा है, ताकि समयबद्ध सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों एवं गंभीर चोटों की संख्या में प्रभावी कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि जीरो फेटैलिटी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय, वैज्ञानिक डाटा विश्लेषण, दुर्घटना स्थलों का सुधार (ब्लैक स्पॉट सुधार), सड़क इंजीनियरिंग में सुधार, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की सुदृढ़ता तथा जन-जागरूकता अभियानों को प्राथमिकता दी जा रही है। सड़क सुरक्षा नियमों के कड़े अनुपालन, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग और नशे में वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु और गंभीर चोटों की संख्या को कम करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए विभिन्न विभागों को संयुक्त प्रयास करते हुए तकनीक आधारित समाधान, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली और निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है।

## डीसी ने किया राज्यत्व दिवस समारोह स्थल का निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, देहरा।** हिमाचल प्रदेश के राज्यस्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस पर समारोह का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र), परागपुर में किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आज बचत भवन, देहरा में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने की। बैठक में समारोह के आयोजन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त कांगड़ा ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के उपरांत उपायुक्त कांगड़ा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र), परागपुर के खेल मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन स्थल पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुरिंद्र सिंह मनकोटिया, पुलिस अधीक्षक देहरा मयंक चौधरी, एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग हरबंस लाल शर्मा, अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग जसवां प्यारे लाल, वन मंडल अधिकारी सनी वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा। अनंत ज्ञान

## धीरा उपमंडल में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर की बैठक

**अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल धीरा के अंतर्गत उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस के आयोजन के लिए बैठक का आयोजन एसडीएम धीरा सलीम आजम की अध्यक्षता में किया गया। गणतंत्र दिवस के आयोजन के संबंध में विभिन्न निर्णय लिए गए और कमेटियों का गठन भी किया गया। इस बैठक में उपमंडल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों को कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए। उपमंडल के अंतर्गत आने वाले शहीद परिवारों को सम्मानित किए जाने का भी निर्णय लिया गया। एसडीएम ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की विभिन्न इकाइयां परेड में भी हिस्सा लेंगी। बैठक में तहसीलदार धीरा शिखा, कार्यालय अधीक्षक अमित राणा, प्रधान धीरा कविता धरवाल, किशोरी लाल मेहता, अजय डोहर, एसडीओ जलशक्ति डिंपल कुमार,कनिष्ठ अभियंता लोक निर्माण संजय धीमान, कनिष्ठ अभियंता विद्युत लोकेश पठानिया, प्रधानाचार्य विजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## डाडासीबा में पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट की राज्य स्तरीय बैठक 21 को

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले के डाडासीबा में आगामी 21 जनवरी 2026 को हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट की भव्य राज्य स्तरीय बैठक आयोजित होगी। जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ की मेजबानी में आयोजित की जा रही इस अहम सभा को लेकर प्रदेशभर के पेंशनर्स में अभूतपूर्व उत्साह व्याप्त है। तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं, जो इसे ऐतिहासिक बनाने का संकल्प दर्शा रही हैं। प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने बताया कि जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष कृष्ण स्वरूप शर्मा एवं जनरल सेक्रेटरी सोमराज गर्ग इस बैठक को अद्वितीय एवं ऐतिहासिक बनाने हेतु जिले के हर ब्लॉक के पदाधिकारियों के साथ सतत समन्वय स्थापित कर पूरी प्रतिबद्धता और शिद्दत से जुटे हैं। संगठनात्मक मजबूती इस बैठक को अविस्मरणीय बनाने का मजबूत आधार बनेगी।



भंडारी ने कहा कि यह बैठक पेंशनर्स की लंबित मांगो, पेंशन विसंगतियों, बकाया देयकों, समयबद्ध भुगतान, महंगाई राहत एवं सम्मानजनक जीवन-यापन को एकजुट स्वर में सरकार तक फिर से पहुंचाने का सुनहरा मंच साबित होगी। हाल ही पेंशनर्स दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ हुए सकारात्मक एवं सार्थक संवाद से समुदाय में नई उम्मीद जगी है। पेंशनर्स को पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश सरकार उनके न्यायोचित अधिकारों विशेष रूप से जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के कालखंड दौरान रिटायर हुए पेंशनर्स के रुके हुए वित्तीय लाभों पर ठोस कदम उठाएगी।

# छात्रा मौत मामला : पूछताछ जारी पहेलियों को सुलझाने में जुटी पुलिस

◆ जांच में सामने आ रहे हर पहलू पर फोकस कर रही पुलिस

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की छात्रा मौत मामले में पुलिस विभाग की ओर से रैंगिंग-यौन उत्पीड़न को लेकर पूछताछ लगातार जारी है। इस मामले में अब भी कई पहेलियां बनी हुई हैं, जिन्हें सुलझाने को लेकर पुलिस डटी हुई है। मामले में मेडिकल रिपोर्ट व डिजिटल साक्ष्यों की गहनता से जांच पड़ताल भी फॉरेंसिक लैब व टांडा मेडिकल कॉलेज में बने बोर्ड में जारी है।

जानकारी के अनुसार छात्रा मौत मामले को सुलझाने के लिए वीरवार को भी पुलिस द्वारा मामले को लेकर गहन पहलू एकत्रित करने को लेकर पूछताछ का दौर जारी रहा। बताया जा रहा है कि जांच में सामने आ रहे हर पहलू पर फोकस करते हुए पुलिस विभाग इस मामले की गुत्थी को सुलझाने में जुटा हुआ है। अब आरएफएसएल जांच द्वारा बाकी बची डिजिटल रिपोर्ट व मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट का इंतजार है। गौरतलब है कि धर्मशाला कॉलेज की 19 वर्षीय छात्रा की 26 दिसंबर को संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के बाद इस मामले ने 31 दिसंबर व एक जनवरी को वीडियो वायरल होने के बाद तूल पकड़ा था। इसके पश्चात एक जनवरी को धर्मशाला कॉलेज की चार छात्राओं के खिलाफ रैंगिंग व मारपीट करने के आरोपों में तथा एक प्रोफेसर पर शारीरिक उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद यूजीसी, महिला आयोग व राज्य शिक्षा निदेशालय ने इस प्रकरण का संज्ञान लिया था। मामले में आरोपियों, कॉलेज सहपाठियों, शिकायतकर्ता के भी लगातार बयान दर्ज करवाए जा रहे हैं। उधर, एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि मामले को लेकर हर पहलू को लेकर गहन जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि मेडिकल बोर्ड व डिजिटल रिपोर्ट आने सहित जांच के आधार पर शीघ्र ही इस मामले को सुलझा लिया जाएगा।

# छात्रा के परिजनों को मिलेगा न्याय: कुलदीप धीमान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे कुलदीप कुमार धीमान ने बताया कि धर्मशाला में छात्रा मौत मामले में परिजनों को न्याय मिलेगा।

अपने पांच दिवसीय अधिकारिक दौरे पर धर्मशाला आए आयोग अध्यक्ष ने वीरवार को धर्मशाला के डीसी कांगड़ा कार्यालय में अनुसूचित जाति समुदाय संगठनों, एनजीओ व संबंधित जन प्रतिनिधियों के लिए आयोजित जागरुकता शिविर के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि छात्रा मौत मामले में सामने आ रहे हर पहलू पर लगातार आयोग अपनी नजर बनाए हुए है। राष्ट्रीय आयोग ने भी इस मामले में संज्ञान लिया है। इस मामले में परिवार को न्याय दिलाया जाएगा। आयोग अध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में पहले ही प्रदेश सरकार में आयुष विभाग व युवा खेल सेवाएं मंत्री यादवेंद्र गोमा छात्रा के परिजनों से मिल चुके हैं। साथ ही प्रदेश मुख्यमंत्री ने भी परिजनो से बात की है। इससे पहले शिविर के बारे में जानकारी देते हुए आयोग अध्यक्ष ने बताया कि जिला कांगड़ा के एससी समुदायों से सबंधित संगठनों, एनजीओ, पंचायत प्रतिनिधियों से जानकारी लेने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है। इसके माध्यम से विभिन्न एससी समुदाय प्रतिनिधियों से बैठक करके जानकारी एकत्रित की जाती है, जबकि एससी समुदायों के मुद्दों व शिकायतों से संबंधित मामलों को लेकर एक ऑनलाइन बेवसाइट का शुभारंभ प्रदेश मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है। इसमें ई-मेल के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। इसमें आने वाली शिकायतों पर आयोग द्वारा कार्रवाई की जाती है। इस दौरान आयोग सदस्य एडवोकेट दिग्विजय मल्होत्रा, सदस्य एडवोकेट विजय डोगरा, जिला परिषद सदस्य पंकज कुमार पंकू, प्रशासन की ओर से एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा आदि मौजूद रहे।



जागरुकता शिविर के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते कुलदीप कुमार। अनंत ज्ञान

## उठाया छात्रा मौत मामला

**शिविर** में धर्मशाला छात्रा मौत मामले को लेकर जिला परिषद सदस्य रूपरेखा, एससी संठगन प्रतिनिधि प्रकाश चंद भाटिया, महेंद्र आदि ने आयोग अध्यक्ष के समक्ष मुद्दा उठाते हुए जल्द न्याय की मांग रखी। साथ ही संगठन प्रतिनिधि सुखदेव विश्वप्रेमी ने बताया कि अनुसूचित जाति के मुद्दों की पैरवी को लेकर प्रदेश में एक मुद्दा आधारित सांझा मंच तैयार किया गया है। इसमें 27 से अधिक संगठन समुदाय के मुद्दों को उठा रहा है। आयोग अध्यक्ष कुलदीप ने बताया कि वीरवार को आयोजित जागरूकता शिविर में प्रतिनिधियों से एकत्रित विषयों को शुक्रवार को जिलास्तरीय अधिकारियों से होने वाली समीक्षा बैठक में अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा। जबकि जो विषय प्रदेश सरकार के समक्ष रखने वाले होंगे उन्हें प्रदेश सरकार के समक्ष रखा जाएगा।

# एससी कमीशन के अध्यक्ष और सदस्यों ने की छात्रा के परिजनों से मुलाकात

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार, सदस्य एडवोकेट विजय कुमार, एडवोकेट दिग्विजय मल्होत्रा ने वीरवार को सिद्धबाड़ी में धर्मशाला के सरकारी कॉलेज की दिवंगत छात्रा पल्लवी के माता- पिता से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों ने इस दुखद घटना पर शोक प्रकट करते हुए परिवारजनों को आश्वासन दिया कि उनकी बेटी को न्याय दिलाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए गहनता से जांच की जा रही है, ताकि सभी तथ्य स्पष्ट हो सकें और न्यायिक प्रक्रिया को मजबूती मिल सके।


छात्रा के माता-पिता से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### वेदव्यास परिसर में क्रीड़ा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर, बलाहर में राष्ट्रीय क्रीडा प्रशिक्षण कार्यक्रक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन महीने तक चलेगा। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों के खिलाड़ी खो-खो एवं कबड्डी का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पूरे देश में 13 परिसर है, जहां छात्र क्रमशः वेदव्यास परिसर में प्रशिक्षण के लिए उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में डॉ. संजय कुमार उपस्थित रहे। वहीं, सह निदेशक प्रो. मञ्जुनाथ व प्रो.मोहिनी अरोड़ा ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ.गौतम चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

### दो युवकों के साथ मारपीट, पुलिस जांच में जुटी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के तहत 14 जनवरी को मचलेहड़ में मोहिंद्र सिंह, अरविंद कुमार व सुनिल कुमार तीनों निवासी मचलेहड़ डाकघर सालन, तहसील थुरल ने प्रमोद सिंह व कल्याण चंद दोनों निवासी मचलेहड़ के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मौसम विज्ञान विभाग ने मनाया 151वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, गगल।** हवाई अड्डा परिसर गगल में वीरवार को मौसम विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मौसम विज्ञान विभाग की 151वीं वर्षगांठ मनाई। मौसम विभाग के प्रभारी विपिन शर्मा तथा मुख्य अतिथि हवाई अड्डा निदेशक अमित कुमार सकलानी की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। मौसम विज्ञान विभाग के प्रभारी विपिन शर्मा ने एयरपोर्ट पर स्थापित आधुनिक उपकरणों के बारे में अवगत करवाया तथा मौसम विज्ञान विभाग के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के हाल की उपलब्धियां, चक्रवात पूर्वानुमान की उच्च सटीकता, नए डॉप्लर राडारों की स्थापना और अन्य नई परियोजनाओं के बारे में उपस्थित गणमान्य अतिथियों को अवगत करवाया। हवाई अड्डा निदेशक अमित कुमार सकलानी ने कहा कि वर्तमान में मौसम विभाग की हर क्षेत्र में अहम भूमिका तो है, लेकिन विमानन संचालन मौसम विभाग के बिना लगभग असंभव ही है। इस अवसर पर मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारी शैलजा ठाकुर, अदीष जैन, वीर चंद, अभियांत्रिकी सिविल प्रभारी शैलेश सिंह, सीएनएस प्रभारी शनि आंचल, एयरलाइन प्रबंधकों सहित अन्य उपस्थित रहे।

# दाड़ी में नहीं लगेगा व्यापारिक मेला

## नगर निगम ने जारी की एडवाइजरी, धर्मशाला के व्यापारी लगातार कर रहे थे मेले का विरोध

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के दाड़ी मैदान में लगने वाले ट्रेड फेयर को लेकर व्यापारियों को राहत मिली है। व्यापार मंडल कोतवाली बाजार के अध्यक्ष अनुज कश्यप ने वीरवार को प्रेसवार्ता में कहा कि कार्निवाल के नाम पर जो व्यापारिक मेले धर्मशाला में आयोजित हो रहे थे, उसके खिलाफ व्यापारी वर्ग पिछले एक साल से लड़ाई लड़ रहा है।

इसके लिए व्यापारी, हर उस अधिकारी के पास गए, जिनके द्वारा व्यापारिक मेलों की परमिशन दी जाती है, उनसे ऐसा न करने का आग्रह किया जा रहा था। इसी सप्ताह से दाड़ी में लगने वाले व्यापारिक मेले का हमने विरोध करना शुरू कर दिया था। साथ ही नगर निगम मेयर से भी व्यापारिक मेले की परमिशन न देने का आग्रह किया था, जिनकी ओर से आश्वासन मिला था कि व्यापारी वर्ग के हितों का ध्यान रखा जाएगा। नगर निगम मेयर ने कमिश्नर से बातचीत उपरांत एडवाइजरी जारी कर दी है कि दाड़ी में व्यापारिक मेला नहीं चलेगा, जो कि व्यापारी वर्ग की जीत है।

मेयर ने यह आश्वासन दिया है कि भविष्य में धर्मशाला में यदि कोई व्यापारिक मेला लगता है तो इस संबंध में स्थानीय व्यापार मंडल से विचार विमर्श किया जाएगा। व्यापारी वर्ग ने उम्मीद जताई है कि धर्मशाला के व्यापार को देखते हुए नगर निगम धर्मशाला भविष्य में व्यापारिक मेलों जैसे आयोजन से पहले व्यापार मंडल को विश्वास में जरूर लेगा।


प्रेसवार्ता करते व्यापार मंडल कोतवाली बाजार के अध्यक्ष अनुज। अनंत ज्ञान

## व्यापारिक मेलों की अवधि पांच दिन निर्धारित

**नगर** निगम धर्मशाला के क्षेत्र में लगने वाले कमर्शियल मेलों की समयावधि 10 दिनों से घटाकर पांच दिन निर्धारित कर दी है। एमसी धर्मशाला ने निमयों में बदलाव करते हुए 10 दिनों की अनुमति को पूरी तरह से बंद कर दिया है। इसके साथ ही अब मात्र पांच दिन ही कमर्शियल ट्रेड फेयर व मेले धर्मशाला में लगाने की अनुमति दी जाएगी। इसमें मात्र दो दिन पहले मेला लगाने व दो दिन उखाड़ने के लिए रखे जाएंगे, जोकि कुल मिलाकर नौ दिन का समय रहेगा। इस बारे में नगर निगम धर्मशाला की महापौर नीनू शर्मा व आयुक्त जफर ईकबाल ने अहम बैठक में लिए गए निर्णय के बाद उक्त बात कही। इस दौरान धर्मशाला क्षेत्र से संबंधित कोतवाली बाजार, कचहरी अड्डा धर्मशाला व दाड़ी व्यापार मंडल के पदाधिकारी व सदस्य भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

# विधायक किशोरी ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के सेहल एवं घांगन गांव में विधायक किशोरी लाल ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। विधायक ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सेहल में नवनिर्मित कक्षों का उद्घाटन किया। इसके साथ लखदाता मंदिर में नवनिर्मित स्टेज का उद्घाटन किया। तत्पश्चात उन्होंने घांगन गांव में नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण किया। ि

वधायक ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर भवन, सुविधाएं और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी विद्यालयों के विकास के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक स्थल हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं। इनके विकास से न केवल आस्था मजबूत होती है, बल्कि सामाजिक एकता भी सुदृढ़ होती है। यह स्टेज भविष्य में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। घांगन में नवनिर्मित सडक़ लोकार्पण की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सडक़ें किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती हैं। अच्छी सड़कों से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलती है, व्यापार को बढ़ावा मिलता है और आपातकालीन सेवाएं भी सुलभ होती हैं। हमारी सरकार गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है और आने वाले समय में भी बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति और तेज की जाएगी।

# साल में दो बार नियमितकरण बहाल करने की उठाई मांग

◆ उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** अनुबंध अधिकारी एवं कर्मचारी के प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को उपमुख्य सचेतक व विधायक शाहपुर केवल सिंह पठानिया से उनके निवास स्थान पर मिला। इस अवसर पर अनुबंध कर्मचारी द्वारा सितंबर माह में नियमितीकरण की मांग उठाई गई।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कर्मचारियों का 2 साल का अनुबंध पीरियड सरकार द्वारा घोषित है, लेकिन जो कर्मचारी सितंबर 2024 से पहले नियुक्त हुए थे, अपना दो साल का अनुबंध कार्यकाल सितंबर 2026 तक पूरा कर रहे हैं, उन्हें नियमित होने के लिए मार्च 2027 तक इंतजार करना पड़ रहा है। इससे उन्हें नौ से दस माह अतिरिक्त सेवाएं बतौर अनुबंध कर्मचारी देनी पड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों पशुपालन विभाग, आयुर्वेद विभाग, जेओए, एचआरटीसी में हजारों अनुबंध कर्मचारियों और अधिकारियों की नियुक्ति हुई है तथा प्रदेश के कर्मचारी संगठनों द्वारा भी इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि अनुबंध कार्यकाल पूरा करते ही उन्हें नियमित किया जाए या साल में दो बार नियमित करने की पुरानी व्यवस्था को बहाल किया जाए। विधायक केवल पठानिया ने आश्वाशन दिया कि वह उनकी मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे तथा जल्द ही इसका हल निकलेगा। इस अवसर रवि, दीपक, निखिल सहित बड़ी संख्या में अनुबंध कर्मी मौजूद रहे।

# मनरेगा बचाओ संग्राम में सुलह के हर बूथ में जनता को करेंगे जागरूक : संजय चौहान



मनरेगा योजना का नाम बदले जाने के विरोध में बूथ स्तरीय अभियान की शुरुआत की गई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदले जाने के विरोध में प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान द्वारा वीरवार को बूथ स्तरीय अभियान की शुरुआत की गई।

संजय चौहान ने कहा है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के आदेशानुसार और प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनय कुमार के नेतृत्व में सुलह विधानसभा के हर एक बूथ केंद्र पर कार्यक्रम चलाया जाएगा। चौहान ने बताया कि भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे मनरेगा श्रमिकों के खिलाफ अत्याचार का चिट्ठा खोला जाएगा और जनता को जागृत भी किया जाएगा कि किस प्रकार केंद्र में भाजपा सरकार द्वारा जनता के लिए दमनकारी नीतियां तैयार की जा रहीं हैं और रोजग़ार, महंगाई व विकास के मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

संजय चौहान ने कहा कि मनरेगा गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के लिए रोजगार की गारंटी है। इस योजना का नाम बदलना केवल नाम परिवर्तन नहीं बल्कि मजदूरों की पहचान और उनके अधिकारों पर सीधा हमला है।

# मैनेजिंग कमेटी को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में और बैंक के बाई लॉ को बदलने की कवायद

## कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की बैठक में दो प्रस्ताव पारित

◆ दोनों प्रस्ताव अनुमति के लिए सरकार को भेजे गए

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक सीमित की 43वीं साधारण वार्षिक बैठक का आयोजन वीरवार को धर्मशाला में हुआ। बैठक की अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष राम चंद पठानिया ने की। बैठक में सर्वसम्मति से 2 प्रस्तावों को पारित किया गया। इसमें बैंक की मैनेजिंग कमेटी को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में बदलने को लेकर प्रस्ताव सरकार को भेजा।

वहीं, दूसरे प्रस्ताव में बैंक के बाई लॉ को बदलने को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया तथा अनुमति के लिए सरकार को भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार यदि सरकार बैंक दवारा भेजे गए प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे देती है तो कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि बैंक के निदेशकों का कुनबा बढ़ जाएगा। प्रस्ताव में सरकार द्वारा मनोनीत निदेशकों के अलावा कांगड़ा से 5 निदेशकों, हमीरपुर से 4 व ऊना जिला से 3 निदेशकों को बनाने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके अलावा बैंक के बाई लॉ को बदलने के प्रस्ताव के अनुसार बैंक को जोनों में बटने, कर्मचारियों का कैडर अलग करने व स्टाफ का पैटर्न बनाने का रखा गया है। प्रस्ताव के तहत यदि सरकार की सहमति मिल जाती है तो बैंक में कितनी पदों की जरूरत है बैंक खुद निशिचित करेगा तथा मंजूरी के लिए सरकार को भेजेगा। वहीं इस दौरान बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया ने बैंक की वार्षिक लेखा रिपोर्ट व उपलब्धियों से उपस्थित सदस्यों को अवगत करवाया तथा बताया कि बैंक ने सभी ऋण दोषी खाता धारकों के लिए एक मुश्त भुगतान की योजना 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दी है। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने 2 सुझाव दिए। जिसमें बैंक से ऋण लेने वाले उपभोक्ता जो समय से बैंक को ऋण वापिस कर देते को एक प्रतिशत ब्याज माफ करने की मांग रखी।

## मचलेहड में मां-बेटे के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अधीन 14 जनवरी को मचलेहड में प्रमोद सिहं व कल्याण चंद दोनों निवासी मचलेहड डाकघर सालन तहसील थुरल ने सुनिल कुमार व इसकी माता दोनों निवासी मचलेहड के साथ गाली-गलौज व मारपीट की। इस संदर्भ में मामला दर्ज किया गया। मामले की पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

**सौगात** ‘नशा छोड़ो, खेल खेलो’ क्रिकेट टूर्नामेंट में युवाओं को दिया नशे से दूर रहने का संदेश

# विधायक मलेंद्र ने किया पंचायत भवन का उद्घाटन

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने टप्पा पंचायत में 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित कॉमन सर्विस सेंटर सहौड़ा और 6 लाख रुपए से पंचायत टप्पा भवन के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन कर इसे जनता के लिए समर्पित किया। विधायक ने कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर क्षेत्रवासियों के लिए डिजिटल सेवाओं और सरकारी योजनाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करेगा, जबकि पंचायत भवन का नवीनीकरण ग्रामीण प्रशासन को और अधिक सक्षम बनाएगा।

विधायक ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि सहौड़ा से नारा सड़क, ब्राह्मणा-टप्पा सड़क और चंगराड़ा से मंदोली-मकडोली-रेहन सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा इन सड़कों का शिलान्यास किया गया है और जल्द ही ये बनकर तैयार होंगी, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सहजता और सुविधा मिलेगी। मलेंद्र राजन ने बताया कि क्षेत्र में 100 हैंडपंप लगाने के लिए सरकार को डीपीआर भेजी गई है और आवश्यकता अनुसार नए हैंडपंप लगाए जाएंगे। टप्पा पंचायत में अब तक लगभग 20 लाख रुपए के विकास कार्य पूरे किए जा चुके हैं। उन्होंने ट्रांसफार्मर को 20 केवी से 60 केवी में अपग्रेड करने, पुस्तकालय और ओपन जिम के निर्माण की भी घोषणा की। सरकारी उच्च विद्यालय, सहौड़ा में ओपन एयर जिम के लिए 3 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई। इसके अलावा, रविदास भवन, धुग पंचायत के लिए 2.50 लाख रुपए और वार्ड नंबर 5 में रास्ता निर्माण के लिए 3 लाख रुपए देने की घोषणा की। विधायक ने ग्रामीणों से सहयोग और भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि विकास कार्य केवल सरकार का प्रयास नहीं, बल्कि जनता की सक्रिय भागीदारी से ही सफल हो सकते हैं। उन्होंने ‘नशा छोड़ो, खेल खेलो’ अभियान के तहत युवा क्लब जय बाबा क्यालु सुरडवां द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया और युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों को अपनाने का संदेश दिया। साथ ही युवा क्लब को अपनी ऐच्छिक निधि से 11 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर एसडीएम सुरेंद्र ठाकुर, बीडीओ सुदर्शन सिंह, एक्सईएन आईपीएच आनंद बलोरिया, एसडीओ आईपीएच राजिंदर, एसडीओ पीडब्ल्यूडी हरीश ठाकुर, टप्पा पंचायत के प्रधान कुलवीर चंबियाल, पूर्व प्रधान जरम सिंह ठाकुर, कांग्रेस कार्यकर्ता बलवीर सिंह, संतोष शास्त्री, उपप्रधान रप्पर कल्याण सिंह, उपप्रधान डगला सुनील कुमार, पौंग बांध निदेशक विशाल ठाकुर, रविदास समिति के प्रधान राम सिंह, नरेश शर्मा, असलम खान सहित अनेक अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।


रविदास भवन, धुग पंचायत के लिए 2.50 लाख रुपए देने की घोषणा की। अनंत ज्ञान

# बंडोल स्कूल में ‘हर घर मशरूम’ अभियान की पहल

**अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला बंडोल में बच्चों की सेहत, पोषण और व्यवहारिक शिक्षा को एक साथ जोड़ने की अनूठी पहल की गई है। पाठशाला में ‘हर घर मशरूम’ अभियान को लागू किया, जिसके तहत बच्चों को पौष्टिक आहार के साथ-साथ स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है। स्कूल के शिक्षक सुनील धीमान ने बताया कि मशरूम में प्रोटीन, विटामिन और मिनरल भरपूर मात्रा में होते हैं, जो बच्चों की इम्युनिटी और संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। मशरूम की खेती कम जगह और कम खर्च में आसानी से की जा सकती है। इसी उद्देश्य से पाठशाला की प्रत्येक कक्षा में एक-एक मशरूम बैग रखा गया है, जिनमें अच्छी मात्रा में मशरूम उग रहे हैं। शिक्षक सुनील धीमान ने बताया कि उत्पादित मशरूम का उपयोग मिड-डे मील में सब्जी के रूप में किया जा रहा है, जिससे बच्चों को ताजा और पौष्टिक भोजन मिल रहा है। इसके साथ ही बच्चों को अपने घरों में उगाने के लिए भी मशरूम बैग उपलब्ध करवाए गए हैं। बच्चे घरेलू प्रयोग के अलावा मशरूम को पाठशाला में बेचकर पॉकेट मनी भी कमा सकते हैं, जिससे उनमें और उनके अभिभावकों में उद्यमिता की भावना का विकास हो रहा है। शिक्षक सुनील ने बताया कि अब तक दो बार की तुड़ान में कुल छह किलो मशरूम का उत्पादन हो चुका है। यह पहल बच्चों को खेती की नई तकनीक सिखाने के साथ-साथ बीज से प्लेट तक का वास्तविक अनुभव भी प्रदान करती है। यह गतिविधि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत व्यावसायिक शिक्षा और अनुभवात्मक अधिगम के उद्देश्यों को प्रभावी रूप से पूरा कर रही है।

# रक्षित चौहान की रिहाई पर केंद्र सरकार प्रयत्नशील: त्रिलोक कपूर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अमेरिकी नौसेना द्वारा जब्त रूसी ऑयल टैंकर ‘मैरिनेरा’ पर सवार 28 क्रू मेंबर्स में 3 भारतीय भी शामिल हैं, जिनमें से एक हिमाचल प्रदेश के पालमपुर का रहने वाला रक्षित चौहान भी है, को लेकर प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि रिक्षित चौहान की रिहाई को लेकर केंद्र सरकार प्रयत्नशील है तथा इस बारे उचित कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्षित चौहान जल्द सुरक्षित घर पहुंचे, इसको लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी प्रयत्नशील हैं। उन्होंने बताया कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद राजीव भारद्वाज 16 जनवरी को दिल्ली में विदेश मंत्रालय से मिलेंगे तथा मौजूदा हालातों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा इस मामले पर पहले ही केंद्र सरकार को भाजपा द्वारा अवगत करवाया गया है तथा केंद्र सरकार रक्षित को सुरक्षित लाने का पूरा प्रयास कर रही है। उन्होंने आशा प्रकट की की रक्षित की जल्द ही रिहाई हो जाएगी।

## पिता रंजीत बोले- प्रधानमंत्री शीघ्र रिहाई के मामले में करें हस्तक्षेप

**रक्षित** चौहान के पिता रंजीत सिंह ने देश के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर भारतीय मूल के चालक दल के सदस्यों की शीघ्र रिहाई के मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने हम प्रधानमंत्री कार्यालय से विनम्र निवेदन करते हैं कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और रक्षित और अन्य भारतीय चालक दल के सदस्यों की रिहाई में तेजी लाएं ताकि जब्त किए गए जहाज के पीड़ितों के परिवारों को बहुप्रतीक्षित राहत मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### मैनेजर के 5 पदों के लिए इंटरव्यू 19 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कंपीटेंट ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड, मारुति नेक्सा डीलरशिप, बिलासपुर द्वारा रिलेशनशिप मेनेजर के 5 पदों को भरा जा रहा है। इन पदों के लिए 19 जनवरी को उपरोजगार कार्यालय श्री नैना देवी जी में प्रातः 10:30 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। इस बारे जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी बिलासपुर राजेश मेहता ने बताया कि रिलेशनशिप मेनेजर के इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक पास रखी गई है। इन पदों के लिए 20 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला उम्मीदवार कर सकते है। चयनित अभ्यर्थियों को 13,000 रुपए मासिक मानदेय प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित स्थान, तिथि व समय पर उपस्थित होकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

### डंगार-चोखणा-बधाघाट मार्ग 11 फरवरी तक बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए बताया कि घुमारवीं उपमण्डल के डंगार-चोखणा-बद्धाघाट सड़क मार्ग के आवश्यक मुरम्मत कार्य के चलते सभी प्रकार के यातायात के लिए आगामी 11 फरवरी तक बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि इस सड़क मार्ग पर अन्य को कोई वैकल्पिक मार्ग न होने के चलते इस सड़क मार्ग पर केवल एंबुलेंस, स्कूल बसों, वीआईपी वाहनों तथा अन्य आपातकालीन सेवा वाहनों की आवाजाही की अनुमति रहेगी।

### मजारी स्कूल में हर्षोल्लास से मनाई लोहड़ी

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी में लोहड़ी पर्व को भारतीय संस्कृति के अनुरूप हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में अध्यापकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने परंपरागत रूप से अग्नि प्रज्वलित की। इसके उपरांत सभी ने सूर्य देव से विद्यालय की उन्नति तथा सभी के सुख, स्वास्थ्य और शांति की कामना करते हुए मूंगफली और रेवड़ियों की आहुति अग्नि देव को दी। इस अवसर पर अध्यापकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने मिलकर लोहड़ी के गीत गाए और इस प्राचीन परंपरा का निर्वहन किया। प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व हमारे ज्योतिष शास्त्र की वैज्ञानिकता को सिद्ध करता है। उन्होंने कहा कि ऋषि-मुनियों द्वारा लाखों वर्ष पूर्व दी गई काल गणना आज भी प्रासंगिक है। भारत में सौर और चंद्र गणना के आधार पर ही अधिकांश मांगलिक कार्य किए जाते हैं, जो हमारी संस्कृति की श्रेष्ठता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इन परंपराओं से आगामी पीढ़ी का जुड़ाव बनाए रखना आवश्यक है, जिसके लिए ऐसे पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने चाहिए। इस अवसर पर अध्यापकों ने बच्चों और उनके अभिभावकों को रेवड़ी और मूंगफली वितरित कर शुभकामनाएं दीं।

### हर्षिता ने बास्केटबॉल चैंपियनशिप में जीता सोना

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** जिले के द्रोबड़ गांव की बेटी हर्षिता ठाकुर ने डीएवी नेशनल चैंपियनशिप में बास्केटबॉल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत कर जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। नोयडा में अभी हाल ही में डीएवी की राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ, जिसमें डीएवी हिमाचल प्रदेश की टीम ने अंडर-14 वर्ग में के फाइनल मुकाबले में उतराखंड को कड़े संघर्ष में हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर खिताब पर कब्जा जमाया है। डीएवी अंबूजा विद्या निकेतन दाड़लाघाट (सोलन) में शिक्षा ग्रहण कर रही छठी कक्षा की छात्रा हर्षिता को पढ़ाई के साथ खेलों में भी खासा लगाव है। उन्होंने बताया कि नादौन में संपन्न हुई डीएवी की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल की बदौलत उनका चयन हिमाचल प्रदेश की बास्केटबॉल टीम में हुआ। उन्होंने बताया कि हिमाचल की टीम ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वैस्ट बंगाल को हराया, जबकि सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा को रौंदते हुए फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने बताया कि फाइनल मुकाबले में उतराखंड के साथ उनकी कांटे की टक्कर हुई तथा हिमाचल प्रदेश ने 38 अंक अर्जित किए जबकि हरियाणा 35 अंक ही बना सकी। ऐसे में हिमाचल बास्केट बाल टीम ने राष्ट्रीय खिताब को अपने नाम किया। गौर हो कि हर्षिता के पिता शेर सिंह ठाकुर भारतीय सेना से सेवानिवृत हैं जबकि माता रेखा ठाकुर गृहणी है। हर्षिता की खेलों के प्रति रूचि को देखते हुए इनके माता पिता पूरा सहयोग देते हैं। बेटी की उपलब्धि को लेकर द्रोबड़ गांव में खुशी की लहर है जबकि हर्षिता को बधाई देने वालों का भी गांव घर में तांता लगा है।

# भारतीय सेना राष्ट्र की आत्मा की प्रहरी

## सेना दिवस पर पूर्व सैनिकों ने भारतीय सेना के शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रधर्म पर रखे विचार


नायक उजागर सिंह


कैप्टन सीता राम


कैप्टन कुलदीप


कर्नल रूपेंद्र चंदेल

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** सेना दिवस के अवसर पर नायक उजागर सिंह, कैप्टन सीता राम, कैप्टन कुलदीप और कर्नल रूपेंद्र चंदेल ने अनंत ज्ञान वेब पोर्टल एवं समाचार पत्र के संवाददाता से विशेष बातचीत करते हुए भारतीय सेना के शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रधर्म पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने एक स्वर में कहा कि भारतीय सेना केवल एक सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि त्याग, विवेक और कर्तव्यबोध की जीवंत परंपरा है।

बातचीत के दौरान चारों सैन्य प्रतिनिधियों ने कहा कि भारतीय सेना का सम्मान करना केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि नागरिक कर्तव्य है। सेना दिवस का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होता है, जब समाज भारतीय सेना के सैनिकों के योगदान को समझे और उनके मूल्यों को अपनाए भी।

अनंत ज्ञान सेना दिवस

नायक उजागर सिंह ने बातचीत में कहा कि भारतीय सेना का मूल बल बाहरी शक्ति से अधिक आंतरिक अनुशासन और चेतना में निहित है। उन्होंने कहा कि सैनिक का जीवन यह सिखाता है कि सच्चा ज्ञान वही है जो राष्ट्र के लिए समर्पण में रूपांतरित हो जाए। वहीं, रिटायर्ड कैप्टन सीता राम ने कहा कि भारतीय सेना का प्रत्येक जवान कठिन परिस्थितियों में भी संयम, धैर्य और विवेक बनाए रखता है। यही वह अनंत ज्ञान है, जो सैनिक को कर्तव्यपथ से विचलित नहीं होने देता और राष्ट्र की रक्षा में अडिग बनाए रखता है।

कैप्टन कुलदीप ने संवाद के दौरान कहा कि सेना दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि सैनिक का हर निर्णय राष्ट्रहित से जुड़ा होता है। भारतीय सेना की यही चेतना उसे विश्व की विशिष्ट सेनाओं में स्थान दिलाती है और युवाओं के लिए प्रेरणा बनती है। वहीं, कर्नल रूपेंद्र चंदेल ने कहा कि भारतीय सेना राष्ट्र की आत्मा की प्रहरी है। सैनिकों के त्याग में न कोई प्रदर्शन होता है और न ही अपेक्षा, बल्कि वह निस्वार्थ समर्पण होता है जो भारतीय सैन्य परंपरा की पहचान है।

### कूटबांगड में ग्रामीणों ने ली नशामुक्ति की शपथ

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** कोटधार क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत कोसरिया के गांव कूटबांगड में नशामुक्ति एवं जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रसिद्ध अधिवक्ता सर्वजीत सिंह उपस्थित रहे। उनके अलावा रमाकांत शर्मा अधिवता उच्च न्यायालय शिमला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। पंचायत सदस्यों तथा स्थानीय युवा क्लब के सदस्यों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में कूटबांगड सहित आसपास के गांवों जैसे कोसरिया, शाहतलाई, नध्यार आदि से बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, युवा और बच्चे पहुंचे। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में नशे को समाज का सबसे बड़ा दुश्मन बताते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति का जीवन बर्बाद करता है, बल्कि पूरा परिवार और समाज इससे प्रभावित होता है। उन्होंने युवाओं से विशेष अपील की कि वे नशे की लत से दूर रहें और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दें। उन्होंने ग्रामीणों को नशामुक्ति की सामूहिक शपथ भी दिलाई।

### पूर्व सैनिक सम्मेलन में बीजेपी विधायक रणधीर शर्मा बोले

## 'वन रैंक, वन पेंशन' सैनिकों के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता का सबूत



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी श्री नयना देवी मंडल द्वारा कोठीपुरा के अंबेडकर भवन में पूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता कैप्टन चौधरी राम ठाकुर ने की, जबकि विधायक श्री नयना देवी रणधीर शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कैप्टन चौधरी राम ठाकुर ने भारतीय थल सेना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले पूर्व सैनिकों का राष्ट्र की सुरक्षा, एकता और अखंडता में योगदान अतुलनीय है। वहीं, मुख्यातिथि रणधीर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान और कल्याण के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन्होंने 'वन रैंक, वन पेंशन' को सैनिकों के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। रणधीर शर्मा ने कांग्रेस और प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधा। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने भाग लिया और भाजपा की नीतियों पर विश्वास जताते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# हम आज भी सेना के प्रतिनिधि : दलजीत सिंह

## कहा- सैनिक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, देश सेवा के संकल्प के साथ खड़ा रहता है जीवनभर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** भारत है तो ही हम भारतीय हैं—इस भावना के साथ हमें देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले 154 शहीदों के परिवारों का सम्मान करना और उनसे निरंतर संपर्क बनाए रखना हमारा नैतिक दायित्व है। यह बात एम्स के कार्यकारी निदेशक सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह (एवीएसएम, वीएसएम) ने बतौर मुख्यातिथि अपने संबोधन में कही। वह बिलासपुर में भारतीय सेना दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में वयोवृद्ध सैनिक सूबेदार लोभीराम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में रिटायर्ड ब्रिगेडियर जगदीश सिंह वर्मा (वीएसएम) विशिष्ट अतिथि रहे। एम्स के उपनिदेशक कर्नल विश्वास प्रदीप और भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कर्नल रूपेंद्र सिंह चंदेल भी उपस्थित रहे। लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह ने कहा कि हम सभी आज भी भारतीय सेना के प्रतिनिधि हैं, क्योंकि सैनिक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, वह जीवन भर देश सेवा के संकल्प के साथ खड़ा रहता है। जब तक जीवन है, तब तक राष्ट्र सेवा हमारा कर्तव्य रहेगा। सीमाओं के साथ-साथ देश के भीतर चल रही नशे के रूप में इस प्रॉक्सी वार को समाप्त करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज को इस जहर से मुक्त करना राष्ट्र सुरक्षा का ही हिस्सा है। सनातन संस्कृति पर आधारित यह राष्ट्र तभी सुरक्षित रहेगा, जब हम एकजुट होकर देश, समाज और शहीद परिवारों के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल ने भारतीय सेना को देश की आत्मा बताते हुए शहीदों के परिवारों के प्रति सामाजिक दायित्व निभाने और नशे के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया।


भारतीय सेना दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यातिथि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत। अनंत ज्ञान

◆ **कार्यक्रम में सूबेदार लोभीराम को विशेष रूप से किया गया सम्मानित**

### 15 जनवरी को इसलिए मनाते हैं सेना दिवस

**बिलासपुर।** पूर्व सैनिक कल्याण समिति ने 78वां सेना दिवस बिलासपुर स्थित वीर बलिदानी स्मारक में मनाया। इसमें लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह कार्यकारी निदेशक एम्स बिलासपुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इसमें कर्नल राजेंद्र ठाकुर, कर्नल रूपेंद्र चंदेल, ग्रुप कैप्टन आरएस राजपूत और हिमाचल प्रदेश वैटरन सैनिक कल्याण एवं विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा व जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की तरफ से कैप्टन रमेश शर्मा व सुपरिंटेंडेंट विनोद कुमार विशेष रूप उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कैप्टन संजय कुमार ने कहा कि भारत 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ। पहले अंगेज ही लेफ्टिनेंट जनरल लेफ्टिनेंट जनरल होते थे। 15 जनवरी, 1949 से केएम करियप्पा स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय सेना प्रमुख बने थे। उसके बाद हर वर्ष 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है।

# नशा सिर्फ शरीर ही नहीं, भविष्य को भी कर देता है बर्बादः डीसी

## राहुल कुमार ने हटवाड़ स्कूल में विद्यार्थियों के साथ किया संवाद

अनंत ज्ञान


हटवाड़ स्कूल में विद्यार्थियों के साथ संवाद करते डीसी राहुल कुमार। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हटवाड़ स्कूल का वीरवार का दिन सामान्य नहीं था। उपायुक्त राहुल कुमार जब विद्यालय परिसर पहुंचे तो यह केवल निरीक्षण नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने का स्पष्ट संदेश था। उपायुक्त ने छात्र-छात्राओं से खुली बातचीत करते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भी बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की पूरी क्षमता रखते हैं, आवश्यकता है तो केवल सही मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत की। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताया। नशे के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशा केवल शरीर नहीं, भविष्य भी नष्ट करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, सही संगत और खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया, ताकि शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से सशक्त पीढ़ी तैयार हो सके।

उपायुक्त ने कक्षाओं, शौचालयों, स्वच्छता, शिक्षण संसाधनों और शिक्षकों की उपलब्धता का गहन जायजा लिया। शिक्षकों के साथ बैठक कर उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार, नियमित उपस्थिति और परिणामोन्मुखी शिक्षण पर विशेष जोर दिया। हटवाड़ स्कूल में प्रस्तावित राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल को लेकर उपायुक्त ने प्रशासन की स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि यह परियोजना केवल भवन निर्माण नहीं, बल्कि ग्रामीण बच्चों के भविष्य में निवेश है। उन्होंने जानकारी दी कि शिक्षा विभाग के नाम फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिलते ही छात्रावास, खेल मैदान और अन्य आधुनिक सुविधाओं से युक्त डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण कार्य तत्काल आरंभ कर दिया जाएगा।

# जागरूक महिलाओं से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव: मधु

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** वैद्य शमशेर सिंह चंदेल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, गेहड़वी में महिला सपतशक्ति संगम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्यातिथि मधु चंदेल उपस्थित रहीं, जिन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों, सामाजिक दायित्वों एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना रहा।

मधु चंदेल ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और जब महिलाएं शिक्षित, जागरूक व आत्मनिर्भर होंगी, तभी समाज और राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा एवं राजनीति से जुड़ी अनेक महिलाओं ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने महिलाओं को आगे बढ़ने, निर्णय लेने में सक्रिय भूमिका निभाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर प्रांत संयोजिका महिला सपतशक्ति संगम सुनीला शर्मा ने संगठन की गतिविधियों एवं उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संगठन महिलाओं को एकजुट कर समाजहित में कार्य करने, आत्मबल बढ़ाने तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, नियमित जांच कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की भी सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में उत्साह और जागरूकता देखने को मिली। अंत में समाज व राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी का संकल्प लेकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# 85 लाख रुपए के विकास कार्य लोकार्पित

## विधायक जम्वाल बोले-क्षेत्र का चहुंमुखी विकास ही मेरी प्राथमिकता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के वार्ड-2 और वार्ड-4 में करवाए गए विकास कार्य वीरवार को जनता को समर्पित कर दिए गए। दोनों वार्डों में लगभग 85 लाख रुपए की लागत से करवाए गए इन विकास कार्यों का लोकार्पण सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने किया। इनमें वार्ड-2 में पार्किंग व पार्क तथा वार्ड-4 में नगर परिषद रेस्ट हाउस में टॉयलेट्स और गुरुद्वारा चौक से कॉलेज चौक तक फुटपाथ के निर्माण के साथ ही रास्तों व गलियों में टाइलें बिछाने जैसे कार्य शामिल हैं।

अपने संबोधन में त्रिलोक जंवाल ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास शुरू से ही उनकी प्राथमिकता रहा है। इसमें बिलासपुर शहर भी शामिल है। शहर के विभिन्न वार्डों के रास्ते और गलियां आए दिन उखड़ते रहते थे। इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए रास्तों और गलियों में टाइलें बिछाई जा रही हैं। हर वार्ड में गाड़ियां खड़ी करने के लिए पार्किंग स्थलों का निर्माण किया जा रहा है। इसी तरह सभी वार्डों में पार्कों के निर्माण का प्रयास भी किया जा रहा है, ताकि बच्चों को खेलने व मनोरंजन के साथ ही लोगों को टहलने की सुविधा उपलब्ध हो सके।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जहां सभी राज्यों का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित कर रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश की कांग्रेस सरकार राजनीतिक द्वेष भावना से भाजपा विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों से भेदभाव करती आई है। इसके बावजूद केंद्र सरकार के सहयोग तथा विधायक निधि समेत अन्य मदों से पूरे विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रखी जा रही है। बिलासपुर शहर के लिए लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक सीवरेज योजना का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। वरिष्ठ नागरिकों तथा अन्य राहगीरों की सुविधा के मद्देनजर फुटपाथ के निर्माण के लिए लगभग एक करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करवाई गई है। विद्युत आपूर्ति में सुधार के लिए शहर में बिजली के ट्रांसफॉर्मरों की अपग्रेडेशन के साथ लाइनें बिछाने का काम किया जा रहा है। शहर में कूड़े के निपटारे की समस्या का समाधान भी कर लिया गया है। इसके लिए डंपिंग साईट का चयन करके काम शुरू करवा दिया गया है। कचरे के निष्पादन के लिए अलग से भूमि भी लीज पर ली जा रही है। डंपिंग साइट का काम पूरा होने पर कचरे का निष्पादन बेहतर ढंग से किया जा सकेगा। इससे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग और आशीर्वाद से विधानसभा क्षेत्र के विकास का यह सिलसिला इसी तरह जारी रहेगा।

इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम के साथ ही कई पार्षद व अन्य लोग भी मौजूद थे।

### हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल छठे स्थान पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** दिल्ली के पीतमपुरा स्थित सर्वोदय को-एजुकेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 47वीं राष्ट्रीय जूनियर पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें हिमाचल की टीम ने 28 राज्यों एवम केंद्रशासित प्रदेशों की टीमों में 6वां स्थान हासिल किया। यह जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि टीम ने प्रतियोगिता में खेले सात में से पांच मुकाबले जीते। क्वार्टर फाइनल में पंजाब से 36-33 से संघर्षपूर्ण मुकाबले में हारने के बाद टीम ने जम्मू कश्मीर को17-11 हराकर प्रतियोगिता में छठा स्थान हासिल किया। टीम के खिलाड़ियों रोहित कुमार, मनप्रीत, आर्यन, सुभान, मोहित, मनीष, सिद्धार्थ चौधरी, परीक्षित, तिलक राज, गोलकीपर राहुल कुमार तथा अनु कुमार ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया। हिमाचल हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष देशराज ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजयप्रताप कालरा, उपाध्यक्ष अशोक, वीरेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, कमलेश शर्मा, सहायक उपाध्यक्ष इंजीनियर कमल पाल तथा राजेश, कोषाध्यक्ष जग सिंह, संयुक्त सचिव अशोक गौतम, अनुज चौधरी, विवेक पठानिया, अजय रिंटू शर्मा व शिवानी नेगी, कार्यकारी सदस्य पुनीत, नितेश नेगी तथा आदर्श ने टीम को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

**कार्यक्रम** तकनीकी शिक्षा मंत्री ने घुमारवीं के कोट में की 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना प्राथमिकता: धर्माणी

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने शिक्षा, स्वास्थ्य तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्रदेश सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं जिनके अब सकारात्मक परिणाम सामने आने शुरू हो गए हैं।

राजेश धर्माणी वीरवार को बिलासपुर जिला के घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोट में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने लगभग 50 विभिन्न शिकायतें एवं प्राप्त मांगों को सुना तथा अधिकारियों को समस्याओं के समयबद्ध उचित निर्णय लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनमानस की समस्याओं का घर-द्वार एवं त्वरित निपटारा सुनिश्चित बनाने को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम के माध्यम से विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में न केवल लोगों की समस्याओं को सुना जा रहा है बल्कि समयबद्ध निपटारा भी सुनिश्चित बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जिला बिलासपुर के दूसरे चरण का यह पहला कार्यक्रम है, जिसे घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की अंतिम ग्राम पंचायत कोट में आयोजित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश राजस्व से संबंधित जुड़े लंबित मामलों का निपटारा सुनिश्चित बनाने को प्रतिमाह राजस्व अदालतों का भी आयोजन किया जा रहा है।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान की स्थापना की गई है जिनमें 6-6 विशेषज्ञ चिकित्सों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में सीएसआर फंड के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में लगभग 5 करोड़ रुपए व्यय किए हैं तथा जल्द ही एक एंबुलेंस भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि देहरा-टांडा, कोट-टांडा को जल्द सड़क सुविधा से जोड़ दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त मैरा कोट सड़क को भी पक्का कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा इन सड़कों के निर्माण कार्य पर लगभग 60 लाख रुपए की राशि व्यय की जा रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों से जनहित में अपने दायित्वों का बाखूबी निर्वहन सुनिश्चित बनाने को भी कहा, ताकि गरीब एवं ग्रामीण लोगों को समयबद्ध योजनाओं का लाभ व न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल में क्रियान्वित करने में अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

इस अवसर पर उपायुक्त राहुल कुमार, एसडीएम गौरव चैधरी, डीएसपी विशाल, बीडीओ अभिषेक शर्मा, कोट पंचायत प्रधान सोमा देवी, जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा, राम लाल रॉव सहित विभिन्न पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की अंतिम ग्राम पंचायत कोट में लोगों की समस्याएं सुनते मंत्री राजेश धर्माणी। अनंत ज्ञान

# मैरा कोट में सड़क निर्माण के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत

अनंत ज्ञान

**भराड़ी।** नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कोट ग्राम पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों की घोषणाएं कीं। उन्होंने मैरा कोट गांव में सड़क, पुलिया व कल्वर्ट निर्माण के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत किए, जबकि अनुसूचित जाति बस्ती कोट के लिए सड़क निर्माण हेतु 2 लाख की राशि मंजूर की। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि को लेकर सहमति बनते ही निर्माण कार्य तुरंत शुरू कर दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कोट निवासी मनोरमा देवी के मकान निर्माण से जुड़े मामले पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं कोट रठोआ क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को लेकर एक सप्ताह के भीतर नल लगाने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। धर्माणी ने लवाणा बस्ती कोट के लिए एंबुलेंस सड़क निर्माण हेतु 8 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके अलावा बल्ही गांव में पुल निर्माण को लेकर विभाग को शीघ्र प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए गए।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता
बिलासपुर जिले में पत्रकार चाहिए
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को बिलासपुर, बरठी, शाहतलाई, बरमाना, नयनादेवी, नम्होल व भराड़ी में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अरुण डोगरा रीतू, जिला प्रभारी, बिलासपुर
मो. 7018200490, 9015909310

## न्यूज ब्रीफ

### 6.75 लीटर अवैध शराब समेत आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक बड़ी छापेमारी की। वीरवार को पुलिस ने सूचना के आधार पर सदर थाना क्षेत्र में आरोपी अनूप कुमार, निवासी द्रम्मण, चंबा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस टीम ने आरोपी की दुकान की तलाशी के दौरान 6750 एमएल/सीएल अवैध शराब (मार्का ऊना नं.1) बरामद की। आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। जिला पुलिस चंबा ने स्पष्ट किया कि अवैध नशा कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### विधायक ने चंबा मेडिकल कॉलेज को भेंट कीं 15 व्हीलचेयर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पांगी-भरमौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज ने गुरुवार को पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, चंबा को 15 व्हीलचेयर भेंट कीं। इस सराहनीय पहल से अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों, बुजुर्गों और दिव्यांगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। डॉ. जनक राज ने कहा कि जनसेवा ही उनके सार्वजनिक जीवन का मूल उद्देश्य है। व्हीलचेयर जैसी आवश्यक सुविधाएं मरीजों के लिए केवल साधन नहीं, बल्कि उनके प्रति संवेदना और इंसानियत की भावना का प्रतीक हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में चंबा मेडिकल कॉलेज के लिए और भी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की योजना है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन और अस्पताल स्टाफ ने इस निस्वार्थ योगदान के लिए डॉ. जनक राज का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के प्रयास स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाते हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

### तरनोह लिंक रोड पर नवजात शिशु का शव बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना सदर मंडी को 112 के माध्यम से सूचना मिली कि तरनोह लिंक रोड पर एक नवजात शिशु का शव पड़ा है, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडी अभिमन्यु वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की, पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और आसपास के क्षेत्र में पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि शिशु को वहां किसने और किन परिस्थितियों में छोड़ा गया।

### अवैध खनन पर एक चालान, निगरानी तेज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक चालान किया है, पुलिस का कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए ऐसे मामलों पर सख्त नजर रखी जा रही है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### कोटपा एक्ट के तहत काटे 20 चालान, वसूला जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** तंबाकू उत्पादों के नियमों के उल्लंघन पर जिला पुलिस मंडी ने कोटपा एक्ट के तहत 20 चालान किए और 2000 रुपए जुर्माना वसूला, पुलिस ने दुकानदारों व उपभोक्ताओं से नियमों का पालन करने की अपील की है।

### यातायात नियम उल्लंघन पर 396 चालान काटे

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 396 चालान किए हैं, पुलिस का कहना है कि यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यह कार्रवाई की गई है, आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

### कमरे में घुसकर मारपीट, दंपती घायल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** ब्रेस्लू राम निवासी बखडोग, जिला मंडी की शिकायत पर पुलिस ने खुमेश उर्फ निंदू और किरणा देवी के खिलाफ मामला दर्ज किया है, शिकायत में बताया गया कि दोनों आरोपियों ने शाम के समय उनके किराये के कमरे में घुसकर गालियां निकालीं और मारपीट की, जिससे ब्रेस्लू राम और उनकी पत्नी को चोटें आईं। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकियां भी दीं। पुलिस ने दोनों पक्षों से जुड़ी क्रॉस एफआईआर को एक ही मामले में समाहित कर जांच शुरू कर दी है और घायलों का चिकित्सीय परीक्षण करवाया गया है। पुलिस के अनुसार पूरे घटनाक्रम से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से पड़ताल की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, ताकि दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## युद्धों की भयावहता और वीरता के साक्षी रहे एमआर ठाकुर बोले-

# 28 वर्षों की सैन्य सेवा में देखे इतिहास के निर्णायक पल

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** चुराह विधानसभा क्षेत्र के तीसा निवासी रिटायर्ड कैप्टन एमआर ठाकुर ने अनंत ज्ञान से बातचीत में भारतीय थल सेना दिवस के अवसर पर अपनी 28 वर्षों की सेवा के दौरान देखे गए युद्धों और अभियानों के प्रभावों को गहराई से साझा किया। उन्होंने बताया कि उनका एनरोलमेंट 11 डोगरा इन्फेंट्री रेजिमेंट में हुआ था और उन्होंने 28 वर्ष तक देश की सेवा की।

उन्होंने कहा कि संघर्ष केवल सीमाओं पर लड़ा जाने वाला नहीं होता, बल्कि इसका प्रभाव सैनिकों, उनके परिवारों और पूरे देश पर लंबे समय तक पड़ता है। उन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा कि यह युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ा गया था, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का गठन हुआ। इस युद्ध ने यह सिद्ध कर दिया कि भारतीय सेना न केवल रणनीति में श्रेष्ठ है, बल्कि साहस और बलिदान में भी अद्वितीय है। युद्ध के दौरान हजारों सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी। वहीं, आम नागरिकों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।



सेना दिवस

ठाकुर ने श्रीलंका में हुए सैन्य अभियान का जिक्र करते हुए बताया कि यह संघर्ष वहां की सरकार और उग्रवादी संगठनों के बीच था, जिसमें शांति स्थापना के उद्देश्य से भारतीय सेना को भेजा गया। इस अभियान में भारतीय जवानों को कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, असमंजस भरी राजनीतिक स्थिति और अप्रत्याशित हमलों का सामना करना पड़ा, जिसका मानसिक और शारीरिक प्रभाव सैनिकों पर गहरा पड़ा।

ऑपरेशन मेघदूत के बारे में उन्होंने बताया कि यह भारत और पाकिस्तान के बीच सियाचिन क्षेत्र को लेकर हुआ संघर्ष था। दुनिया के सबसे ऊंचे और ठंडे युद्धक्षेत्र में लड़ा गया यह अभियान दुश्मन से ज्यादा प्रकृति के खिलाफ जंग था। भीषण ठंड, बर्फीले तूफान और ऑक्सीजन की कमी ने कई जवानों की जान ली, लेकिन भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस से मोर्चा संभाले रखा।

ऑपरेशन ब्लू स्टार और देश के भीतर उग्रवाद के खिलाफ चलाए गए अभियानों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ये संघर्ष अपनों के बीच हुए, जो किसी भी सैनिक के लिए सबसे कठिन होते हैं। इन अभियानों में सेना को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियानों का असर सैनिकों के मन पर लंबे समय तक रहता है, क्योंकि यहां दुश्मन सामने नहीं बल्कि भीतर होता है। युद्ध और अभियानों की सबसे बड़ी कीमत सैनिक और उनके परिवार चुकाते हैं, लेकिन इसके बावजूद देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए यह बलिदान आवश्यक होता है। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि उनकी कुर्बानी के कारण ही आज देश सुरक्षित है।

अंत में उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे युद्ध की भयावहता को समझें, लेकिन उससे डरें नहीं। यदि देश को आवश्यकता पड़े तो आगे बढ़कर सेवा करना ही सच्ची देशभक्ति है। ठाकुर ने चंबा जिले से सेना में कम भर्ती होने पर चिंता जताते हुए कहा कि पहले के युवाओं में देशभक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी है, लेकिन इसके बावजूद सेना में नामांकन की संख्या कम है। उन्होंने कहा कि कहीं न कहीं भर्ती प्रक्रिया, अवसरों की जानकारी और अपनाई जाने वाली नीतियों में बदलाव की आवश्यकता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों के युवाओं के लिए भर्ती प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और जागरूकता अभियान चलाए जाएं, ताकि चंबा जिले से अधिक से अधिक युवा भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होकर देशसेवा का गौरव प्राप्त कर सकें।

# राख शाखा में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर



शाखा प्रबंधक मृतका के परिजनों को 2 लाख का चैक देते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा राख द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता शाखा प्रबंधक मुकेश ठाकुर ने की शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना के तहत मृतका सलोचना देवी के नामित उनके पति हेमराज को 2 लाख रुपए का भुगतान किया गया।

शाखा प्रबंधक मुकेश ठाकुर ने बताया कि स्वर्गीय सलोचना देवी निवासी गांव कलेला ग्राम पंचायत धिमला ने 2 मार्च 2017 को हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा राख में जनधन खाता खुलवाया था और 31 जुलाई 2017 को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में नामांकन किया था।

अभी 26 अगस्त 2025 को आई आपदा में पत्थर गिरने से

**◆ मृतका के परिवार को दिया दो लाख का सुरक्षा बीमा लाभ**

सलोचना देवी का देहांत हो गया है हेमराज ने बताया कि बैंक अधिकारियों ने उनसे संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज लेकर 2 लाख का भुगतान करवाने में सहायता की। शाखा प्रबंधक ने उपस्थित जनसमूह को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे कि प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना मात्र 20 रुपए वार्षिक और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना मात्र 436 रुपए वार्षिक अटल पेंशन योजना इत्यादि बैंक की विभिन्न योजनाओं से जुड़ने और लाभ उठाने की अपील की। शिविर में सहायक प्रबंधक मोहित डोबरियाल अवतार सिंह संदीप अनिल दीपक रत्न चंद राजकुमार सुजल आदि उपस्थित रहे।

# नकरोड में ट्रैफिक को 'जाम फ्री' बनाने का मिशन

अनंत ज्ञान

**चंबा।** उपमंडल चुराह के नकरोड में पुलिस, टैक्सी यूनियन और व्यापार मंडल के बीच एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अशोक कुमार चौधरी ने की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नकरोड में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाना, टैक्सियों की पार्किंग, सवारियों के चढ़ने-उतरने के स्थान सुनिश्चित करना और बाजार क्षेत्र में हो रही अव्यवस्था को दूर करना था। चौधरी ने कहा कि नियमों का पालन और सभी का सहयोग ही स्थायी समाधान सुनिश्चित कर सकता है। बैठक में टैक्सी यूनियन ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं, व्यापार



टैक्सी यूनियन व व्यापारियों के साथ बैठक करते पुलिस अधिकारी। अनंत ज्ञान

**◆ पुलिस और टैक्सी यूनियन हुई एकजुट, व्यापारी भी देंगे सहयोग**

मंडल के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए।

अंत में सभी पक्षों ने सहमति जताई कि भविष्य में भी समन्वय बनाए रखकर ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर किया जाएगा। इससे न केवल टैक्सी चालकों और व्यापारियों को सुविधा होगी, बल्कि आम जनता और यात्रियों की यात्रा भी आसान, सुरक्षित और व्यवस्थित होगी। यह पहल नकरोड में ट्रैफिक जाम और अव्यवस्था को कम करने की दिशा में एक ठोस कदम साबित होगी।

# मुख्यमंत्री शगुन योजना बंद कर सरकार गरीबों के साथ कर रही अन्याय: जय सिंह

अनंत ज्ञान

**चंबा।** बीते 2 सालों से मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत मिलने वाली 31 हजार रुपए की राशि को सरकार ने बंद कर दिया गया है। जिसके कारण बीपीएल परिवार को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। चंबा में करीब 2100 आवेदन शगुन योजना की राशि के लिए सरकार को भेजे गए हैं, लेकिन राशि न मिल पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह बात चंबा मुख्य चौक में वीरवार को पोल खोल अभियान के तहत भाजपा नेता एवं पूर्व का कार्य समिति के सदस्य जयसिंह ने कहीं।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 2 सप्ताह के भीतर शगुन योजना की राशि महिलाओं के खाते में नहीं आती है तो वह चंबा के सीडीपीओ कार्यालय में ताला लगा देंगे, भले ही इसके लिए उन्हें जेल जाना पड़े। योजना से वंचित महिलाओं के साथ उन्होंने ताला लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।



उन्होंने कहा कि चंबा में एक आंकड़े के तहत करीब 21000 महिलाओं को 1500-1500 नहीं दिए गए हैं। कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभालने से पहले चुनाव के दौरान माता बहनों को 1500 रुपए देने का ऐलान किया था। हिमाचल प्रदेश में 28 लाख महिलाएं इस राशि का इंतजार कर रही हैं। वहीं, बेरोजगार के नाम पर भी युवाओं को ठगा गया है। 18 लाख से अधिक नौजवान नौकरियों की तलाश में है।

सरकार के खिलाफ लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर है और अब गुस्सा सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए भी तैयार हैं। अगर सरकार इन 2 महत्वपूर्ण मांगों को पूरा नहीं करती है तो रोजगार कार्यालय और सीडीपीओ कार्यालय में जल्द ही तालाबंदी की जाएगी। प्रदर्शन के बाद डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल के माध्यम से सीएम को मांगपत्र सौंपा गया।

# चंबा में सड़कों से अतिक्रमण हटाया

## सड़क जाम व गंदगी से निजात, शहर की सफाई और जनसुरक्षा सुनिश्चित

अनंत ज्ञान

**चंबा।** शहर में अवैध रूप से लगाई जा रही रेहड़ियों और अतिक्रमण ने चंबा की व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर दिया था। सड़कें संकरी और जाम रहती थीं, कचरे के ढेर और जमी नालियां बदबू फैलाती थीं, जिससे पैदल चलने वालों और आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही प्रभावित हो रही थी।



अतिक्रमण हटाओ अभियान का निरीक्षण करती अधिकारी। अनंत ज्ञान

वीरवार को नगर परिषद ने इस गंभीर स्थिति को देखते हुए अवैध रेहड़ियों और अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान चलाया और कई स्थानों से अतिक्रमण हटाया। कार्रवाई के दौरान कई रेहड़ी संचालकों का सामान जब्त किया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध रेहड़ियों के कारण सड़कें अव्यवस्थित हो गई हैं, जिससे स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं विशेष परेशानियों का सामना कर रहे हैं। कई बार फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाओं की गाड़ियों को निकलने में भी दिक्कत हुई।

रेहड़ी संचालकों ने अपना पक्ष रखा और कहा कि रेहड़ी ही उनकी आजीविका का साधन है, और बिना वैकल्पिक व्यवस्था के ऐसी कार्रवाई से रोजगार संकट उत्पन्न हो गया है। नगर परिषद ने स्पष्ट किया कि शहर की सफाई, यातायात और जनसुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। परिषद ने कहा कि अवैध अतिक्रमण आपातकालीन सेवाओं के लिए गंभीर खतरा है और भविष्य में ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

शहर में अब यह चर्चा तेज है कि प्रशासन गरीब रेहड़ी संचालकों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था या पुनर्वास पर क्या ठोस कदम उठाएगा, ताकि चंबा सुरक्षित, स्वच्छ और सुचारु रूप से संचालित हो सके।

# साहो-कीड़ी मार्ग पर खाई में गिरी कार, दो युवकों की मौत



घटनास्थल पर एकत्रित लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** साहो-कीड़ी मार्ग पर बुधवार रात करीब 11 बजे हुई भयावह दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। गहरी खाई में गिरी कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई। मृतकों की पहचान सुनील भट्ट (डाकघर साहो) और राहुल पुत्र जोगिंदर (साहो) के रूप में हुई है।

रात के अंधेरे और सुनसान रास्ते की वजह से हादसा देर तक छिपा रहा। गुरुवार सुबह चंबा की ओर जा रही एक निजी बस के यात्रियों ने खाई में पड़ी क्षतिग्रस्त कार देखी। स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और हिम्मत दिखाकर रेस्क्यू में जुट गए। सूचना पाकर सदर थाना चंबा की पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी साहो भेजा गया। पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी ने बताया कि जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिरने का मामला सामने आया है। हालांकि, चालक की नींद, तेज रफ्तार या तकनीकी खराबी इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहन जांच की जा रही है। हादसे से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है और गांवों में मातम पसरा है।

# मनरेगा बचाओ संग्राम: किसान कांग्रेस ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान

अनंत ज्ञान

**◆ डॉ. दिनेश कुमार ने ब्लॉक अध्यक्षों को दिए निर्देश**

**◆ ग्रामीणों तक संदेश पहुंचाने के लिए चौपाल और नुक्कड़ सभाओं पर जोर**

भरमौर। हिमाचल प्रदेश के किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने मनरेगा बचाओ संग्राम को प्रभावी बनाने के लिए जिला चंबा के सभी ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्षों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक ब्लॉक अपने को-ऑर्डिनेटर और जिला नेतृत्व के मार्गदर्शन में सक्रिय रूप से कार्य करेगा।

प्रदेश कांग्रेस के कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा क्षेत्र चुराह में 16 जनवरी, भरमौर में 20 जनवरी, भटियात में 22 जनवरी, डलहौजी में 24 जनवरी और चंबा में 26 जनवरी को ब्लॉक अध्यक्ष और को-ऑर्डिनेटर ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे। यह अभियान चौपाल और नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से संचालित होगा, जिससे ग्रामीणों तक संदेश प्रभावी रूप से पहुंचे।

अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार के प्रस्तावित वीबी-जी राम-जी कानून को रद्द करवाना, मनरेगा को बचाना और बहाल करना है। इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पत्र और संदेश का ग्रामीणों तक प्रसार किया जाएगा।

डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक अपनी कार्यकारिणी, पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ 29 जनवरी तक प्रत्येक गांव में जनसंपर्क कर अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाएगा। उन्होंने जोर दिया कि समन्वय और सक्रियता ही इस संग्राम की सफलता की कुंजी होगी।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, खूब सिंह** पुत्र जिंदू राम निवासी गांव थुवारी डाकघर बांधी, तहसील औट, जिला मंडी, हि.प्र., घोषणा करता हूं कि मेरे सभी सरकारी दस्तावेजों में मेरा नाम खूब सिंह दर्ज है, लेकिन मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गलत तरीके से खूबे राम लिखा गया है। कृपया इसे खूब सिंह में सुधार किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**अदालती नोटिस**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितिय श्रेणी एवम नायव तहसीलदार पामलपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

किस्म मुकदमा- तकसीम मुकद्मा न. 55/NT/2025 तारीख पेशी-21-01-2026

**सुशील चन्द आदि बनाम अवतार सिंह आदि**

**समन बनाम:-** 1 अवतार सिंह पुत्र 2 प्यारु राम पुत्र 3 उत्तम चन्द पुत्र व 4 शकुन्तला देवी 5 सुमना देवी पुत्रियां शुभकर्ण पुत्र हरी 6 अमर चन्द पुत्र व 7 श्रीमति दानो पुत्री हरी पुत्र महन्त 8 कुलदीप 9 रणजीत पुत्र व 10 श्रीमति वीना देवी पुत्री व 11 कारजू देवी विध्वा जगत राम पुत्र महन्त 12 करतार सिंह पुत्र रोवन राम पुत्र महन्त 13 रजेश चन्द 14 दिनेश चन्द 15 राकेश चन्द पुत्रान व 16 श्रीमति अन्जना कुमारी पुत्री व 17 सन्धया देवी पत्नि कुलदीप चन्द पुत्र प्रशोतम चन्द 18 सुदर्शना चन्द 19 युद्धवीर चन्द पुत्रान प्रशोतम चन्द 20 श्रीमति सरला देवी 21 कमलेश देवी 22 तृप्ता पुत्रियां प्रशोतम चन्द पुत्र खुशहाल 23 विकाश 24 विशाल पुत्र व 25 निशा देवी पुत्री व 26 शीला देवी विध्वा भुपिन्द्र चन्द पुत्र प्रशोतम चन्द 27 ध्रुव पुत्र हुकम चन्द पुत्र फतेह चन्द 28 गगन चन्द 29 वविन्द्र पुत्र व 30 सरोज देवी पुत्री रमेश चन्द पुत्र शक्ति चन्द 31 सुनील चन्द पुत्र सुरेश चन्द पुत्र शक्ति चन्द 32 (क) सुभम पुत्र व 32 (ख) वविता विध्वा सतीश चन्द पुत्र सुरेश चन्द 33 अक्षित कटोच पुत्र व 34 कुमारी अनुष्का कटोच पुत्री व 35 ममता कटोच पत्नी अश्वनी कटोच पुत्र सुरेश चन्द 36 जोवन लाल 37 मेहर चन्द पुत्र व 38 श्रीमति यशोधा देवी 39 शिकन्दरा देवी पुत्रियां व 40 श्रीमति विमला देवी विध्वा वृज लाल पुत्र मंगत राम 41 परस राम पुत्र मंगत पुत्र मोहला 42 शमशेर सिंह पुत्र व 43 श्रीमति सपना देवी 44 श्रीमति नेहा देवी पुत्रियां व जेहरी उपनाम जैसी राम पुत्र मंगत राम निवासी महाल वाड़ी खास, पटवार वृत कण्डवाडी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र.।

**विषय:-** भूमि तकसीम खाता न. 200 खतौनी न. 353, खसरा किता 15 रकवा तादादी 0-39-07 हैक्ट. स्थित महाल वाड़ी खास, मौजा कण्डवाड़ी, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. जमाबन्दी वर्ष 2019-20

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई बार समन किये गये परंतु साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अतः अब इश्तहार द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 21.01.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

आज दिनांक 13-01-2426 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

**सहायक सचाहता द्वितीय श्रेणी**
**पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

## एक्सपायरी इंजेक्शन लगाते रंगे हाथ पकड़ा, कोर्ट में पेश

# चंबा में फर्जी डॉक्टर का पर्दाफाश

अनंत ज्ञान



**चंबा।** स्वास्थ्य विभाग ने जिले में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए रेटा गांव में चल रहे एक फर्जी क्लीनिक का भंडाफोड़ किया है। बिना किसी मान्यता प्राप्त मेडिकल डिग्री और लाइसेंस के क्लीनिक चला रहा आरोपी ने मरीज को एक्सपायरी तिथि का स्टेरॉयड इंजेक्शन लगाते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।

जांच में सामने आया कि आरोपी न केवल एलोपैथिक दवाइयों का अवैध इस्तेमाल कर रहा था, बल्कि बिना योग्यता बवासीर जैसे गंभीर रोगों की सर्जरी भी कर चुका था। महज एक कमरे में चल रहे इस अवैध क्लीनिक से 52 प्रकार की दवाइयां, इंजेक्शन, 35 हजार रुपये नकद और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम के अनुसार, जिस इंजेक्शन को आरोपी मरीज को लगा रहा था, वह स्टेरॉयड था और उसकी एक्सपायरी डेट समाप्त हो चुकी थी। इससे मरीज की जान को गंभीर खतरा हो सकता था। शिकायत मिलने पर की गई इस छापेमारी में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए।

कार्रवाई के बाद आरोपी को माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) चंबा की अदालत में पेश किया गया, जहां जब्त की गई दवाइयां भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की गईं। आरोपी के मोबाइल फोन से दवाइयों की खरीद-बिक्री, भुगतान और थोक विक्रेताओं से जुड़े अहम डिजिटल साक्ष्य भी हासिल किए गए हैं।

जांच में यह भी सामने आया है कि चंबा के दो थोक दवा विक्रेताओं (होलसेलर्स) ने कथित रूप से इस फर्जी चिकित्सक को दवाइयों की आपूर्ति की। अब इन दोनों थोक विक्रेताओं की भूमिका की भी गहन जांच की जाएगी। सहायक औषधि नियंत्रक एवं लाइसेंस प्राधिकारी धर्मशाला के निर्देशों के अनुसार दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

राज्य दवा नियंत्रक मनीष कपूर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से अपील की है कि इलाज कराने से पहले डॉक्टर की योग्यता और क्लीनिक के पंजीकरण की जानकारी अवश्य जांच लें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## ढाबे में मारपीट, तोड़फोड़ पर क्रॉस मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बस स्टैंड मंडी के समीप ठाकुर ढाबा में हुई मारपीट व तोड़फोड़ की घटना को लेकर पुलिस थाना सदर मंडी में क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई हैं, एक ओर ढाबा संचालक बलवीर सिंह ठाकुर निवासी गांव व डाकघर मझवार, तहसील सदर, जिला मंडी ने आरोप लगाया कि शराब के नशे में आए युवक सनत शर्मा, मिलन गुप्ता, बेदांग शर्मा, बादल और नाकुल ने उसके कर्मचारी से झगड़ा करने के बाद उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की, ढाबे के भीतर घुसकर शीशे तोड़े और जान से मारने की धमकियां दीं, वहीं दूसरी ओर सनत शर्मा निवासी जंजैहली ने शिकायत में कहा कि ढाबा मालिक बलवीर सिंह ने लोहे की वस्तु फेंककर उसे घायल किया और उसके दोस्तों बेदांग शर्मा, बादल व मिलन गुप्ता के साथ भी मारपीट की, पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों को एक ही घटनाक्रम से जोड़कर जांच शुरू कर दी है।

# चंबा मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स लगातार दो साल प्रदेश में टॉप पर

अनंत ज्ञान



**चंबा।** गत दो वर्षों में पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल चंबा के तीसरे वर्ष के पार्ट वन विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश में यह प्रथम स्थान हासिल किया है। जानकारी चिकित्सा महाविद्यालय चंबा के प्रधानाचार्य डॉक्टर पंकज गुप्ता ने दी है।

डॉ गुप्ता ने बताया कि लगातार गत दो वर्षों से कॉलेज के एमबीबीएस के विद्यार्थियों ने अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय, मंडी, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित एमबीबीएस परीक्षाओं में विशिष्ट अंक (डिस्टिंक्शन अंक) प्राप्त करते हुए विश्वविद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल कर इस चिकित्सा महाविद्यालय का नाम ऊंचा किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में साक्षी ठाकुर पुत्री सुशील कुमार निवासी जिला हमीरपुर ने 450 में से 334 अंक (74.2 प्रतिशत) प्राप्त कर विशिष्ट श्रेणी में विश्वविद्यालय टॉपर होने का गौरव प्राप्त कर चिकित्सा महाविद्यालय चंबा का नाम ऊंचा किया है। इस उत्कृष्ट परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, वर्ष 2026 में साक्षी ठाकुर ने 450 में से 334 अंक (74.2 प्रतिशत) प्राप्त कर विशिष्ट श्रेणी में तीसरे वर्ष के पार्ट वन एमबीबीएस परीक्षा की विश्वविद्यालय में टॉपर बनीं।

पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा के प्रधानाचार्य डॉक्टर पंकज गुप्ता ने कहा कि इन उपलब्धियों का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता को जाता है।

> **सहिष्णुता** और समझदारी संसदीय लोकतंत्र के लिए उतने ही आवश्यक है जितने संतुलन और मर्यादित चेतना।
>
> – डॉ. शंकरदयाल शर्मा

## संपादकीय

# खौफनाक दुर्घटनाएं

वर्ष 2026 हिमाचल प्रदेश के लिए एक बुरे सपने जैसा साबित हो रहा है। राज्य में जगह-जगह घातक दुर्घटनाएं और अग्निकांड हो रहे हैं, जिनसे जनहानि हो रही है। हाल ही में सिरमौर जिले के हरिपुरधार में एक निजी बस दुर्घटना में 14 लोगों की जान चली गई, और अब इसी जिले के श्रीरेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र के नौहराधार तहसील में एक दर्दनाक अग्निकांड ने एक परिवार के छह लोगों की जान ले ली, जिनमें तीन मासूम बच्चे भी शामिल थे। ये लोग माघी पर्व मना रहे थे, लेकिन अचानक आग ने उनकी खुशियों को मातम में बदल दिया। यह दुर्घटना उस समय घटी जब परिवार की दो बेटियां अपने पति और बच्चों के साथ मायके आई हुई थीं।

हरिपुरधार और नौहराधार की ये घटनाएं न केवल स्थानीय लोगों के लिए दिल दहला देने वाली हैं, बल्कि इन दोनों हादसों ने पूरे गिरिपार क्षेत्र को गहरे जख्म दिए हैं। दोनों घटनाओं में एक समानता यह है कि यह हादसे तब हुए, जब लोग माघी पर्व मना रहे थे या उसकी तैयारी में थे। इन घटनाओं ने ना केवल पीड़ित परिवारों को गहरे सदमे में डाला है, बल्कि पूरे इलाके में भय और चिंता का माहौल बना दिया है। खासकर, जिस तरह से एलपीजी गैस सिलेंडरों के फटने से ये दुर्घटनाएं हुईं, यह सवाल उठाता है कि आखिर गैस सिलेंडरों की नियमित जांच क्यों नहीं की गई और अगर लीक हो रहा था, तो उसे समय रहते क्यों नहीं बंद किया गया।

गैस सिलेंडर एक तरह से बम से कम नहीं होते। अगर इनका सही तरीके से रख-रखाव नहीं किया जाए तो ये बेहद खतरनाक साबित हो सकते हैं। एक छोटी सी असावधानी भारी तबाही मचा सकती है, जैसा कि हम हाल की इन घटनाओं में देख चुके हैं। अर्की और नौहराधार इलाके में हुए अग्निकांडों के पीछे गैस सिलेंडरों का फटना ही कारण बताया गया है। इन हादसों में लोग अपनी जान गंवाते हैं और उनके शरीर के टुकड़े तक मिलते हैं, जो कि बेहद शोकजनक है। ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए हमें गैस सिलेंडरों की सावधानीपूर्वक देखभाल करनी चाहिए। गैस सिलेंडरों के सुरक्षित उपयोग के लिए सिलेंडर को सही स्थान पर रखें। इसे गर्मी और खतरनाक क्षेत्रों से दूर रखें। समय-समय पर सिलेंडर और पाइपलाइन की जांच करें। अगर लीक हो रहा हो तो सिलेंडर तुरंत बदलवाएं। पाइपलाइन और रेगुलेटर को ठीक से लगाएं ताकि गैस का दबाव ठीक से नियंत्रित हो सके। इसको बंद करने से गैस के रिसाव का खतरा कम हो जाएगा। अगर कहीं से गैस की गंध आने लगे तो तुरंत खिड़कियां खोलें और आग से दूर रहें। इन उपायों से हम गैस सिलेंडर की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं से बच सकते हैं। हालांकि, अगर इन हादसों की घटनाओं को देखा जाए, तो यह स्पष्ट है कि थोड़ी सी लापरवाही कितनी बड़ी तबाही मचा सकती है। इसलिए इन दुर्घटनाओं से सबक लेकर हमें इन सुरक्षा उपायों को अपनाना चाहिए।

इन घटनाओं ने गिरिपार क्षेत्र के माघी पर्व को शोक और गम में बदल दिया है। पहले हरिपुरधार में हुए बस हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया, और अब नौहराधार में हुआ अग्निकांड ने इस शोक को और गहरा किया। इन घटनाओं से पीड़ित परिवारों को उबरने में काफी वक्त लगेगा, और इस कठिन घड़ी में हमें उनकी मदद करनी चाहिए। इंसानियत का धर्म यही है कि शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ा रहें और उन्हें मानसिक और आर्थिक सहायता प्रदान करें। खासकर इस ठंड के मौसम में, उन्हें गर्म वस्त्रों और खाद्य सामग्री की आवश्यकता होगी, और यह हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी मदद करें।

आखिरकार, यह समय एकजुट होने का है। हम सभी को मिलकर उन परिवारों के साथ खड़ा होना होगा जिन्होंने अपनी कीमती जान गंवाई है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे शोक संतप्त परिवारों को संबल प्रदान करें और उन्हें इस असहनीय दर्द से उबारें। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय सिनेमा का सितारा

**कबीर** बेदी, 16 जनवरी 1946 को लाहौर (अब पाकिस्तान) में जन्मे, भारतीय सिनेमा के अनुभवी अभिनेता हैं जिन्होंने अपने बहुभाषी और पैन-कॉन्टिनेंटल करियर से अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई। उनके पिता बाबा प्यारेलाल सिंह बेदी एक लेखक और दार्शनिक थे, जबकि माता फ्रेडा बेदी ब्रिटिश मूल की थीं और बाद में बौद्ध भिक्षुणी बनीं। कबीर ने शेरवुड कॉलेज, नैनीताल और सेंट स्टीफन कॉलेज, दिल्ली से शिक्षा प्राप्त की।



कबीर बेदी
जन्म : 16 जनवरी, 1946

कबीर बेदी को विश्व स्तर पर पहचान इटली की लोकप्रिय टीवी सीरीज 'सैंडोकन' (1976) से मिली, जिसमें उन्होंने समुद्री डाकू की भूमिका निभाई और यूरोप में सुपरस्टार बन गए। इसके बाद उन्होंने हॉलीवुड की जेम्स बॉन्ड फिल्म 'ऑक्टोपसी' (1983) में गोबिंदा का किरदार निभाकर अपनी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को और मजबूती दी। भारत में उन्होंने 'खून भरी मांग', 'मैं हूं ना', और 'ताज महल : एन इटरनल लव स्टोरी' जैसी फिल्मों में यादगार भूमिकाएं निभाईं, जिनमें शाहजहां का किरदार विशेष रूप से सराहा गया। अमेरिका में भी कबीर बेदी ने अभिनय किया, जैसे कि लोकप्रिय टीवी शो 'द बोल्ड एंड द ब्यूटीफुल' में।

अपनी गहरी और दमदार आवाज के लिए प्रसिद्ध कबीर बेदी, हिंदी, अंग्रेजी और इटालियन में धाराप्रवाह बोलते हैं। उनके योगदान को मान्यता देते हुए इटली सरकार ने उन्हें 'कैवलियर' की उपाधि से सम्मानित किया। लेखन के क्षेत्र में भी उन्होंने अपनी आत्मकथा 'Stories I Must Tell: The Emotional Life of an Actor' लिखी, जिसमें अपने जीवन और करियर की कई अनकही बातें साझा की हैं। कबीर बेदी ने चार बार शादी की है, हाल ही में उन्होंने 70 वर्ष की आयु में परवीन दुसांज से शादी की। वर्तमान में वे मुंबई में रहते हैं और भारतीय सिनेमा तथा अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी अदाकारी और व्यक्तित्व से नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहे हैं। ■



कविता

## बेटी अनमोल है

रवि कुमार, मैहरी काथला,
जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

**बेटी** अनमोल है, समुचित शाश्वत बोल है।
बारहमासा यह पर्व है, बेटियों पर पिया-बाबुल को गर्व है।
एक बेटी पढ़े, दो परिवार पढ़े, कह गए महापुरुष विद्वान,
बेटी सृजन की अवधारिणी, ममता, स्वाभिमान की खान।
हिमालय की डगर पर, अंतरिक्ष के सफर पर,
विपत्ति में अटल चट्टान, शिक्षा-संस्कारों के ज्ञान में,
प्रतियोगिता के मैदान में, मंजिल की दौड़ में,
नेताओं की कतार में, शिक्षा-संस्कार ज्ञान में,
रूपहले परदे की डगर में, घर-परिवार के फर्ज में,
मुसीबतों के ऐवरेस्ट पर, फतह पा लेती है बेटियां,
आओ सभी कसम खाएं, नारी शाक्ति का सम्मान बढ़ाएं,
कन्या भ्रूण हत्या जघन्य पाप, गांव शहर यह अलख जगाएं।
विश्वगुरु वैदिक परंपरा आह्वान, बेटी है ईश का अमूल्य वरदान।
बेटा-बेटी एक समान, जगत में यह ज्ञानालोक फैलाएं।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# नवाचार, समावेशन और भारत की प्रगति को गति देते स्टार्टअप



पीयूष गोयल
केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री

स्टार्टअप इंडिया पहल पूरे देश में एक समग्र और नई सोच वाले ईको सिस्टम के रूप में विकसित हुई है। यह युवाओं की उद्यमशील ऊर्जा को रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को तेज करने की दिशा में लगाकर, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के मिशन को साकार करने का मार्ग तैयार कर रही है। भारत में आज दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप ईको सिस्टम में से एक मौजूद है।

आज उद्यमिता एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन चुकी है, जो भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दे रही है और विकास व रोजगार सृजन का नया इंजन बन रही है। यह परिवर्तन रातोंरात नहीं हुआ। जब प्रधानमंत्री ने 2015 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से स्टार्टअप इंडिया की घोषणा की, तब उन्होंने एक स्पष्ट और महत्वाकांक्षी दृष्टि रखी कि उद्यमिता देश के हर जिले और हर ब्लॉक तक पहुंचे। 16 जनवरी 2016 को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की ओर से शुरू किए जाने के बाद से स्टार्टअप इंडिया ने लंबा सफर तय किया है। स्टार्टअप देश की अर्थव्यवस्था के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नई ऊर्जा भर रहे हैं। आईटी सेवाएं, स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान, शिक्षा, कृषि और निर्माण जैसे क्षेत्रों में सबसे अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं। इसके अलावा, जलवायु तकनीक और अवसंरचना सहित 50 से अधिक अन्य उद्योगों में भी नए उद्यम सामने आए हैं। यह व्यापकता विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और मजबूती को दर्शाती है, खासकर उन क्षेत्रों में जो राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

**नवाचार और एआई :** पिछले एक दशक में एक बड़ा बदलाव नवाचार और गहन तकनीक पर बढ़ते ध्यान के रूप में देखा गया है। वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत की रैंक 2015 में 81वें स्थान से बढ़कर पिछले वर्ष 38वें स्थान पर पहुंच गई है, और गहन तकनीक से जुड़े स्टार्टअप्स को सरकार का समर्थन इसे आगे और बेहतर करेगा। प्रधानमंत्री की डिजिटल इंडिया पहल के आधार पर एआई स्टार्टअप्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

गहन तकनीक वाला राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के तहत अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना की गई है तथा इंडिया एआई मिशन और रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन योजना की शुरुआत की गई है। भारत के स्टार्टअप एयरोनॉटिक्स, एयरोस्पेस और रक्षा, रोबोटिक्स, हरित तकनीक, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और सेमकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में भी नवाचार कर रहे हैं। बौद्धिक संपदा के निर्माण में तेज वृद्धि इस प्रवृत्ति को और मजबूत करती है। भारतीय स्टार्टअप्स ने 16,400 से अधिक नए पेटेंट आवेदन दाखिल किए हैं, जो मौलिक नवाचार, दीर्घकालिक मूल्य सृजन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर बढ़ते फोकस को दर्शाता है।




**अखिल भारतीय विकास :** भारत में उद्यमिता को देशव्यापी समर्थन प्राप्त हो रहा है। वर्ष 2016 में जहां केवल चार राज्यों में स्टार्टअप नीतियां थीं, वहीं आज 30 से अधिक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष स्टार्टअप ढांचे मौजूद हैं। अब हर राज्य में डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं और अब तक 2 लाख से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता दी जा चुकी है। 2025 में रिकॉर्ड 49,400 स्टार्टअप्स को मान्यता मिली। महिला नेतृत्व और गैर-मेट्रो शहरों की बढ़ती भागीदारी समावेशी विकास को दर्शाती है। अंतरराष्ट्रीय ब्रिज और वैश्विक साझेदारियों ने भारतीय स्टार्टअप्स को विश्व बाजार से जोड़ा है।

**सुधार और बाजार तक पहुंच :** स्टार्टअप्स के विकास में कारोबार करने में आसानी एक प्रमुख आधार रही है। पात्र स्टार्टअप्स को अपने पहले दस वर्षों में से किसी भी तीन वर्षों के लिए कर अवकाश की सुविधा दी गई है, जिसके तहत अब तक 4,100 से अधिक प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं। 60 से अधिक नियामकीय सुधारों, एंजेल टैक्स की समाप्ति और वैकल्पिक निवेश कोषों को बढ़ावा देने से फंडिंग पारिस्थितिकी तंत्र सशक्त हुआ है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से हजारों स्टार्टअप्स को बाज़ार मिला है। फंड ऑफ फंड्स, क्रेडिट गारंटी और सीड फंड योजनाओं से मजबूत वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया है।

**सांस्कृतिक बदलाव :** भारतीय स्टार्टअप्स ने देश में एक बड़ा सांस्कृतिक बदलाव लाया है। पहले माता-पिता बच्चों को मुख्यत: सरकारी नौकरी, इंजीनियरिंग या चिकित्सा जैसे पारंपरिक करियर की ओर प्रेरित करते थे।

आज युवा केवल नौकरी पाने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनने का सपना देख रहे हैं। समाज और परिवार भी अब उद्यमशीलता को सम्मान और प्रोत्साहन देते हैं, जिससे जोखिम लेने और नवाचार के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है। नीति-आधारित समर्थन, वित्तीय सहायता, नियामकीय सुधार और बाजार तक आसान पहुंच ने इस बदलाव को और मजबूती दी है। स्टार्टअप्स न केवल रोजगार सृजन कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत की पहचान भी मजबूत कर रहे हैं। 2047 तक विकसित देश बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए, स्टार्टअप्स समृद्ध, समावेशी और नवाचार-प्रधान भारत के निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाते रहेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# व्यावसायिक सफलता की अंधी दौड़ में दम तोड़ते रिश्ते



धरम चंद धीमान
गांव जैहमत, तहसील बलदवाड़ा, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश

मनुष्य अपने परिवार में जन्म लेता है। जन्म से ही उसे कुछ रिश्ते उपहार स्वरूप मिल जाते हैं। यही रिश्ते उसके जीवन को समाज में एक सम्मानजनक जीवन जीने के योग्य बनाते हैं। उसे शिक्षित और दीक्षित करते हैं।

संस्कृति और संस्कारों का ज्ञान देते हैं और व्यवहारिक जीवन में काम आने वाली मर्यादाओं से रू-ब-रू करवाते हैं। मानव को ये रिश्ते इतनी क्षमता और विवेक देने का काम करते हैं कि कोई भी विपत्ति अगर जीवन में आती है तो वह अपने बुद्धिबल से उस भंवर से बाहर आ सके ।

ये रिश्ते खुद की कुर्बानी देकर उसे योग्य और सक्षम बना देते हैं। समय के साथ मानव इन्हीं रिश्तों की सुरक्षा और छत्रछाया में पल बढ़कर समाज में एक पहचान पाने के योग्य हो जाता है । उसको सामाजिक पहचान और मान्यता के प्राप्त होने से उसके संवर्धन में प्रयासरत ये रिश्ते उस समय अत्याधिक प्रसन्नता की अनुभूति करते हैं। पहले मानव स्वभाव इतना सरल और जिम्मेदाराना होता था कि एक व्यक्ति जब किसी परिवार या समाज से परिवार जनों के सहयोग और मार्गदर्शन से सफलता के पायदान पार करते हुए मंजिल तक पहुंच जाता था तो वह अपनी योग्यता और सफलता से अपने रिश्तों की कद्र और देखभाल को अपना नैतिक कर्तव्य समझता था और हर वो बलिदान देने के लिए तैयार रहता था जो उन रिश्तों को जिंदा रखने के लिए जरूरी होते थे।

समय गुजरता गया और जीवन में सफलता की एक नई परिभाषा सामने आई। आधुनिक समय में लोग अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देने के लिए दिन-रात मेहनत करते हुए देखे जाने लगे। लोगों में एक सोच पनप गई कि कि जो वे खुद प्राप्त न कर सके उसे उनकी संतान या कोई रिश्तेदार प्राप्त कर ले। अपने द्वारा कठोर मेहनत के बल पर अर्जित धन और संपत्ति को उस व्यक्ति के जीवन निर्माण में लगाकर अपने भविष्य की चिंता तक को छोड़ देते हैं। उनकी उम्मीद इस बात पर टिकी होती है कि उस बच्चे की सफलता में ही उनके भविष्य की सुरक्षा छिपी हुई है। समय के साथ और अपने परिवारजनों के बलिदानों के बल पर आधुनिक मानव एक बेहतरीन जीवन के लक्ष्य की प्राप्ति कर लेता है। फिर उसका पदार्पण अपने कार्यक्षेत्र और समाज में होता है। विवाह बंधनों में बंधने के परिणाम स्वरूप वह कुछ और नए रिश्तों से परिचित होता है। कार्यक्षेत्र के कारण भी उसका दायरा बढ़ता है। सामाजिक परिधि के फैलाव के कारण कुछ अनजाने लोगों से भी उनकी दोस्ती हो जाती है।



यह दोस्ती उसके लिए कई बार अपने नजदीकी रिश्तों से भी ज्यादा मार्गदर्शक और अपनत्व से भरी हुई लगती है। मानव स्वभाव है कि वह जितना पा लेता है, उससे संतुष्ट नहीं होता। वह हमेशा और अधिक पाने की चाह में आगे बढ़ता रहता है। समाज में कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जिन्हें बचपन में संरक्षण और सहयोग नहीं मिला, इसलिए वे जीवन में सफलता का स्वाद नहीं चख पाए, किंतु उस स्वाद की इच्छा उनके भीतर कभी मरती नहीं। वे किसी भी कीमत पर सफलता पाने के लिए संघर्ष करते रहते हैं।

यह जिजीविषा सराहनीय है, क्योंकि जब तक सांस है, हार नहीं माननी चाहिए लेकिन आधुनिक समय में सफलता की इस अंधी दौड़ ने रिश्तों को पीछे छोड़ दिया है। आज का मानव सफलता की नई परिभाषा गढ़ते हुए रिश्तों की खेती करना भूलता जा रहा है। वह निरंतर दौड़ रहा है, जबकि रिश्ते इंतजार में घुटते हुए मुरझा रहे हैं। समय रहते हमें समझना होगा कि जीवन केवल धन और उपलब्धियों से नहीं चलता। रिश्ते जीवन की वह अनमोल पूंजी हैं, जिन्हें खो देने के बाद केवल पछतावा ही शेष रह जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मां और पुलिस : समाज के संरक्षण की दो समान और आवश्यक रक्षक छवियां



प्रवीण कुमार
निरीक्षक, हि.प्र. पुलिस, पीटीसी डरोह, जिला कांगड़ा

यदि व्यावहारिक तौर पर देखा जाए तो मां और पुलिस की भूमिका में काफी समरूपता दिखाई देती है। मुसीबत की दशा में या तो मां याद आती है या पुलिस। जब तन पर चोट लगती है तो हाय मां शब्द एकदम मुंह से निकलता है, उसी तरह यदि कोई विपदा आती है, जैसे घर के अंदर सांप निकल आया, कोई डूब रहा, कोई कूद रहा, कोई भाग रहा या कोई आपराधिक घटना घटित हो जाए तो फट से पुलिस याद आती है।

यह भी कटु सत्य है कि वैसे तो मां भीतर से मोम जैसी कोमल व संवेदनशील होती है, परंतु कई बार मां को बच्चों के सुधार एवं सर्वांगीण विकास के लिए बहुआयामी रूप भी धारण करना पड़ता है तथा कठोरता से काम लेना पड़ता है। मां की भांति ही पुलिस को कई बार असामाजिक तत्वों व बिगड़ैल लोगों के साथ कठोरता से पेश आना पड़ता है तथा इस कठोरता का प्रमुख लक्ष्य सभ्य समाज का निर्माण करना ही होता है, ताकि समाज के लोग सार्थक जीवनयापन कर सकें। अत: कहा जा सकता है कि मां और पुलिस के लक्ष्य व भूमिका में कई प्रकार की समानताएं हैं। यदि मां और पुलिस में समरूपता है तो पुलिस को मां का दूसरा रूप माना जाना चाहिए, लेकिन समाज में रहने वाला प्रत्येक वर्ग विकट परिस्थितियों में पुलिस को तो याद करता है, लेकिन बदले में पुलिस को टेढ़ी नजर से देखता है। पुलिस से सुरक्षा की अपेक्षा भी करता है, जबकि उसी पुलिस से घृणा व दूरी भी बनाए रखना चाहता है।

आखिर क्या कारण है कि हम पुलिस के प्रति दोहरी मानसिकता का परिचय देते हैं। पुलिस को रक्षक समझने की बजाय भक्षक मान लेते हैं, जबकि वास्तव में पुलिस हम सभी की रक्षा करती है। पुलिस विकट व विपरीत परिस्थितियों में भी सेवाओं का निष्पादन करके हमारे समाज में कानून व्यवस्था, भाईचारे, एकता, अखंडता व सुरक्षा की भावना पैदा करने में अहम भूमिका निभाती है। अगर गौर से देखा जाए तो पुलिस शब्द का व्यावहारिक अर्थ जन रक्षक है, जिसका प्रमुख कार्य जनता जनार्दन के जानमाल की रक्षा करना है, इसी के मद्देनजर सरकार ने पुलिस को जनमानस की सुरक्षा करने की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। यदि पुलिस जन रक्षक बनकर जनता की सेवा करती है तो भी सामाज पुलिस को सम्मान के साथ क्यों नहीं देखता है? इस बात का जवाब ढूंढने के लिए जब अध्ययन किया गया तो पाया कि जब पुलिस का गठन किया गया था तब अंग्रेजों ने भारतीय नागरिकों द्वारा चलाई गई आजादी की मुहिम को कुचलने के लिए पुलिस को हथियार के रूप में प्रयोग किया था।



पुलिस को दमनकारी स्वरूप देने में अंग्रेजी शासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उस दौर में पुलिस शासकों के आदेश पर जनता पर अत्याचार करती थी, जिससे लोगों के मन में पुलिस का भय गहराई से बैठ गया। लंबे समय तक यह स्थिति बनी रही कि पुलिस का नाम सुनते ही लोग आशंकित हो जाते थे और बच्चों को डराने के लिए भी पुलिस का सहारा लिया जाता था। समय के साथ समाज बदला है। आज पुलिस और जनता के संबंध पहले की तुलना में अधिक सहज हुए हैं, फिर भी समाज का एक बड़ा वर्ग पुलिस के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण रखता है। यह नहीं भूलना चाहिए कि पुलिसकर्मी भी इसी समाज का हिस्सा है और समाज की सुरक्षा के लिए निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करता है। आज आवश्यकता है कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सहयोग बढ़ाया जाए। सोशल मीडिया के युग में पुलिस को पारदर्शिता और संवेदनशीलता बनाए रखनी होगी, वहीं समाज को भी पुलिस के प्रति अपना दृष्टिकोण सकारात्मक बनाना होगा। पुलिस और समाज का आपसी सहयोग ही सशक्त कानून व्यवस्था की नींव है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारतीय सेना : युद्धभूमि में अडिग, संकट में राष्ट्र का संबल



योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र लेखक

प्रतिवर्ष 15 जनवरी को भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2026 में हम 78वां सेना दिवस मना रहे हैं। इस दिन देशभर में थलसेना की वीरता, साहस और शौर्य को याद किया जाता है।

जवानों के दस्ते, रेजिमेंट परेड और झांकियों के माध्यम से उन बहादुर सैनिकों को सलामी दी जाती है जिन्होंने देश और लोगों की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर किए। 15 जनवरी को विशेष इसलिए चुना गया क्योंकि 1949 में इसी दिन लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने थे। वे बाद में फील्ड मार्शल भी बने और भारतीय सेना के इतिहास में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही।

जनरल करियप्पा ने ब्रिटिश जनरल फ्रांसिस बुचर से भारतीय सेना की कमान संभाली थी और 1953 में सेना से सेवानिवृत्त हुए। भारतीय थलसेना का इतिहास 1776 में ईस्ट इंडिया कम्पनी की सैन्य टुकड़ी से शुरू हुआ, जो बाद में ब्रिटिश भारतीय सेना बनी। स्वतंत्रता के बाद इसे 'भारतीय थल सेना' नाम दिया गया। आज भारतीय सेना के पास 53 छावनियां, 9 आर्मी बेस और 14.45 लाख सर्, य सैनिक हैं, जो इसे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सर्, य सेना बनाते हैं। इसके अलावा 12 लाख से अधिक आरक्षित बल और 20 लाख अर्धसैनिक बल भी शामिल हैं। भारतीय सेना संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में भी सबसे बड़ी योगदानकर्ता सेनाओं में से एक है।

स्वतंत्रता के बाद भारतीय सेना ने पांच बड़े युद्ध लड़े ङ्क 1947-48 का भारत-पाक युद्ध (कश्मीर युद्ध), 1962 का चीन युद्ध, 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्ध और 1999 का कारगिल युद्ध। 1962 में चीन के पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने धोखे से हमला किया, जबकि 1965 और 1971 के युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारी हार दी। विशेष रूप से 1971 के युद्ध में 13 दिनों में पाकिस्तान के 90,000 सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने हथियार डाल दिए, जिससे बांग्लादेश का निर्माण हुआ। 1999 में कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने दुश्मन को निर्णायक हार दी।

भारतीय सेना आधुनिक हथियारों और प्रौद्योगिकी से लैस है। 4,000 से अधिक टैंक, 5,000 से ज्यादा तोपें, 1,500 रॉकेट आर्टिलरी, 8,600 बख्तरबंद वाहन और 3,300 हल्की आर्टिलरी इसकी ताकत बढ़ाते हैं। 2025 की 'ग्लोबल फायरपावर रिपोर्ट' के अनुसार भारतीय सेना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और अत्याधुनिक सेनाओं में शामिल है। उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में युद्धक अनुभव और रणनीति में दक्षता इसे चीनी सेना पर बढ़त देती है।



भारतीय सेना ने कभी भी आ, ामक युद्ध की शुरुआत नहीं की, फिर भी इसके अनुशासन, वीरता और आधुनिक हथियार इसे दुनिया की सबसे खतरनाक और सक्षम सेनाओं में गिनवाते हैं। इसकी रणनीतिक स्थिति, समुद्री प्रभुत्व और दक्षता भारत को दक्षिण एशिया में प्रभावशाली शक्ति बनाती है। सेना दिवस के अवसर पर देश के नागरिक जवानों के बलिदान, साहस और सेवा को याद करते हैं। यह दिन हमें भारतीय सैनिकों की महानता और देश की रक्षा में उनके अदम्य योगदान को याद करने की प्रेरणा देता है। भारतीय थलसेना केवल एक सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा, गौरव और एकजुटता का प्रतीक है, जो कठिन परिस्थितियों में भी देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### हीरा पाल बने जोगिंद्रनगर के समन्वयक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूर्व सचिव हीरा पाल ठाकुर को क्षेत्र का समन्वयक नियुक्त किया है। नियुक्ति पर ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार का आभार जताते हुए जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने का भरोसा दिया। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी को क्षेत्र में बैठकों का आयोजन कर कांग्रेस नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श किया जाएगा। ठाकुर ने कहा कि हाईकमान के निर्देशों को जनता तक पहुंचाने के लिए घर-घर संवाद कर अभियान को मजबूत जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा।

### पारस पराशर भारतीय तटरक्षक बल में चयनित



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के रखोह गांव के पारस पराशर का भारतीय तटरक्षक बल में सहायक कमांडेंट (जनरल ड्यूटी) के पद पर चयन हुआ है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी माहौल है। पारस पराशर की यह सफलता उनके निरंतर समर्पण, कठिन परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है। छात्र राजनीति से लेकर राष्ट्र सेवा तक का उनका सफर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। कॉलेज स्तर पर नेतृत्व क्षमता का सफल निर्वहन करने के बाद अब देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में उनकी भूमिका अहम होगी। क्षेत्र के लोगों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने पारस पराशर को बधाई दी है।

### बाल विवाह निषेध कानून की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** महिला एवं बाल विकास विभाग सर्कल सलवाहन के तहत पंचायत शाली के आंगनबाड़ी केंद्र जड़ोली में राष्ट्रीय टेली मानस स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यवेक्षक संदीप चौहान ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य टोल फ्री नंबर 14416 के माध्यम से 24 घंटे मुफ्त व गोपनीय मानसिक स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम को मिशन शक्ति व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से जोड़ा जा रहा है। इस दौरान सीबीई व अन्नप्राशन दिवस भी मनाया गया तथा बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी दी गई।

### एसीपीएस पुनः लागू करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश पशु चिकित्सा अधिकारी संघ ने राज्य सरकार से आगामी बजट वर्ष 2026-27 में आश्वस्त कैरियर प्रगति योजना (एसीपीएस) को पुनः लागू करने की मांग की है। संघ के राज्य अध्यक्ष डॉ. नीरज मोहन और महासचिव मधुर गुप्ता ने प्रेस बयान में कहा कि हिमाचल प्रदेश सिविल सेवा (वेतन) नियम, 2022 लागू करते समय 3 जनवरी 2022 से एसीपीएस को समाप्त कर दिया गया, जिससे पशुपालन विभाग में कार्यरत पशु चिकित्सा अधिकारियों की पदोन्नति और वेतन प्रगति बुरी तरह प्रभावित हुई है। महासचिव मधुर गुप्ता ने बताया कि विभाग में पदोन्नति के अवसर अत्यंत सीमित हैं। संघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से बजट 2026-27 में एसीपीएस बहाल कर वित्तीय व प्रशासनिक न्याय सुनिश्चित करने की मांग की है।

### गलु चनौता में 215 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** आयुष विभाग द्वारा उपमंडल सरकाघाट के आयुष आरोग्य मंदिर गलु चनौता में एक दिवसीय बहु-विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 215 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा प्रकृति प्रशिक्षण, मर्म चिकित्सा, कपिंग थैरेपी और योग अभ्यास की सुविधा प्रदान की गई। डॉ. प्रिंस ने बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया, जबकि डॉ. हेमलता ने आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डाला। ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों की निरंतरता की मांग की।

### स्मारिका के प्रकाशन पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की स्मारिका उप समिति की बैठक उपमंडलाधिकारी (ना) सदर मंडी रूपिन्दर कौर की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में स्मारिका की थीम, कवर पेज, सामग्री की विविधता, मौलिक लेखों तथा प्रकाशन की गुणवत्ता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष मंडी शहर की स्थापना के 500 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं, ऐसे में स्मारिका के लेखों में मंडी शहर के ऐतिहासिक सफर, सांस्कृतिक विरासत और विकास क्रम से जुड़े तथ्यों को प्रमुखता से शामिल किया जाएगा। इसके लिए इतिहासकारों और शोधार्थियों से संपर्क साधने का भी निर्णय लिया गया।

### जोगिंद्रनगर में कल लगेगा नेत्र जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** क्षेत्रवासियों के लिए एक राहत भरी खबर है। नैना ऑप्टिकल आई क्लिनिक जोगिंद्रनगर एवं गर्ग आई हॉस्पिटल पालमपुर के संयुक्त तत्वावधान में जोगिंद्रनगर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नैना ऑप्टिकल आई क्लीनिक जोगिंद्रनगर के डॉ. सुनील ने बताया कि यह शिविर आम लोगों को बेहतर नेत्र स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से लगाया जा रहा है। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 17 जनवरी को आयोजित होगा। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। शिविर का आयोजन विवेक होटल, लक्ष्मी बाजार, जोगिंद्रनगर में किया जाएगा।

### गणतंत्र समारोह की तैयारियों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन सेरी मंच पर किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त अपूर्व देवगन ने समारोह की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज यहां आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उपायुक्त ने बताया कि सर्वप्रथम इंदिरा मार्केट परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर मुख्य अतिथि द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके उपरांत महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि सेरी मंच पर पहुंचेंगे। यहां ध्वजारोहण के पश्चात वे मार्च पास्ट का निरीक्षण कर भव्य परेड की सलामी लेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग को ध्वजारोहण सहित मार्च पास्ट की तैयारियां सुचारू रूप से कर लें।

### सुंदरनगर में हिंदू सम्मेलन संपन्न

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा वीरवार को सुंदरनगर कम्युनिटी हॉल में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक संजय मुख्य वक्ता रहे और उन्होंने 'पांच परिवर्तन' एवं राष्ट्र की संप्रभुता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र सेन ने की, जबकि संयोजक घनश्याम ने सम्मेलन को सफल बनाया। विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय मंत्री लेखराज राणा ने धर्मांतरण, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक एकता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकारें समाज की शक्ति के आधार पर चलती हैं और धर्मांतरण पर कड़े कानून बनाने हेतु हिंदू समाज को सशक्त बनाना आवश्यक है।

# गढ़ के लोगों ने वर्तमान गूर देवी सिंह को गद्दी से उतारा

## पुजारी बोधराज निवासी गोत करेंगे बड़ा देव कमरुनाग की पूजा

अनंत ज्ञान

**सुनील शर्मा, गोहर।** मंडी जिला के नाचन और सराज क्षेत्र के किसान-बागवान पिछले तीन सालों से सर्दियों में पड़ रहे सूखे से परेशान हैं। इसी को लेकर वीरवार को किसानों-बागवानों ने बड़ा देव कमरुनाग के गूर देवी सिंह का घेराव कर डाला। यह घेराव गढ़ से धगयारा गलू पहुंचे किसानों-बागवानों की ओर से किया गया।

किसानों-बागवानों ने गूर देवी सिंह के सामने अपनी पीड़ा रखते हुए कहा कि छह महीने बारिश और छह महीने मौसम साफ रहने से उनकी खेती-बाड़ी पूरी तरह चौपट हो गई है और अब वे इसका समाधान चाहते हैं। इस दौरान गूर देवी सिंह और किसानों-बागवानों के बीच काफी गहमा-गहमी भी हुई। गढ़ से पहुंचे किसानों-बागवानों ने कहा कि गूर उन्हें देवता दें और वे स्वयं पुजारी रखेंगे, क्योंकि वर्तमान गूर समेत नए-पुराने नौ गूर बारिश बरसाने में नाकाम रहे हैं।



एकत्र हुए किसान-बागबान। अनंत ज्ञान

उन्होंने वीरवार को ही देवता को प्रजा को सौंपने की मांग उठा दी। वहीं, गूर देवी सिंह का कहना था कि देवता की तीन टोली और खुले गूर इस पर फैसला करेंगे।

उन्होंने किसानों-बागवानों से एक सप्ताह का समय देने का आग्रह भी किया, लेकिन सात गढ़ से आए किसान-बागवान नहीं माने और उसी दिन देवता को प्रजा को सौंपने की मांग पर अड़े रहे। किसानों-बागवानों ने उनके द्वारा लिए गए फैसले को लेकर गूर, कटवाल पालसरा और खुले गूरों को आपस में चर्चा करने को कहा। चर्चा करने के बाद गोत से बोधराज जो लाठी परिवार से है, को देवता का पुजारी चुना गया। अब देवता गोत में पुजारी के घर रहेंगे और पुजारी बोधराज देवता की पूजा करेंगे।

# सैनिक दिवस पर पूर्व सैनिकों ने शौर्य और परंपरा को किया नमन

## 15 जनवरी भारतीय सेना की स्वाधीन पहचान का प्रतीक : कैप्टन जगदीश

अनंत ज्ञान



**अनिल शर्मा, मंडी।** संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश के चैयरमेन कैप्टन जगदीश वर्मा ने सैनिक दिवस पर कहा कि यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि भारतीय सेना के गौरव, परंपरा और स्वतंत्र पहचान का प्रतीक है, उन्होंने कहा कि यद्यपि भारत में 1 अप्रैल 1895 को इस्ट इंडिया कंपनी ने सहस्त्र सेनाओं की स्थापना कर दी थी, लेकिन स्वतंत्र भारत की असली सैन्य पहचान 15 जनवरी 1949 को तब स्थापित हुई जब फील्ड मार्शल केएम करियप्पा ने ब्रिटिश कमांडर इन चीफ सर फ्रांसिस रॉबर्ट रॉय बुचर से कमांडर इन चीफशिप की कमान संभाली और इसके साथ ही भारतीय सेना पर विदेशी नियंत्रण पूरी तरह समाप्त हो गया, कैप्टन जगदीश वर्मा ने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण भारत की सैन्य स्वायत्तता का आधार बना और इसी कारण 15 जनवरी को सैनिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भारतीय सेना के शौर्य, अनुशासन, बलिदान और देशभक्ति को समर्पित है।

अनंत ज्ञान सेना दिवस

## सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी : धर्म सिंह

अनंत ज्ञान



**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी।** मंडी शहर के नजदीक दुद्दर गांव के निवासी रिटायर्ड सूबेदार धर्म सिंह रावत, जो जैक राइफल रेजीमेंट में 28 वर्षों तक सेवारत रहे, ने सैनिक दिवस के अवसर पर कहा कि इस दिन का आयोजन सिविलियन, रिटायर्ड व सेवारत सैनिकों को मिलकर किसी उपयुक्त स्थान पर किया जाना चाहिए, ताकि समाज और सेना के बीच आपसी सम्मान और संवाद मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में सेवा देने का अनुभव यह सिखाता है कि देश की रक्षा केवल हथियारों से नहीं, बल्कि मजबूत मनोबल और अनुशासन से होती है, उन्होंने यह भी कहा कि वॉर मेमोरियल जैसे शहीदी स्मारकों को सही तरीके से संरक्षित किया जाना चाहिए। ऐसे आयोजनों से सैनिकों का मनोबल ऊंचा उठता है।

## कांग्रेस युवा नेता अनिल शर्मा बने बल्ह विधानसभा प्रभारी



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्रदेश कांग्रेस हाइकमान ने क्षेत्र के युवा नेता और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव, युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा को पार्टी ने बल्ह विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त कर सम्मान दिया है। उनकी नियुक्ति को संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अनिल शर्मा इससे पूर्व युवा कांग्रेस मंडी लोकसभा क्षेत्र के अध्यक्ष, युवा कांग्रेस सरकाघाट के अध्यक्ष तथा सरकाघाट महाविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। संगठनात्मक अनुभव और जमीनी पकड़ के चलते उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।नई जिम्मेदारी मिलने के बाद अनिल शर्मा ने कहा कि वे 'मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान' को पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूती से पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण मनरेगा कमजोर हो रहा है, जिसके खिलाफ कांग्रेस जनहित में संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आम जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया और कहा कि संगठन की ताकत से ही जनविरोधी नीतियों का जवाब दिया जाएगा।

# पटवारखाना और कानूनगो कार्यालय महादेव परिसर बना कूड़े की डंपिंग साइट

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता एक बड़ा सरकारी क्षेत्र उपेक्षित हालत में है, जहां बास मारता कूड़ा-कचरा भरा पड़ा है। वहीं, बोतलों से अटा पड़ा देखा जा सकता है और यह सिलसिला लंबा हो चला है। यहां स्वच्छता को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके साथ ही नशेड़ी आदि सरकारी संस्थानों के यहां कूड़ा-कर्कट भरते रहते हैं। इन नशेड़ियों पर कोई शिकंजा नहीं कसा जाता है। यही सब हाल है पटवारखाना एवं कानूनगो कार्यालय महादेव का, जिसका परिसर बिना चारदीवारी के रहने से यहां वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। वहीं एक बड़े परिसर में गंदगी डालने के दृष्टिगत कूड़ा ही कूड़ा नजर आता है। यह सरकारी क्षेत्र लोक निर्माण विभाग के खस्ताहाल मार्ग तथा बेशुमार गंदगी भरी नाली से अटा पड़ा है, जिससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है। लोगों का कहना है कि इस सरकारी कामकाज के यहां से कई रास्ते खुले स्थान से होकर आसपास के घने ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ते हैं, जिससे भी यह स्थान कूड़ा घर बनता जा रहा है,



चारदीवारी लगाने की मांग लंबित। अनंत ज्ञान

जबकि यहां पूरी तरह साफ-सफाई रखने के मद्देनजर चारदीवारी लगाने की मांग लंबित पड़ी है, जो अभी तक निर्मित नहीं की गई है। लोगों ने डीसी से पुरजोर मांग की है कि पटवारखाना एवं कानूनगो कार्यालय महादेव जो एक ही परिसर में हैं, की सही तरीके से सफाई रखने के लिए यहां शीघ्र ही पक्का चारदीवारी लगाने का कार्य शुरू किया जाए।

# टैंक की सफाई और पानी में नियमित डाली जाए क्लोरीन : विनोद कुमार

अनंत ज्ञान

◆ गोहर व आसपास क्षेत्रों में फैले पीलिया को लेकर विधायक ने की बैठक

**गोहर।** गोहर व आसपास के क्षेत्र में फैल रहे पीलिया के मद्देनजर नाचन के विधायक विनोद कुमार ने आदर्श नागरिक स्वास्थ्य केंद्र गोहर में चिकित्सकों व जल शक्ति विभाग के साथ बैठक कर जानकारी हासिल की। उन्होंने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को पानी के सोर्स, स्टोरेज टैंक व फिल्टर की साफ-सफाई के तथा पानी में क्लोरीन के नियमित प्रयोग करने को कहा। उन्होंने चिकित्सकों से भी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति समर्पण भाव से मरीजों की देखभाल व सेवा करने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा यह सिविल हॉस्पिटल नहीं आदर्श नागरिक स्वास्थ्य केंद्र है यहां लगभग एक लाख की जनता को लाभान्वित करता है। यहां पर स्वास्थ्य सेवाएं उच्च कोटि की होनी चाहिए उन्होंने कहा आज पीलिया रोग के मरीज आ रहे हैं इसके पीछे के कारण और निदान के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए और लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा स्वास्थ्य केंद्र के बारे लोगों की राय अच्छी नहीं आ रही। चिकित्सक वर्ग पूरी निष्ठा व ईमानदारी से लोगों की सेवा करे। आदर्श नागरिक स्वास्थ्य केंद्र गोहर में 11 चिकित्सक हैं, जिस विभाग में जो कमियां हैं, मुझे बताइए, मैं आपकी आवाज सरकार तक पहुंचाऊंगा। लेकिन चिकित्सकों की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। विनोद ने कहा 11 चिकित्सक हैं 400-500 के करीब ओपीडी होनी चाहिए। उन्होंने साफ-सफाई पर ध्यान रखने के आदेश दिए। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष मुकेश चंदेल, पंकज ठाकुर, नरेंद्र कुमार सोनू शर्मा जगजीवन सिंह धीरज गुप्ता चंदन गुप्ता हुकुम ठाकुर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता साथ रहे।

## जिलास्तरीय लोहड़ी मेला सज्योपिपलू को लेकर सियासी घमासान तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिलास्तरीय लोहड़ी मेला सज्योपिपलू को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। भाजपा नेता पूर्व भाजपा प्रत्याशी व प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य रजत ठाकुर ने स्थानीय विधायक व प्रशासन पर मेले को समाप्त करने की मंशा रखने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार में मंत्री रहे ठाकुर महेंद्र सिंह के प्रयासों से इस पारंपरिक मेले को जिलास्तरीय दर्जा मिला था, लेकिन मौजूदा व्यवस्था की नाकामी के चलते इस बार मेले की गरिमा को ठेस पहुंची है। रजत ठाकुर ने आरोप लगाया कि मेले के आयोजन के लिए खेल मैदान की स्वीकृति तक नहीं मिल पाई, जिससे खेल गतिविधियां प्रभावित रही। उन्होंने कहा कि मेले का मुख्य आकर्षण रहने वाली मैराथन भी निर्धारित समय पर शुरू नहीं हो सकी, जो प्रशासनिक अव्यवस्था का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह सब जानबूझकर किया गया, ताकि मेले का स्तर गिराया जा सके। रजत ठाकुर ने मांग की कि भविष्य में मेले की जिला स्तरीय पहचान को बनाए रखने के लिए समय रहते सभी स्वीकृतियां दी जाएं और आयोजन को राजनीति से दूर रखा जाए। इधर, सज्योपिपलू पंचायत के पूर्व प्रधान कमलेश कुमार ने भी मेले को खत्म करने की कोशिश का आरोप लगाते हुए कहा कि इस पावन और सांस्कृतिक आयोजन को राजनीति का अखाड़ा बनाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी आरोपों का समर्थन करते हुए कहा कि यदि समय रहते व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं की गईं तो आने वाले वर्षों में यह जिला स्तरीय मेला केवल नाम का रह जाएगा।



◆ भाजपा कार्यसमिति सदस्य रजत ठाकुर ने विधायक व प्रशासन पर जड़े आरोप

## यदोपति को बनाया चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट कांग्रेस के युवा नेता तथा हिमाचल एनएसयूआई और हिमाचल युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदोपति ठाकुर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं विधायक विनय कुमार द्वारा चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। यदोपति ठाकुर को यह जिम्मेदारी संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से सौंपी गई है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद यदोपति ठाकुर 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान को पंचायत और बूथ स्तर तक ले जाने का व्यापक कार्यक्रम चलाएंगे। इसके तहत मनरेगा से जुड़े श्रमिकों की समस्याओं को उठाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और केंद्र सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनजागरण किया जाएगा। यदोपति ठाकुर ने नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए चिंतपूर्णी क्षेत्र में कांग्रेस को और मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# 25 को सिलेक्ट होगी हिमाचल सब जूनियर खो-खो टीम : अभिषेक

अनंत ज्ञान

◆ सोलन जिला के सूरजपुर में होगा ट्रायल

◆ कुरुक्षेत्र में 31 जनवरी से 4 फरवरी तक होगी चैंपियनशिप

**ब्यूरो, मंडी।** राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए हिमाचल प्रदेश लड़के व लड़कियों की सब जूनियर खो-खो टीम का चयन 25 जनवरी को किया जाएगा। प्रदेश खो-खो संघ द्वारा टीम के चयन के लिए सोलन जिला की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सूरजपुर में किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों का जन्म 4 फरवरी 2012 व उसके बाद होना चाहिए। खिलाड़ियों का आयु, वजन व ऊंचाई का इंडैक्स 215 से अधिक नहीं होना चाहिए। प्रदेश खो-खो संघ के प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक ठाकुर व महासचिव एवं भारतीय खो-खो महासंघ के संयुक्त सचिव एल आर वर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सब जूनियर खो-खो टीम 25 जनवरी को सोलन जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सूरजपुर में चुनी जाएगी, जिसमें संघ निर्धारित इंडैक्स व आयु सीमा के खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की टीम 31 जनवरी से 4 फरवरी तक हरियाणा के कुरुक्षेत्र में होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर खो-खो चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। उन्होंने प्रदेश के सभी जिला के खो-खो महासंघ के पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि अपने जिला के खिलाड़ियों को ट्रायल के लिए लाएं ताकि बेहतरीन व उत्कृष्ट हिमाचल प्रदेश की टीम का चयन किया जा सके।



## जोगिंद्रनगर में 679 उपभोक्ताओं के घरों में लगे स्मार्ट मीटर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** मंडी जिले के जोगिंद्रनगर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू हो गया है। जोगिंद्रनगर क्षेत्र के अधीन आज तक 679 उपभोक्ता स्मार्ट मीटर, 28 फीडर स्मार्ट मीटर तथा 294 वितरण ट्रांसफार्मरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। बोर्ड के सलाहकार अनुराग पराशर ने जानकारी दी कि बिजली उपभोक्ताओं द्वारा यह माना जा रहा था है कि कई बार कई कारणों से बिजली रीडिंग गलत आ जाती थी, जो अब स्मार्ट मीटर से संभव ही नहीं है। बोर्ड ने बिजली बिलों की रीडिंग के बारे में कई बार उपभोक्ताओं की भ्रांतियों के फलस्वरूप ही स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय उनके हित के अंतर्गत ही लिया। बोर्ड ने स्मार्ट मीटरों को बदलने की इस अवधि में उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है और मीटरों के लग जाने से उचित विद्युत भार संबंधी आंकड़े भी बोर्ड के पास आ जाएंगे, जिससे योजना स्तर पर कई आवश्यक कार्यों को कर पाने से विद्युत आपूर्ति में सुधार होगा।

## बल्याना ने बिंगा को हराकर जीती ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** इंडियन फिटनेस फेडरेशन के सौजन्य से धर्मपुर की पंचायत बिंगा, छूईंघाट में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें विधायक चंद्रशेखर ने मुख्य अतिथि शिरकत की। विधायक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उपस्थित युवाओं को नशे के प्रति जागरूक किया। मुख्य अतिथि ने छूईंघाट क्रिकेट ग्राउंड के लिए पांच लाख रुपए की धनराशि देने की घोषणा की, ताकि क्षेत्र के युवा यहां पर अपनी खेल गतिविधियां कर सकें। उन्होंने इंडियन फिटनेस फेडरेशन को भी 5 लाख देने की घोषणा की। विधायक ने लोगों से आह्वान किया कि वे इस संस्था से जुड़ें तथा इस पहल के लिए राजीव ठाकुर का सहयोग करें, ताकि युवा पीढ़ी को नशे से बचाया जा सके। इस टूर्नामेंट में क्षेत्र की लगभग 22 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट की विजेता बल्याना टीम और उपविजेता बिंगा टीम रही। टूर्नामेंट के आयोजक राजीव ठाकुर जो कि इंडियन फिटनेस फेडरेशन के अध्यक्ष हैं तथा राज फिटनेस सेंटर (जिम) के मालिक हैं, ने किया। राजीव ठाकुर पिछले 15 सालों से लगातार इस तरह के कार्यक्रम करवाते आ रहे हैं तथा युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते आ रहे हैं।

◆ छूईंघाट क्रिकेट ग्राउंड के लिए दिए 5 लाख

# विधायक चंद्रशेखर ने एनएच-03 अवाहदेवी से पाडच्छु तक किया पैदल निरीक्षण

## 94 स्थानों पर 196 जन शिकायतों का मौके पर लिया संज्ञान, त्वरित निवारण के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर ने राष्ट्रीय राजमार्ग-003 के अंतर्गत अवाहदेवी (सरौन) से पाडच्छु तक उपमंडल सरकाघाट क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क खंड का पैदल प्रत्येक स्थान पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने लगभग 11 किलोमीटर पैदल चलकर सड़क निर्माण से प्रभावित क्षेत्रों में 94 विभिन्न स्थानों पर प्राप्त 196 जन शिकायतों की मौके पर समीक्षा की और संबंधित विभागीय अधिकारियों को इनके त्वरित एवं व्यवहारिक समाधान के निर्देश दिए।

स्थानीय लोगों ने निरीक्षण के दौरान कई गंभीर मुद्दे विधायक के समक्ष रखे, जिनमें घरों के समीप सुरक्षा दीवारें न लगाए जाने, खेतों और आवासीय परिसरों में बारिश का पानी घुसने, सड़क की अलाइनमेंट डीपीआर के अनुसार न होने, घरों और खेतों तक जाने वाले टूटे रास्तों व द्वारों का पुनर्निर्माण, कलवर्ट खोलने तथा डंगे लगाने से संबंधित



निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण करते विधायक चंद्रशेखर। अनंत ज्ञान

समस्याएं प्रमुख रहीं। राष्ट्रीय उच्च मार्ग 03 हमीरपुर से मंडी वाया सरकाघाट-धर्मपुर-कोटली का मामला हिमाचल किसान सभा व पूर्व पार्षद भूपेंद्र सिंह ने हिमाचल हाईकोर्ट में दायर किया है। कोर्ट ने सूर्या कंपनी को पेमेंट न करने के लिए निर्देश जारी किए हैं और अधूरे काम की रिपोर्ट मांगी है। निरीक्षण दल में विधायक चंद्रशेखर, पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक (मौर्थ), गावर व सूर्या कंपनियों के प्रबंधक, एसडीएम सरकाघाट सहित लोक निर्माण, जलशक्ति, वन व राजस्व विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, किसान सभा, व्यापार मंडल चोलथरा, संघर्ष समिति रखोह और प्रभावित लोग शामिल रहे। चोलथरा क्षेत्र में स्थानीय लोगों ने बाईपास, स्कूल मार्ग और घरों के समीप की गई कटिंग से हुए नुकसान, सुरक्षा दीवारें न लगाए जाने, पैदल रास्तों व पेयजल स्रोतों के निर्माण न होने पर नाराजगी जताई। जांच दल ने चोलथरा बाईपास के पुनर्निर्माण, सड़क किनारे नालियों, कलवर्ट, ऊंची बायो-दीवारें लगाने तथा रखोह में अवैध डंपिंग हटाकर एक माह में नालियों का निर्माण करने के आदेश दिए। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में सभी लंबित कार्य पूरे नहीं हुए तो हिमाचल किसान सभा के बैनर तले कंपनी के खिलाफ दोबारा आंदोलन किया जाएगा।

## स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति परीक्षा में महिमा राणा प्रदेशभर में प्रथम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल की शिक्षा खंड चौंतड़ा प्रथम की राजकीय प्राथमिक पाठशाला खज और वर्तमान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय टिक्करी मुशेहरा चौंतड़ा प्रथम में छठी कक्षा में पढ़ाई कर रही महिमा राणा ने स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 में हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर अपने स्कूल, गांव, माता-पिता, शिक्षकों और जोगिंद्रनगर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। महिमा के शिक्षक मंगत राम ने बताया कि यह सफलता महिमा की लगन, कठिन परिश्रम, अनुशासन, माता-पिता के संस्कार और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। महिमा ने इसी वर्ष जवाहर नवोदय और सैनिक स्कूल की परीक्षा भी पास की थी, लेकिन माता-पिता ने उन्हें घर से दूर नहीं भेजा। महिमा को लगातार तीन वर्षों तक छठी कक्षा में 4 हजार, सातवीं में 5 हजार और आठवीं में 6 हजार रुपए प्रति माह स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति मिलेगी। पिछले चार सालों से राजकीय प्राथमिक पाठशाला खज के छात्र स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे हैं। इस वर्ष स्कूल के जतिन ठाकुर का चयन सैनिक स्कूल टिहरा और क्षितिज ठाकुर का चयन जवाहर नवोदय स्कूल के लिए हुआ। महिमा राणा के पिता लाईक चंद प्लंबर हैं और माता रीता देवी गृहिणी हैं। शिक्षक मंगत राम ने सभी शिक्षकों और महिमा के माता-पिता को बधाई दी।



## सोहर गांव की सिमरन बनी प्रोबेशनरी ऑफिसर



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मंडी जिले की संधोल तहसील के सोहर गांव की बेटी सिमरन ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सिमरन का चयन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में प्रोबेशनरी ऑफिसर के पद पर हुआ है। सिमरन ने मैट्रिक की शिक्षा न्यू पब्लिक मॉडल हाई स्कूल संधोल से प्राप्त की, जबकि सीनियर सेकेंडरी की पढ़ाई राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संधोल से पूरी की। राजकीय स्नातकोत्तर डिग्री कॉलेज, धर्मशाला से बीटेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) की पढ़ाई की। पिता राज सिंह व माता इंदु देवी ने बेटी की उपलब्धि पर खुशी जताई है। वहीं, क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सिमरन के पिता मजदूरी करते है, जबकि माता गृहिणी होने के साथ-साथ सोहर पंचायत की प्रधान है।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता
मंडी जिले में पत्रकार चाहिए
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को नेरचौक, बासा, डैहर, चैलचौक में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अनिल शर्मा, जिला प्रभारी, मंडी
मो. 8263880288

## न्यूज ब्रीफ

### पारस ने संभाला एसडीएम अंब का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब में वीरवार को 2018 बैच के एचएएस अधिकारी पारस अग्रवाल ने बतौर उपमंडलाधिकारी (नागरिक) अपना कार्यभार संभाल लिया। निवर्तमान एसडीएम सचिन शर्मा के पदोन्नत होकर एडीसी शिमला जाने के बाद पारस अग्रवाल ने यहां अपना पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने क्षेत्र की व्यवस्थाओं को लेकर अपनी रूपरेखा साझा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकताएं ही प्रशासन की प्राथमिकताएं हैं और इन्हीं को आधार बनाकर क्षेत्र का विकास सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अंब में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना, अवैध खनन पर अंकुश लगाना और बाजारों से अतिक्रमण हटाकर राहगीरों को सुविधा प्रदान करना उनके मुख्य लक्ष्यों में शामिल रहेगा। मूल रूप से धर्मशाला के रहने वाले पारस अग्रवाल कानून के स्नातक हैं और प्रशासनिक सेवा में आने से पहले वह धर्मशाला में ही करीब चार साल तक वकालत कर चुके हैं। उनके पास फील्ड का लंबा अनुभव है, जिसमें वह एक साल तक नादौन में खंड विकास अधिकारी रहने के अलावा मंडी जिला के थुनाग और चंबा के भटियात में भी बतौर एसडीएम सेवाएं दे चुके हैं। उनकी कानूनी पृष्ठभूमि राजस्व मामलों के त्वरित निपटारे में सहायक सिद्ध होगी।

### हितेश का तबादला रद्द, ऊना में ही रहेंगे

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश सरकार ने होमगार्ड विभाग में किए गए तबादलों में संशोधन करते हुए साल 2010 बैच के एचपीपीएस अधिकारी एवं होमगार्ड कमांडेंट हितेश लखनपाल का तबादला रद्द कर दिया है। जारी आदेशों के अनुसार अब हितेश लखनपाल ऊना में ही अपनी सेवाएं जारी रखेंगे। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार पूर्व में जारी आदेशों के तहत कमांडेंट हितेश लखनपाल को 12वीं होमगार्ड बटालियन ऊना से 7वीं होमगार्ड बटालियन कुल्लू में स्थानांतरित किया गया था, जिसे अब जनहित में तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। उधर, सरकार ने एक अन्य अधिसूचना में 12वीं होमगार्ड बटालियन ऊना के कमांडेंट विकास सकलानी को 6वीं होमगार्ड बटालियन मंडी में तैनात किया है। यह आदेश भी तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

### सिंगा में झंडा रस्म व भंडारा करवाया गया

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** ज्ञानी बाबा सिंगा वालो ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी लखदाता पीर लांला वाले जी की अपार कृपा से 29वां विशाल झंडा रस्म व भंडारा वीरवार को करवाया गया। इसकी अध्यक्षता गद्दीनशीन बाबा होशियार सिंह (अमन) ने की। सुबह पूजा-अर्चना कर उसके उपरांत पंजाब विधानसभा डिप्टी स्पीकर जय किशन रोड़ी, बलबीर सिंह शारदा पस्सीवाल, प्रधान पंचायत सिंगा गुरदेव सिंह उर्फ ज्ञानी बाबा के द्वारा झंडा रस्म अदा के उपरांत पूरे गांव के सुख के लिए अरदास की गई और पूरा गांव पीर के जयकारों से गूंज उठा और माहौल भक्तिमय हुआ। संगत ने पीर जी के लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर इंद्रजीत भट्टी, सोनू अमरीक, गगन, संजू बीटन सहित रायकोट की संगत ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### शादियों में हो रही फिजूलखर्ची पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अरनियाला सीनियर सिटिजन एसोसिएशन एवं अरनियाला योगा क्लब ने सोलन (हिमाचल प्रदेश) में हुए भीषण अग्निकांड पर गहरा दुख व्यक्त किया। दोनों संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवारों को यह असहनीय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। बैठक के उपरांत संगठन की ओर से हर वर्ष की भांति लोहड़ी व मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन यज्ञ से हुआ, जिसे आर्य समाज के महामंत्री देवराज सैनी ने वैदिक विधि से संपन्न कराया। सदस्यों ने देश व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए यज्ञ में आहुतियां दीं। बैठक में समाज में फैल रहे अंधविश्वास, कुरीतियों और विवाह-शादियों में हो रही फिजूलखर्ची पर चिंता व्यक्त की गई। साथ ही खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट को जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताते हुए सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। सीनियर सिटिजन्स को बैंकों, अस्पतालों व सरकारी संस्थानों में पर्याप्त सुविधाएं न मिलने पर भी रोष जताया गया। इस अवसर पर सीनियर सिटिजन्स भवन अरनियाला में आयुष हेल्थ एवं वेलनेस के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच व दवाइयां वितरित की गईं। अंत में अध्यक्ष राजेश सैनी ने सभी का आभार जताया और प्रीति भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कुटलैहड़ के संजय शर्मा ने थल सेना दिवस परेड का नेतृत्व कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

## ठठ्ठ गांव से राष्ट्रीय गौरव तक, हिमाचल के युवाओं के लिए प्रेरणा बने संजय शर्मा

अनंत ज्ञान



**बंगाणा।** कुटलैहड़ क्षेत्र के लिए यह क्षण गर्व, सम्मान व गौरव से भरा हुआ है। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की धनेत पंचायत के गांव ठठ्ठ से संबंध रखने वाले भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी डिप्टी जनरल संजय शर्मा ने जयपुर, राजस्थान में आयोजित भारतीय सेना दिवस पर थल सेना दिवस समारोह में परेड का नेतृत्व कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। सेना की परंपरागत शान, अनुशासन व वीरता का प्रतीक यह परेड देशभर के लिए गर्व का विषय रही। वहीं कुटलैहड़ और ऊना जिला ही नहीं हिमाचल के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि बन गई।

एक छोटे से गांव और साधारण परिवार से निकलकर भारतीय थल सेना के इतने उच्च पद तक पहुंचना, न केवल संजय शर्मा की व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि यह पूरे हिमाचल के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। उनके नेतृत्व में हुई परेड ने यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण परिवेश से आने वाली प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय स्तर पर देश का नेतृत्व करने की क्षमता रखती हैं। भारतीय थल सेना के डिप्टी जनरल संजय शर्मा का जीवन संघर्ष, मेहनत और निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरक कहानी है। उन्होंने देहरादून स्थित प्रतिष्ठित इंडियन मिलिट्री अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त किया और पासिंग आउट परेड में प्रथम स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। यह उपलब्धि उनके असाधारण अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और बौद्धिक योग्यता का प्रमाण है। संजय शर्मा की पहली पोस्टिंग देश की सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण लद्दाख क्षेत्र में हुई, जहां उन्होंने कठिन परिस्थितियों में देश सेवा की। वे सिविल इंजीनियर होने के साथ-साथ भारतीय सेना के एक कुशल रणनीतिकार अधिकारी हैं।

अनंत ज्ञान सेना दिवस

शिक्षा के क्षेत्र में भी उन्होंने उत्कृष्टता का परिचय दिया है। सेना की जिम्मेदारियों के साथ-साथ उन्होंने एमएससी व एमफिल जैसी उच्च शैक्षणिक डिग्रियां भी प्राप्त कीं, जो उनके बहुआयामी व्यक्तित्व को दर्शाती हैं। 21 नवंबर 2025 को संजय शर्मा ने डिप्टी जनरल भारतीय थल सेना का कार्यभार संभाला था।

संजय शर्मा के नेतृत्व में भारतीय सेना को और अधिक सशक्त दिशा मिलने की उम्मीद की जा रही है। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने इस उपलब्धि पर गहरी खुशी और गर्व व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि मेरे परिवार के लिए यह बेहद गर्व और खुशी के पल हैं। मेरे जीजा जी, डिप्टी जनरल संजय शर्मा ने भारतीय सेना दिवस पर राजस्थान के जयपुर में थल सेना की परेड का नेतृत्व किया। यह क्षण मेरे लिए भावुक और सम्मान से भरा हुआ है। विधायक ने कहा कि डिप्टी जनरल संजय शर्मा धनेत पंचायत के गांव ठठ्ठ के एक छोटे से परिवार से संबंध रखते हैं और अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लग्न के बल पर आज इस उच्च मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी ऊंचाई असंभव नहीं है।

# नरेश ने शुरू की नौ देवियों के दर्शन के लिए पैदल यात्रा

अनंत ज्ञान



**चिंतपूर्णी।** आस्था व दृढ़ संकल्प का एक अद्भुत उदाहरण पेश करते हुए, हरियाणा के पानीपत निवासी नरेश 58 वर्ष आयु ने अपनी दूसरी लंबी पैदल यात्रा शुरू की है, जो उन्हें नौ प्रमुख देवी मंदिरों के दर्शन के लिए ले जाएगी।

उन्होंने हाल ही में अपनी यात्रा का एक पड़ाव पूरा करते हुए माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी लगाई। यह नरेश की दूसरी बड़ी यात्रा है। इससे पहले, उन्होंने पानीपत से नयना देवी तक की पैदल यात्रा की थी। उनकी वर्तमान यात्रा में नौ देवियों के दर्शन शामिल हैं, जिनमें वैष्णो देवी, ज्वाला जी, कांगड़ा देवी, बगलामुखी आदि प्रमुख मंदिर हैं। भावुक होते हुए, नरेश खतरा ने बताया कि उन्होंने अपनी पहली यात्रा अपनी बेटी ज्योति (35 वर्ष) के स्वास्थ्य लाभ के लिए की थी, जो उस समय कैंसर से पीड़ित थीं। माता रानी की कृपा से उनकी बेटी पूरी तरह ठीक हो गई। इस यात्रा में भी उनकी बेटी ज्योति, उनकी दो बेटियां और उनका बेटा विशाल उनके साथ हैं।

यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए, उन्होंने बताया कि यह पैदल यात्रा 7 मई 2025 को शुरू हुई थी और इसे पूर्ण होने में कुल 17 महीने लगेंगे, जो 7 सितंबर 2026 को समाप्त होगी। वह कहीं भी बाहर का खाना नहीं खाएंगे, वह किसी के भी घर पर नहीं ठहरेंगे, वह रेहड़ी खींचते हुए यह यात्रा पूरी कर रहे हैं। नरेश ने कहा कि माता रानी बहुत दयालु हैं और सभी भक्तों की मनोकामनाओं को पूर्ण करती हैं। वीरवार को माता चिंतपूर्णी की यात्रा पूरी करने के बाद, वह अपने अगले पड़ाव ज्वाला जी के लिए निकलेंगे।

# ऊना कॉलेज के रोवर्स-रेंजर्स राष्ट्रीय जंबूरी शिविर से लौटे



राष्ट्रीय जंबूरी शिविर में भाग लेने वाले रोवर्स और रेंजर्स। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना के 15 रोवर्स एवं रेंजर्स, अपने रोवर स्काउट लीडर डॉ. शाम सिंह बैंस के नेतृत्व में प्रथम राष्ट्रीय जंबूरी शिविर में भाग लेकर सुरक्षित रूप से वापस लौट आए हैं। यह राष्ट्रीय स्तर का जंबूरी शिविर 9 से 13 जनवरी तक छत्तीसगढ़ राज्य के बालोद जिले के दुधली (दुल्ली) में आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा ने रोवर्स-रेंजर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए रोवर्स-रेंजर्स ने साहसिक गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सामाजिक सेवा कार्यों, एडवेंचर गतिविधियों, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सड़क सुरक्षा, रक्तदान जागरूकता, लोक नृत्य, मार्च पास्ट, राज्य प्रदर्शनी, बिना बर्तनों के भोजन निर्माण, पायनियरिंग, पारंपरिक परिधान प्रस्तुति तथा स्काउट-गाइड प्रशिक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्राप्त करने व व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने का अवसर मिला। इस राष्ट्रीय जंबूरी शिविर में भाग लेने वाले रोवर्स में सोनू सिंह, मोहित, ललित, कृष, गौरव, टिंकू, शहबाज एवं उदय हंस शामिल थे, जबकि रेंजर्स में ईशा देवी, सोमा, पायल, काजल, वंशिका व तमन्ना शामिल थीं।

# भुट्टो ने गिनाईं भारतीय ऐतिहासिक ऑपरेशनों की कामयाबियां

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** भारतीय सेना दिवस के अवसर पर सुजानपुर में सर्व हितकारी संस्था के द्वारा भारतीय सेना दिवस कार्यक्रम में कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने भारतीय सेना के अदम्य साहस, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए सेना के कई ऐतिहासिक और सफल अभियानों का उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक संस्था बही सर्व हितकारी संस्था के 25 वर्ष पूर्ण होने पर संस्था को बधाई भी दी गई तथा समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया।दविंदर कुमार भुट्टो ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय सेना केवल देश की सीमाओं की रक्षा ही नहीं करती, बल्कि आपदा के समय भी सबसे पहले जनता की सहायता के लिए आगे आती है। उन्होंने कहा कि चाहे 1947, 1962, 1965, 1971 का युद्ध हो या फिर कारगिल विजय या फिर ऑपरेशन सिंदूर हर बार भारतीय सेना ने अपने पराक्रम से विश्व को यह संदेश दिया है कि भारत की संप्रभुता और अखंडता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन कार्रवाइयों ने दुश्मनों को स्पष्ट संदेश दिया कि भारत अब हर चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि आज का दिन हमें अपने वीर जवानों और शहीदों को याद करने का अवसर देता है, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सेना के शौर्य से प्रेरणा लेकर देश सेवा के लिए आगे आएं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का अनुशासन, एकता और कर्तव्यनिष्ठा हर नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है,कार्यक्रम के दौरान दविंदर कुमार भुट्टो ने बही सर्व हितकारी संस्था को 25 वर्ष पूरे होने पर विशेष बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसी भी सामाजिक संस्था का लगातार 25 वर्षों तक समाजसेवा में अग्रणी बने रहना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने संस्था द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबों की सहायता, सामाजिक जागरूकता और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि ऐसी संस्थाएं समाज की रीढ़ होती हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के लोगों की सेवा करती हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब समाज में स्वार्थ और दिखावे की प्रवृत्ति बढ़ रही है, ऐसे में बही सर्व हितकारी संस्था जैसी संस्थाओं का निस्वार्थ भाव से कार्य करना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों से आग्रह किया कि वे भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ समाजसेवा जारी रखें और नई पीढ़ी को भी सेवा के कार्यों से जोड़ें।इस कार्यक्रम में संस्था की ओर से भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो को भी सम्मानित किया गया। संस्था के प्रतिनिधियों ने कहा कि दविंदर कुमार भुट्टो हमेशा सामाजिक कार्यों और जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय रहे हैं और उनका मार्गदर्शन संस्था के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर कई समाजसेवियों, गणमान्य व्यक्तियों और स्थानीय लोगों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सर्व हितकारी संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था पिछले 25 वर्षों से क्षेत्र में निरंतर समाजसेवा कर रही है।



दविंदर कुमार भुट्टो को सम्मानित करते आयोजक। अनंत ज्ञान

# ट्रिपल आईटी ऊना के छात्रों की उड़ान
## 3 छात्रों का अमरीका की कंपनी में चयन

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) ने प्लेसमेंट सत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

संस्थान के चार छात्रों को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में अच्छे पैकेज पर नौकरी मिली है। इनमें से तीन छात्र बीटेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) के संस्कार गुप्ता, बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) के ओम शुक्ला और बीटेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) के पीयूष यादव का चयन अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित प्रतिष्ठित वेग्राउंड कंपनी में हुआ है। कंपनी ने इन तीनों छात्रों को 41.4 लाख रुपए का सालाना पैकेज ऑफर किया है। वहीं, बीटेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) के पारस त्यागी को बेंगलुरु स्थित हेल्थ-टेक कंपनी ईवन में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर के पद पर 40.8 लाख रुपए का पैकेज मिला है। इससे छात्रों के साथ साथ परिजनों और संस्थान में पढ़ाने वाले टीचरों में खुशी की लहर है। इन छात्रों का चयन कई स्तर पर इंटरव्यू पास करने के बाद किया गया है। इंटरव्यू के दौरान तकनीकी मूल्यांकन, समस्या-समाधान परीक्षण, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग और प्रोडक्ट डेवलपमेंट से जुड़े सवाल पूछे गए। चारों छात्रों ने अपने अंतिम वर्ष की पढ़ाई के दौरान ही संबंधित कंपनियों में कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। ट्रिपल आईटी ऊना के निदेशक प्रो. मनीष गौर ने बताया यह संस्थान की लचीली शैक्षणिक संरचना के कारण संभव हो पाया है। संस्थान ने उद्योग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपने पाठ्यक्रम में पूर्ण-सेमेस्टर इंडस्ट्री इंटर्नशिप को शामिल किया है।

# इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना से बच्चों के भविष्य को मिल रही नई उड़ान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश सरकार की इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना बच्चों के भविष्य को सुरक्षित व सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावी सामाजिक पहल बनकर उभरी है। यह योजना न केवल जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा से जोड़ रही है, बल्कि कठिन परिस्थितियों से जूझ रहे परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव भी ला रही है।

ऊना जिले में इस योजना के तहत अब तक 2189 बच्चों को 2 करोड़ 61 लाख 48 हजार 722 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच से शुरू की गई यह योजना विशेष रूप से उन बच्चों के लिए संबल बनी है, जिनकी माताएं विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता या निराश्रित हैं, अथवा जिनके माता-पिता 70 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता से पीड़ित हैं। सरकार ऐसे बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक



◆ **ऊना जिले में 2189 बच्चों को 2.61 करोड़ रुपए की मिली आर्थिक मदद**

1000 रुपए प्रतिमाह की सहायता प्रदान कर रही है, जिससे उनकी शिक्षा, पोषण और बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। वहीं, 18 से 27 वर्ष आयु वर्ग के वे विद्यार्थी जो उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और छात्रावास सुविधा से वंचित हैं, उन्हें 3000 रुपए प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है। डीसी जतिन लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप योजना को जमीनी स्तर पर पूरी पारदर्शिता व संवेदनशीलता के साथ लागू किया जा रहा है। प्रशासन का प्रयास है कि कोई भी पात्र बच्चा इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। योजना का वास्तविक प्रभाव लाभार्थी परिवारों के अनुभवों से स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। लाभार्थी तन्मय, जो वर्तमान में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत हैं, बताते हैं कि पिता के निधन के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई थी और उनकी पढ़ाई छूटने का डर सता रहा था।

इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना ने उन्हें नया हौसला दिया और आज वे आत्मविश्वास के साथ अपने उज्ज्वल भविष्य के सपने देख रहे हैं। ऊना वार्ड नंबर-6 की पूजा पुरी बताती हैं कि पति के निधन के बाद दो बेटियों की पढ़ाई का खर्च उठाना मुश्किल हो गया था, लेकिन छह माह में मिली 12 हजार रुपए की सहायता ने उन्हें बड़ा सहारा दिया।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

**जिला** कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) नरेंद्र कुमार ने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक बड़ी राहत साबित हुई है, जहां बच्चों की पढ़ाई जारी रखना चुनौती बन गया था। उन्होंने बताया कि ऊना जिले के सभी विकासखंडों में इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

वहीं, कोटला कलां की सरोज बाला व ऊना की रेणु देवी सहित अनेक महिलाओं ने इस योजना को अपने बच्चों के लिए संजीवनी बताते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार व्यक्त किया है।

इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना आज न केवल आर्थिक सहायता का माध्यम है, बल्कि यह बच्चों को आत्मनिर्भर, शिक्षित व आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार बन रही है।

# ठठल पंचायत में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ

अनंत ज्ञान



**बड़ूही।** उपमंडल अंब के अंतर्गत पंचायत ठठल में आज श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का विधिवत एवं श्रद्धापूर्वक शुभारंभ किया गया। यह पावन आयोजन गांव ठठल में होशियार सिंह ठाकुर एवं सीता राम ठाकुर के निवास पर आरंभ हुआ, जहां क्षेत्र में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर होशियार सिंह ठाकुर, सीता राम ठाकुर सहित समस्त जम्बाल परिवार के सदस्यों ने कथा का आयोजन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर राम पॉल, बीडीसी ठठल राजेंद्र कुमार, बीडीसी टकारला तरसेम सिंह, हरि नाम संकीर्तन मंडली हनुमान मंदिर ठठल सहित अनेक गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने कथा स्थल पर पहुंचकर आशीर्वाद ग्रहण किया। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का यह धार्मिक अनुष्ठान 15 जनवरी 2026 से 21 जनवरी 2026 तक चलेगा। कथा का विमोचन एवं वाचन प्रसिद्ध कथावाचक एवं भागवत रसिक आचार्य सुमित भारद्वाज जी द्वारा किया जाएगा, जो सात दिनों तक भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से जुड़े प्रसंगों का रसपूर्ण वर्णन करेंगे। कथा के शुभारंभ पर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखा गया और आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।

**आयोजन** चिट्टा मुक्त समाज अभियान को लेकर सीसे स्कूल थानाकलां में रैली को विधायक ने दिखाई हरी झंडी

# ‘चिट्टा नहीं, भविष्य चुनो’ नारों से गूंजा कुटलैहड़

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में एनसीसी व एनएसएस कैडेटों द्वारा चिट्टा मुक्त समाज अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को विधायक विवेक शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली का उद्देश्य युवाओं व आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज को चिट्टा मुक्त बनाने का संदेश देना रहा, विधायक विवेक शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों, अध्यापकों व स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चिट्टा आज समाज के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है, जो विशेषकर युवाओं के जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि चिट्टा न केवल युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रहा है, बल्कि पूरे परिवार और समाज की नींव को भी कमजोर कर रहा है। इससे समय रहते सख्ती से निपटना बेहद आवश्यक है। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार चिट्टे के खिलाफ अभियान को केवल कागजों तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि इसे धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

स्कूलों व कॉलेजों में एनसीसी, एनएसएस और अन्य संगठनों की भूमिका को उन्होंने अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे चिट्टे के दलदल से स्वयं को बचाएं और अपने साथियों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करें। विधायक ने कहा कि समाज को चिट्टा मुक्त बनाने के लिए केवल सरकार ही नहीं, बल्कि हर व्यक्ति को आगे आना होगा, जब तक आमजन इस लड़ाई में फ्रंटल होकर हिस्सा नहीं लेगा, तब तक इस समस्या का पूर्ण समाधान संभव नहीं है। रैली के दौरान एनसीसी और एनएसएस कैडेटों ने हाथों में नशा विरोधी स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर पूरे क्षेत्र में जागरूकता का संदेश दिया। ‘नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो’ और ‘चिट्टा नहीं, भविष्य चुनो’ जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। स्थानीय लोगों ने भी रैली का स्वागत किया और अभियान का समर्थन करने का आश्वासन दिया। विधायक विवेक शर्मा ने सभी से संकल्प लेने का आग्रह किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और समाज को चिट्टा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे, ताकि आने वाली पीढ़ी एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ सकें।



मेधावी छात्रों के साथ विधायक विवेक शर्मा और अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

## बच्चों के बीच बैठे विधायक, शिक्षक बनकर बढ़ाया आत्मविश्वास

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के प्राइमरी स्कूल थानाकलां के मझेड़ में उस समय एक अनोखा और भावनात्मक दृश्य देखने को मिला, जब स्थानीय विधायक विवेक शर्मा स्कूल निरीक्षण के दौरान बच्चों के साथ डेस्क पर बैठ गए और शिक्षक की भूमिका में नजर आए। विधायक ने नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों से पहाड़ी भाषा में आत्मीय संवाद किया, जिससे पूरा कक्षा कक्ष हंसी-ठिठोली और अपनत्व के माहौल से भर गया। विधायक विवेक शर्मा ने बच्चों का हालचाल पूछा, उनका होमवर्क चेक किया और पढ़ाई से जुड़े सवाल भी किए। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन को सही दिशा देती है। बच्चों के बीच घुलमिल जाने से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता साफ दिखाई दिया। बच्चों ने भी बिना किसी झिझक अपने सपनों और सवालों को विधायक के सामने रखा। यह दृश्य न केवल छात्रों, बल्कि स्कूल स्टाफ और अभिभावकों के लिए भी प्रेरणादायक रहा। निरीक्षण के दौरान विधायक ने स्कूल परिसर, कक्षाओं की साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों से पठन-पाठन की स्थिति, छात्रों की उपस्थिति और स्कूल की आवश्यकताओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में स्मार्ट रूम के माध्यम से आधुनिक शिक्षा दी जा रही है, जो मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में अब निजी स्कूलों से बेहतर सुविधाएं और योग्य शिक्षक उपलब्ध हैं।

# बाथू गांव में स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर, 250 लोगों ने उठाया लाभ

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हरोली विधानसभा क्षेत्र के गांव बाथू में एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य, रक्तदान एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन मीरा आश्रम, गांव बाथू द्वारा किया गया, जबकि चिकित्सा सेवाएं देवभूमि अद्वैता हार्ट इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, ऊना की ओर से प्रदान की गईं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पवन ठाकुर (मीरा आश्रम) रहे, जबकि मुख्यातिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि दूरदराज के गांवों तक विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं पहुंचाना एक सराहनीय प्रयास है। यह स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर पिछले तीन वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है और अब मकर संक्रांति के अवसर पर यह एक वार्षिक जनसेवा परंपरा का रूप ले चुका है। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनके गांव में ही बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। मीरा आश्रम के प्रबंधन पवन ठाकुर ने आयोजन की सभी व्यवस्थाओं, स्थानीय समन्वय और ग्रामीण सहभागिता को सुनिश्चित करते हुए शिविर को सफल बनाया। आश्रम की ओर से बताया गया कि समाज सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना उनकी निरंतर प्राथमिकता है।

स्वास्थ्य शिविर के दौरान लगभग 250 लोगों ने विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। इनमें 80 से 85 मरीजों ने निशुल्क ओपीडी सेवाएं प्राप्त कीं, जबकि अन्य लाभार्थियों को रक्तदान, सामान्य स्वास्थ्य जांच, आंखों की जांच और आवश्यक परीक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। देवभूमि अद्वैता अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों ने कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, इंटरनल मेडिसिन और क्रिटिकल केयर विभागों की विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और ईसीजी जैसी जांचें निशुल्क की गईं, जिससे कई मरीजों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों की प्रारंभिक पहचान संभव हो सकी। रक्तदान शिविर में युवाओं और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# विश्व पुस्तक मेले में ‘आत्महत्या से बचे हुए लोग’ का होगा विमोचन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के प्रख्यात साहित्यकार एवं चिंतक कुलदीप शर्मा की बहुचर्चित कविता-संग्रह ‘आत्महत्या से बचे हुए लोग’ का 16 जनवरी को दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में विमोचन किया जाएगा। साहित्य-प्रेमियों के लिए यह अवसर विशेष महत्व रखता है, क्योंकि राष्ट्रीय स्तर के मंच पर यह संग्रह एक गंभीर साहित्यिक विमर्श का केंद्र बनने जा रहा है। विमोचन के उपरांत आयोजित चर्चा-सत्र में प्रसिद्ध आलोचक-कवि मदन कश्यप, चर्चित कवि-लेखक आलोक श्रीवास्तव, सतीश धर, धर्मपाल साहिल तथा कृष्ण मोहन पांडे भाग लेंगे। इन प्रतिष्ठित साहित्यकारों की उपस्थिति में संग्रह की रचनात्मक दृष्टि, संवेदना, विषय-वस्तु तथा समकालीन प्रासंगिकता पर सारगर्भित विचार-विमर्श किया जाएगा। ऊना जिले के सुकड़ियाल गांव में जन्मे कुलदीप शर्मा अपनी संवेदनशील, सधी हुई और वैचारिक रूप से समृद्ध रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए जाने जाते हैं।

# अब कुल्लू के दुर्गम पहाड़ों में उड़ेंगे इसरो के हाई-टेक ड्रोन

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** अब जिला कुल्लू के दुर्गम व पहाड़ी इलाकों में आपदा राहत कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के आधुनिक हाई-टेक ड्रोन उड़ान भरेंगे। यह पहल जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) व जिला परिषद के संयुक्त प्रयासों से संभव हुई है, जिसे क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत आपदा जैसी परिस्थितियों में मलाणा, शाकटी-मरौड़, तियुन, स्मालंग जैसे अति दुर्गम गांवों तक खाद्य सामग्री, दवाइयां और आवश्यक मेडिकल सुविधाएं ड्रोन के माध्यम से पहुंचाई जा सकेंगी।



डीडीएम के को-चेयरमैन पंकज परमार। अनंत ज्ञान

इन ड्रोन की उड़ान क्षमता करीब 25 से 30 किलोमीटर तक होगी, जिससे सड़क मार्ग बंद होने की स्थिति में भी राहत पहुंचाना आसान होगा। योजना को लेकर एक अहम कदम उठाते हुए जिला परिषद सदस्य एवं डीडीएम के को-चेयरमैन पंकज परमार के नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल इसरो मुख्यालय के लिए रवाना हो गया है। इस दल में मलाणा के तीन युवा और शाकटी-मरौड़ क्षेत्र के तीन प्रतिनिधि शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित इसरो केंद्र में वैज्ञानिकों के साथ बैठक करेगा। बैठक के बाद कुल्लू में इन ड्रोन का ट्रायल भी किया जाएगा। इस संबंध में जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यह जिला कुल्लू के आपदा प्रबंधन और जिला परिषद के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि आपदाओं से निपटने के लिए इसरो की ओर से यह प्रस्ताव मिलना अपने आप में गर्व की बात है। यदि यह योजना सफलतापूर्वक लागू होती है, तो न केवल कुल्लू, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए यह एक वरदान साबित होगी। उन्होंने आगे कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन, भारी बारिश व बर्फबारी के कारण कई बार गांवों का संपर्क कट जाता है। ऐसे में यह ड्रोन तकनीक आपदा के समय जीवन रक्षक साबित होगी और राहत कार्यों को तेज व सुरक्षित बनाएगी।

## 16 से उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय महिला बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** 16 से 19 जनवरी तक पंजाब की महाराजा भूपेंद्र सिंह स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी पटियाला के गवर्नमेंट आर्ट्स एवं स्पोर्ट्स कॉलेज जालंधर में उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय महिला बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके अलावा आगामी 27 जनवरी से 2 फरवरी तक हिमाचल विश्वविद्यालय शिमला के अंतर्गत दव कॉलेज कांगड़ा में आयोजित होने वाली पुरुषों की उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय पुरुष बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की टीम में राजकीय महाविद्यालय बंजार के तीन छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। कॉलेज के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता डॉ प्रवेश शर्मा ने बताया कि महिला वर्ग में महाविद्यालय में अध्ययनरत ताबे राम एवम गीता देवी की पुत्री मनीषा ठाकुर, जितेंद्र सिंह एवं लता देवी की पुत्री करीना चौहान तथा राजेश कुमार और सरला देवी के पुत्र विकास कुमार का चयन पिछले दिनों संपन्न हुई सरदार पटेल विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में किए गए प्रदर्शन के आधार पर हुआ। उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली टीमों की तैयारी के लिए सरदार पटेल विश्वविद्यालय द्वारा सरकाघाट कॉलेज में बास्केटबॉल प्रशिक्षक प्रोफेसर दिनेश ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहे प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए रवाना हुए तीनों खिलाड़ियों को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

# सराज घाटी में देव-दैत्य महायुद्ध की सजीव परंपरा

## मुखौटाधारियों ने नचाया पूरा इलाका, पुरातन संस्कृति के रंग में सराबोर रहा फागली उत्सव

अनंत ज्ञान

**बंजार।** कुल्लू जिले की सराज घाटी एक बार फिर अपनी सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत की साक्षी बनी, जब यहां देव व दैत्य के बीच महायुद्ध की परंपरागत पुनरावृत्ति के साथ फागली उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

यह अनूठी परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है और सराज घाटी की सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा मानी जाती है। देव श्री बड़ा छमाहूं के पुजारी धनेश गौतम ने बताया कि सराज घाटी का फागली उत्सव देव-दैत्य युद्ध से जुड़ा हुआ है। मान्यता के अनुसार प्राचीन काल में देवताओं व दैत्यों के बीच भीषण युद्ध हुआ था, जिसमें अंततः दैत्यों को पराजय का सामना करना पड़ा। युद्ध के पश्चात दैत्यों ने देवताओं से यह आग्रह किया कि उन्हें भी अपनी परंपराओं के निर्वाह के लिए विशेष स्थान और समय दिया जाए, ताकि उनकी संस्कृति सदियों तक जीवित रह सके। देवताओं ने दैत्यों की यह शर्त स्वीकार की और उन्हें पौष महीने के आठ दिन तथा संपूर्ण माघ माह अपनी परंपराओं के अनुसार उत्सव मनाने का अधिकार दिया। तभी से आज तक माघ माह में मुखोटों के रूप में दैत्यों का प्रतीकात्मक शासन माना जाता है। इन दिनों सराज घाटी में मुखोटों की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज के बीच मुखोटा नृत्य प्रस्तुत किए जाते हैं।



इसी परंपरा के तहत माघ माह के दूसरे दिन आज सराज घाटी के कंढी गांव में एक भव्य आयोजन हुआ, जहां आसपास के विभिन्न गांवों से देव-दैत्य के प्रतीक मुखोटे पहुंचे। देवता करथा नाग के प्रांगण में सैकड़ों मुखोटाधारियों ने एक साथ नृत्य कर वातावरण को रोमांचक और भक्तिमय बना दिया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर मुखोटाधारियों का यह नृत्य देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान आम लोग भी मुखोटाधारियों के साथ झूमते नजर आए। कार्यक्रम के अंत में परंपरा के अनुसार देव और दैत्यों के मिलन व आपसी समझौते का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जो आपसी सौहार्द, सह-अस्तित्व और संतुलन का प्रतीक माना जाता है। फागली उत्सव ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि सराज घाटी की लोकसंस्कृति केवल परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, इतिहास और सामूहिक एकता की जीवंत अभिव्यक्ति है।

# विंटर कार्निवाल के लिए सजने लगा मनाली



मनाली के माल रोड की हुई सफाई, रंग-बिरंगी लड़ियों से निखरा सौंदर्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के लिए मनाली सजने लगी है।

वीरवार को पूरे माल रोड की सफाई करवाई गई। दमकल वाहनों से पानी छोड़कर माल रोड को धोया गया। साथ माल रोड और मनुरंगशाला को सजाया जा रहा है। रंग बिरंगी लड़ियों से मनाली का सौंदर्य निखर उठा है। 20 जनवरी से यहां विंटर कार्निवाल की धूम रहेगी। हर साल की भांति इस साल भी मनाली में विंटर कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। कार्निवाल में स्वयं सहायता समूहों के पकवान आकर्षण का केंद्र रहेंगे। रामबाग में इस बार कार्निवल के उपलक्ष्य पर दुकाने भी लगी है।

इसमें गर्म वस्त्र से लेकर अन्य कई तरह के उत्पाद बिक्री को रखे गए है। माल रोड में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों और टैक्सी यूनियन में स्थानीय पकवानों के स्टॉल लगेंगे। विंटर कार्निवाल के लिए साज सजावट का कार्य शुरू हो गया है। रामबाग से लेकर आईबैक्स चौक तक माल रोड को दमकल वाहनों से छोड़े गए पानी के प्रेशर से साफ किया गया। नगर परिषद के कर्मचारी भी इस दौरान मौजूद रहे। इसके अलावा मालरोड़ और मनुरंगशाला को सजाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। 20 जनवरी को मुख्यमंत्री सुखबिन्द्र सिंह सुक्खू कार्निवाल का शुभारंभ करेंगे। एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने बताया कि कार्निवाल की तैयारियां जोरो पर चली हुई है।

## महानाटी की रिहर्सल आज 290 महिला लेंगी भाग

**अनंत ज्ञान, मनाली।** विंटर कार्निवाल में महानाटी विशेष आकर्षण रहेगी। आज माल रोड मनाली में महानाटी की रिहर्सल होगी जिसमें 290 महिला मंडल भाग लेंगे। हर महिला मंडल की ओर से दो सदस्य महानाटी के टिप्स सीखेंगी। कार्निवाल कमेटी की ओर से उन्हें महानाटी प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी जाएगी कार्निवाल में महिलाओं की सहभागिता अधिक रहेगी। महानाटी के अलावा कार्निवाल परेड, फैशन शो, लालड़ी व रस्सा कसी जैसी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। महानाटी प्रतियोगिता राइट व लेफ्ट बैंक के बीच होगी। विजेता व उप विजेता टीम को नक द इनाम से सम्मानित किया जाएगा। 21 जनवरी को राइट बैंक की तो 23 को लेफ्ट बैंक की महिलाओं की नाटी प्रतियोगिता होगी। विंटर कार्निवाल को लेकर घाटी की महिलाओं में खासा उत्साह है। कार्निवाल के सफल आयोजन को लेकर उप समितियों की बैठक जारी है। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को महिला मंडलों की रिहर्सल रखी है। महिलाओं को महानाटी प्रतियोगिता बारे विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि विंटर कार्निवाल कमेटी 2026 के कार्निवाल को लेकर तैयार है।

# 104 ग्राम चिट्टे सहित 2 गिरफ्तार

## कुल्लू पुलिस की बड़ी सफलता, 2026 की अब तक की सबसे बड़ी खेप

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** कुल्लू पुलिस की ओर से नशे को जड़ से खत्म करने को लेकर लगातार अभियान जारी है। इस अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस ने चिट्टे की खेप के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर भुंतर के निकट एक होटल में दबिश देकर 104 ग्राम चिट्टे सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है । यह चिट्टे की खेप इस वर्ष यानी 2026 की हिमाचल प्रदेश में पकड़ी गई सबसे अधिक मात्रा है। मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल कौशल ने जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि कुल्लू जिला के भुंतर स्थित बड़ा भूइन में गुप्त सूचना के आधार पर एक होटल में दबिश देकर 104 ग्राम चिट्टे समेत दो आरोपियों को रंगे हाथों दबोचा है। एक आरोपी निखिल शर्मा, उम्र 32 वर्ष, पुत्र



एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए। अनंत ज्ञान

प्रेम चंद, पारला भुंतर निवासी है, जबकि दूसरा आरोपी शिव कुमार, उम्र 32 वर्ष, लुधियना निवासी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चिट्टे की यह खेप इस साल की सबसे बड़ी खेप है। उन्होंने बताया कि आरोपी शिव कुमार लुधियाना से चिट्टे को कुल्लू में सप्लाई करने के लिए लाया था।

दोनों ही आरोपियों पर एनडीपीएस की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज करके मामले की आगामी जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह नशे का कारोबार कहां-कहां फैला हुआ है और गहराई से इसके बारे में पता लगाया जा सके।

## वाहन से 50 अवैध देसी शराब बरामद

**जिले** की तहसील निरमंड के नित्थर बाजार में एक वाहन में से 50 पेटी अवैध देसी शराब बरामद हुई हैं। एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान जब नित्थर बाजार में खड़ी एक गाड़ी नं. एचपी 35-8877 की तलाशी ली, तो तलाशी के दौरान उक्त वाहन से 50 पेटियां देसी बरामद की गईं। वाहन चालक दलाश निवासी सोनू, पुत्र धन बहादुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## एसडीएम ने छात्रों को दिया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, आनी।** शीतकालीन अवकाश के बाद वीरवार को एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने आनी खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खुन्न का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के स्टूडेंट्स से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उन्हें जीवन के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। एसडीएम ने विद्यार्थियों से करियर काउंसलिंग, नशा निवारण, मोबाइल फोन के दुष्परिणाम, स्वच्छता व साफ-सफाई, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने युवाओं को अनुशासित जीवन जीने, स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण करने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। 'अपना विद्यालय' अभियान के अंतर्गत एसडीएम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खुन्न को गोद लिया गया है, जिससे विद्यालय के शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिल रही है। कार्यक्रम में युवा आइकॉन प्रीति ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### शिंकुला दर्रे सहित ऊंची चोटियों में गिरे बर्फ के फाहे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** दिन भर धूप खिली रहने के बाद वीरवार शाम को मौसम ने करवट बदली। बादल छाते ही देर शाम शिंकुला दर्रे सहित लाहौल व मनाली की ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरे। बादल छाने से लाहुल सहित मनाली घाटी में हिमपात की उम्मीद जगी है। लंबे अरसे से हिमपात न होने के कारण पर्यटकों सहित किसान बागवान परेशान है। बर्फ न पड़ने से पर्यटक सर्दियों के मौसम में भी बर्फ के दीदार को तरस गए है। वाहन चालक नरेंद्र व पलजोर ने बताया कि दिन को शिंकुला दर्रे में धूप खिली रही जबकि शाम को हल्का हिमपात हुआ। मनाली के पर्यटन कारोबारी रमेश, बलविंदर व रवि ब्यास ने बताया कि जनवरी महीने में पर्यटन कारोबारा बेहतर चल रहा है। उन्होंने बताया कि हिमपात होने की सूरत में पर्यटन कारोबार अधिक गति पड़ेगा।

### सामुदायिक वन अधिकार दावों पर हुई समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा वन अधिकार अधिनियम के प्रमाण पत्र के लिए अनुमोदित चार मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा उनसे संबंधित औपचारिकताओं और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त बंजार उपमंडल की पंचायतों से प्राप्त पांच सामुदायिक वन अधिकार दावों पर भी विचार-विमर्श हुआ। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सामुदायिक अधिकार दावों में मांगे गए अधिकारों का अधिनियम के अनुसार स्पष्ट उल्लेख करते हुए उचित प्रपत्रों में पुनः प्रस्तुत किया जाए, ताकि उनका सही निपटारा हो सके। उन्होंने दावों के शीघ्र समाधान के लिए अगली बैठक जल्द आयोजित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार, वन मंडल अधिकारी बंजार मनोज कुमार, वन मंडल अधिकारी निरमंड सहित गैर-सरकारी सदस्य भी उपस्थित रहे।

## 17 व 18 जनवरी को कुल्लू में नगर खेल कुंभ प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई कुल्लू व खेलो भारत द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर नगर खेल कुंभ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। एबीवीपी के जिला संयोजक अभिनव कश्यप ने बताया कि यह प्रतियोगिता 17 व 18 जनवरी को इंडोर स्टेडियम, कुल्लू में आयोजित होगी। इस दौरान बैडमिंटन की प्रतियोगिता और ढालपुर ग्राउंड में कबड्डी का आयोजन किया जा रहा है। युवाओं में खेल भावना व अनुशासन विकसित करना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। प्रतियोगिता के लिए प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। विजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। एबीवीपी नगर इकाई ने सभी खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

# भुंतर की बेटी अनन्या ठाकुर का भारतीय युवा बॉक्सिंग टीम में चयन

अनंत ज्ञान

**भुंतर।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंतर की कक्षा 11वीं की छात्रा अनन्या ने खेल जगत में जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

अनन्या का चयन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले 'फॉरेन एक्सपोजर' कार्यक्रम के तहत भारतीय युवा बॉक्सिंग टीम में हुआ है, जिसके अंतर्गत वह आयरलैंड में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी। अनन्या की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत व निरंतरता का परिणाम है। राज्य स्तरीय सफलता हिमाचल स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-19 बॉक्सिंग प्रतियोगिता (66 किलो वर्ग) में स्वर्ण पदक जीता। सब-जूनियर स्टेट चैंपियनशिप में 6 से 8 जून तक आयोजित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। रोहतक में 19 जून से 25 जून तक आयोजित नेशनल लेवल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अनन्या ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। अनन्या वर्तमान में स्पाट्र्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई), हिसार में बॉक्सिंग की बारीकियां सीख रही हैं।



अंतरराष्ट्रीय दौरे के साथ-साथ वह आगामी 'नेशनल स्कूल गेम्स' की तैयारियों में भी जुटी हुई हैं। इस गौरवपूर्ण अवसर पर पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुंतर के प्रधानाचार्य तिलक राज ने अनन्या को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अनन्या की मेहनत के साथ-साथ उनके अभिभावकों के सहयोग को भी दिया।

## तीर्थन घाटी में लोहड़ी कप क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन

# हंसपुरी इलेवन टीम विजेता, कुलथी बनी उपविजेता

अनंत ज्ञान

**तीर्थन।** बंजार की तीर्थन घाटी में मकर संक्रांति और लोहड़ी के अवसर पर एकदिवसीय लोहड़ी कप क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

यह प्रतियोगिता ग्राम पंचायत पेखड़ी के कुलथी गांव में आयोजित की गई, जिसमें आसपास के गांवों के स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ सहकारी समिति के निरीक्षक कुलदीप सिंह जुफरा ने किया, जबकि समापन समारोह में ग्राम पंचायत नोहंडा के पूर्व प्रधान स्वर्ण सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस आयोजन से जुड़े पंचायत पेखड़ी के युवा राकेश नेगी 'रॉकी' और वीरेंद्र नेगी 'सिसु' ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी लोहड़ी और मकर संक्रांति के



प्रतियोगिता की विजेता टीम को ट्रॉफी देते हुए। अनंत ज्ञान

अवसर पर स्थानीय युवाओं के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस बार क्रिकेट प्रतियोगिता में आसपास के गांवों की चार टीमों ने भाग लिया, जिसमें युवाओं ने खेल भावना और अनुशासन का बेहतरीन परिचय दिया।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हंसपुरी इलेवन मनहार और शिरडु इलेवन कुलथी के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में हंसपुरी इलेवन मनहार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया, जबकि कुलथी की टीम उपविजेता रही। समापन समारोह में मुख्यातिथि स्वर्ण सिंह ठाकुर ने सभी उपस्थित लोगों को मकर संक्रांति और लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने युवाओं से खेल को खेल भावना के साथ खेलने का आह्वान किया और कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि आपसी भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के लिए भी समय निकालने और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर क्षेत्र में खेल मैदानों की कमी का मुद्दा भी सामने आया।

# जिले की चिन्हित 28 संवेदनशील पंचायतों में गठित नशा निवारण समितियों की बैठक करें

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** एन-कोर्ड की जिला स्तरीय बैठक उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल ने किया। बैठक में जिले में नशा रोकथाम के लिए अब तक किए गए प्रयासों की समीक्षा के साथ भविष्य की ठोस रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपायुक्त ने जिले की चिन्हित 28 संवेदनशील पंचायतों में गठित नशा निवारण समितियों को नियमित रूप से बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंचायत स्तर पर सतत निगरानी, जनभागीदारी और सामुदायिक जागरूकता के बिना नशे के विरुद्ध अभियान को प्रभावी रूप नहीं दिया जा सकता। उन्होंने सभी पंचायतों में नशा निवारण समितियों के गठन तथा उनके सक्रिय संचालन पर विशेष बल दिया। बैठक में जिले के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने का सुझाव दिया गया। इसमें उप-मंडलाधिकारी (एसडीएम) एवं पुलिस अधिकारी विद्यालयों में जाकर छात्रों से सीधा संवाद करेंगे और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

उपायुक्त ने कहा कि 'अपना विद्यालय कार्यक्रम' के अंतर्गत सभी अधिकारी अपने-अपने अपनाए गए विद्यालयों का नियमित दौरा करें तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को नशा मुक्ति का सशक्त संदेश दें। बैठक में जिले में नशीले पदार्थों, विशेषकर चिट्टे के खिलाफ विशेष ड्राइव चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने नशीले पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने के लिए सघन जांच अभियान चलाने तथा अनधिकृत रूप से नशीली दवाइयां, सिरिंज इत्यादि बेचने वाले मेडिकल स्टोरों की भी नियमित जांच और कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने नशा नियंत्रण से जुड़े अपने सुझाव रखे और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। उपायुक्त ने अंत में कहा कि नशे के खिलाफ यह लड़ाई केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की साझा जिम्मेदारी है, जिसमें पंचायतों, शिक्षण संस्थानों, अभिभावकों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही स्थायी सफलता संभव है।

**चर्चा** लाहौल-स्पीति में जिला स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित

# जिले में बाल श्रम से संबंधित कोई प्रकरण नहीं

अनंत ज्ञान

**केलांग।** लाहौल-स्पीति जिला स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक वीरवार को उपायुक्त कार्यालय केलांग के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी एवं कार्यवाहक उपायुक्त लाहौल-स्पीति कुनिका एकर्स ने की। बैठक का उद्देश्य जिले में बाल संरक्षण एवं कल्याण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा, समन्वय एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना रहा। बैठक के आरंभ में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, केलांग डॉ. हीरा नंद ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया तथा बैठक के एजेंडे पर विस्तृत प्रस्तुति दी। बैठक में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत किशोर न्याय अधिनियम से जुड़े कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें किशोर न्याय ,देखभाल व संरक्षण की आवश्यकता वाले से संबंधित योजनाएं शामिल रहीं। इसके अतिरिक्त बेसहारा बच्चों के लिए एकीकृत कार्यक्रम तथा शिशु गृहों को दी जाने वाली सहायता योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, विशेष किशोर पुलिस इकाई की भूमिका एवं कार्यों के साथ-साथ चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।





बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

बैठक में मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना, संस्थागत सेवाएं जैसे बाल देखभाल संस्थान, क्रैडल बेबी रिसेप्शन सेंटर तथा गैर-संस्थागत सेवाएं जैसे प्रायोजन एवं आफ्टरकेयर सेवाओं की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त पोक्सो अधिनियम एवं बाल श्रम से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें अवगत कराया गया कि वर्तमान में जिले में बाल श्रम से संबंधित कोई प्रकरण नहीं है। आगामी पर्यटन एवं ग्रीष्मकालीन सत्र को ध्यान में रखते हुए बाल संरक्षण हेतु विशेष जागरूकता एवं रोकथाम कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आउटरीच गतिविधियों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा 12 जनवरी, 2026 से लाहौल के विभिन्न क्षेत्रों में बाल तस्करी के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। समिति ने संबंधित संस्थानों को टास्क फोर्स समिति गठित कर नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने तथा समय-समय पर जिला मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बीआरओ, लोनिवि, जलशक्ति विभाग एवं पुलिस विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर श्रमिकों के पंजीकरण तथा जिले में किसी भी रूप में बाल श्रम की रोकथाम सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में उपमंडलाधिकारी एवं कार्यवाहक उपायुक्त कुनिका एकर्स ने निर्देश दिए कि देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों से संबंधित किशोर न्याय कार्यक्रमों का प्रभावी, संवेदनशील एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में बच्चों की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाए तथा त्वरित कार्रवाई, अंतर-विभागीय समन्वय एवं सूचना अभिसरण को प्राथमिकता दी जाए। डीएसपी रश्मि शर्मा ने समिति को पुलिस विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग एवं समन्वय का आश्वासन दिया।

# फास्ट फूड बनाने के लिए बजौरा में प्रशिक्षित किए युवा



प्रशिक्षुओं के साथ अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) कुल्लू द्वारा 12 दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला कुल्लू (बजौरा) में किया गया, जिसमें 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को फास्ट फूड स्टॉल के माध्यम से सफल उद्यम स्थापित करने हेतु आवश्यक व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें सफल उद्यमी बनने के लिए आवश्यक कौशल एवं क्षमताओं से सशक्त करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उद्यमशीलता से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों जैसे स्वप्रेरणा, अवसरों की पहचान एवं उनका उपयोग, निरंतरता, सूचना संग्रह, गुणवत्ता प्रबंधन, समस्या समाधान, आत्मविश्वास तथा निर्णय क्षमता आदि पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर निदेशक, पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) चंद्र नारायण सिंह ने प्रतिभागियों को सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया तथा बाजार प्रबंधन एवं गुणवत्ता नियंत्रण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत भी आगामी दो वर्षों तक आरसेटी कुल्लू द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को स्वरोजगार अपनाकर अपनी आजीविका सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन समारोह में चंद्र नारायण सिंह द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### रोडवेज कर्मियों ने रोहतक में की सांकेतिक भूख हड़ताल

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन ने सरकार पर वायदा खिलाफी के विरोध में गुरुवार को नए बस स्टैंड पर सांकेतिक भूख-हड़ताल की और चारों लेबर कोड व निजीकरण के विरोध में 12 फरवरी को प्रदेश में रोडवेज का चक्का जाम करने का भी निर्णय लिया। यूनियन के राज्य महासचिव सुमेर सिवाच ने बताया कि महानिदेशक के साथ हुई बातचीत में चालकों लिपको, परिचालकों का पे ग्रेड बढ़ाने, चालक व परिचालकों को एक माह में 30 रात्रि ठहराव के भुगतान की ताकत महाप्रबंधको को देने, 2004 से पहले लगे चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करके पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने सहित कई मांगों को लेकर वार्ता हुई थी, लेकिन अभी कर्मचारियों की एक भी मांग को पूरा नहीं किया गया है, जिसके चलते रोडवेज कर्मचारियों में भारी रोष है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार लगातार कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है और अपने चहेतो को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी विभाग को बर्बाद कर निजीकरण को बढ़ावा दे रही है, जिसे कर्मचारी किसी कीमत पर सहन नहीं करेगे। उन्होंने चेताया कि अगर सरकार ने रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को समय रहते पूरा नहीं किया तो सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पडेगा।

### जींद में मिलावटी घी फैक्टरी पर छापा

**अनंत ज्ञान, जींद।** खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरुवार शाम धडौली रोड स्थित पिल्लूखेड़ा मंडी में श्री साई फूड प्रोडक्ट फैक्टरी पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। टीम ने फैक्टरी से घी सहित अन्य उत्पादों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेटरी भेज दिए हैं, जबकि एहतियातन फैक्टरी को सील कर दिया गया है। जिला खाद्य एवं सुरक्षा विभाग को सूचना मिली थी कि फैक्टरी में मिलावटी घी तैयार किया जा रहा है। सूचना के आधार पर निरीक्षक डॉ. योगेश कादियान के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान मोक्ष डेयरी का 1633 लीटर घी, हरियाणा डेयरी का 547 किलोग्राम घी सहित कुल करीब साढ़े चार हजार लीटर घी के पांच सैंपल लिए गए। निरीक्षक डॉ. योगेश कादियान ने बताया कि सभी सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### रोहतकः दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** एडिशनल सेशन जज शैलेंद्र सिंह की अदालत ने शादी का झांसा देकर नाबालिग युवती को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने आरोपी पर एक लाख 88 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। पीडिता ने वर्ष 2023 में एसपी को लिखित में शिकायत दी थी, जिसके बाद पुरानी सब्जी मंडी थाना पुलिस ने आरोपी तेज कालोनी निवासी आशीष के खिलाफ पोस्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। मामले में सुनवाई करते हुए वीरवार को एएसजे शैलेन्द्र सिंह की कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर अदालत द्वारा जुर्माना भी लगाया गया है। पीडिता के परिजनों ने बेटी को न्याय मिलने पर एएसजे शैलेन्द्र सिंह का आभार भी व्यक्त किया।

### हरियाणा के स्कूलों में 18 तक बढ़ी छुट्टियां

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में कड़ाके की ठंड के चलते प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों में छुट्टियां बढ़ा दी हैं। पहले प्रदेश में शुक्रवार से स्कूल खोले जाने थे, लेकिन अब 19 जनवरी को स्कूल खुलेंगे। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की तरफ से गुरुवार को जारी पत्र के अनुसार, हरियाणा में पिछले कई दिनों से कोहरा जमाव बिंदु पर आ चुका है। प्रदेश में कई दिनों से सूर्य नहीं देखा गया है। राज्य सरकार की तरफ से प्रदेश के सभी स्कूलों में एक जनवरी से 15 जनवरी तक छुट्टियां की गई थी, लेकिन ठंड को देखते हुए इनमें वृद्धि कर दी गई है। निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि अवकाश के दौरान सीबीएसई तथा आईसीएसई के निर्देशानुसार दसवीं तथा 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल के लिए स्कूल में बुलाया जा सकता है।

# किसान की सोच से बनेगी नीति, कृषि बजट में नहीं होगी कोई कमी : सीएम सैनी

## प्री-बजट बैठक में मुख्यमंत्री ने किसानों, विशेषज्ञों और एफपीओ से लिया सीधा फीडबैक





अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़/हिसार।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश की कृषि नीति किसानों की सोच और जरूरतों के अनुरूप तय की जाएगी और आगामी बजट में कृषि क्षेत्र के साथ किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाए रखने में कृषि की भूमिका सबसे अहम है, इसलिए हरियाणा सरकार कृषि और संबद्ध क्षेत्रों को बजट में सर्वोच्च प्राथमिकता देगी।

मुख्यमंत्री गुरुवार को हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों पर बजट-पूर्व परामर्श बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में कृषि विशेषज्ञों, प्रगतिशील किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े हितधारकों ने आगामी बजट 2026-27 के लिए अपने सुझाव रखे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि असली भारत गांवों में बसता है और हरियाणा की पहचान मेहनतकश किसानों, दूध-दही और मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था से है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं किसान के बेटे हैं और खेती की चुनौतियों को भली-भांति समझते हैं। अन्नदाता किसान केवल अन्न उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा का संवाहक भी है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछली बजट-पूर्व बैठक में किसानों और विशेषज्ञों से 161 सुझाव प्राप्त हुए थे, जिनमें से 99 सुझावों को बजट 2025-26 में शामिल किया गया। इसके तहत कृषि एवं संबद्ध विभागों के लिए 9,296 करोड़ 68 लाख रुपए का बजट आवंटित किया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति और नीयत की असली कसौटी यही है कि योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि इस बार मिले सुझावों को भी गंभीरता से परखा जाएगा और उन्हें बजट प्रावधानों में शामिल किया जाएगा। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक सावित्री जिंदल सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

# अल्केमिस्ट हॉस्पिटल पंचकूला ने की 100 से अधिक सफल रोबोटिक सर्जरी

अनंत ज्ञान




**पंचकूला।** अल्केमिस्ट हॉस्पिटल, पंचकूलना ने गुरुवार को दा विंची Xi रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम की शुरुआत के बाद बेहद कम समय में 100 से अधिक सफल रोबोटिक सर्जरी करने की घोषणा की। ये रोबोटिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, यूरोलॉजी और गायनेकोलॉजी विभागों में की गईं, जिससे मरीजों को अधिक सटीक सर्जरी, कम रक्तस्राव, कम दर्द, तेजी से रिकवरी और कम समय तक अस्पताल में रहने जैसे लाभ मिले।

गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसोसिएट डायरेक्टर-यूरोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट एवं रोबोटिक सर्जरी, अल्केमिस्ट हॉस्पिटल, पंचकूला डॉ. नीरज गोयल ने बताया कि दा विंची Xi सिस्टम अत्यंत सटीक सर्जरी और बेहतरीन फंक्शनल परिणाम सुनिश्चित करता है। यह उपलब्धि नवाचार और क्लिनिकल उत्कृष्टता पर हमारे निरंतर फोकस को दर्शाती है। रोबोटिक तकनीक ने विशेष रूप से प्रोस्टेट और किडनी सर्जरी में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। यह उपलब्धि उन्नत यूरोलॉजिकल केयर में हमारी विशेषज्ञता को दर्शाती है, एसोसिएट डायरेक्टर-यूरोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट एवं रोबोटिक सर्जरी डॉ राजीव गोयल ने कहा। चेयरमैन-जीआई सर्जरी एवं मेडिकल एडवाइजर अल्केमिस्ट ओजस हॉस्पिटल, पंचकूला डॉ. अतुल कृष्ण शर्मा ने कहा कि दा विंची Xi सिस्टम ने सर्जरी को नए आयाम दिए हैं, जिससे बेहतर परिणाम और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

कंसल्टेंट-जनरल, लैप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी डॉ. हर्ष गर्ग, सीनियर ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी जटिल जनरल सर्जरी मामलों में अद्वितीय सटीकता और नियंत्रण प्रदान करती है। दा विंची Xi प्लेटफॉर्म सर्जरी की सटीकता को बढ़ाते हुए मरीजों को होने वाले ट्रामा को कम करता है, डायरेक्टर-प्रसूति एवं स्त्री रोग एवं रोबोटिक सर्जरी, अल्केमिस्ट हॉस्पिटल, पंचकूला डॉ. इभा के अनुसार, रोबोटिक गाइनेकोलॉजिकल सर्जरी महिलाओं को सुरक्षित प्रक्रिया कम निशान और तेज रिकवरी का लाभ देती है।

# अल्काटेल ने एसएम मोबाइल हब के साथ की साझेदारी

अनंत ज्ञान




**रोहतक।** ग्लोबल टेक ब्रांड अल्काटेल ने हरियाणा में अपने ऑफलाइन रिटेल नेटवर्क को मजबूत करने के लिए प्रमुख मोबिलिटी डिस्ट्रीब्यूटर एस एम मोबाइल हब के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। इस सहयोग के तहत अल्काटेल राज्यभर के शहरी और अर्द्ध-शहरी इलाकों में अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो की विजिबिलिटी और लास्ट माइल पहुंच बढ़ाएगा।

एनएक्सटीसेल इंडिया (अल्काटेल) के सीईओ अतुल विवेक ने कहा कि हरियाणा तेजी से बदलता उपभोक्ता बाजार है और एस एम मोबाइल हब के लोकल अनुभव से ग्राहकों को बेहतर इन-स्टोर अनुभव और मजबूत आफ्टर सेल्स सपोर्ट मिलेगा। एसएम मोबाइल हब के प्रोप्राइटर सौरभ मिनोचा ने कहा कि यह साझेदारी राज्य में वैल्यू-ड्रिवन टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देगी और ग्राहकों की पहुंच आसान बनाएगी। अल्काटेल इस कदम से भारत में अपने ऑफलाइन नेटवर्क और ग्राहक सेवा को और मजबूत कर रहा है।

# राष्ट्रीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में पुडुचेरी टीम बनी विजेता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई), ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में 6 से 9 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर की लोक नृत्य प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 35 टीमों ने भाग लिया।

कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद पुडुचेरी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि झारखंड की टीम द्वितीय और अंडमान एवं निकोबार की टीम तृतीय स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता में केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व जीएमएसएसएस-10 की टीम ने किया। टीम का मार्गदर्शन शिक्षिकाओं मीनाक्षी धीमान और नीतू पाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों का मनोबल बढ़ाते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें देश की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को जानने का अवसर मिलता है और यह छात्रों के लिए अन्य राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के विद्यार्थियों के साथ समन्वय और आपसी सहयोग विकसित करने का एक बेहतरीन मंच है। यह प्रतियोगिता न केवल भारत की लोक सांस्कृतिक परंपराओं का उत्सव थी, बल्कि छात्रों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, टीम भावना और राष्ट्रीय एकता को भी बढ़ावा देने वाली साबित हुई।

# मकर संक्रांति पर नारी शक्ति टीम ने जीरकपुर में लगाया भंडारा

अनंत ज्ञान

**जीरकपुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नारी शक्ति टीम द्वारा जीरकपुर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का सुंदर संदेश देखने को मिला। नारी शक्ति टीम की संस्थापिका मोनिका शर्मा ने कहा कि ऐसे भंडारे भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति का पर्व सूर्य देव की पूजा, दान-पुण्य और लोक कल्याण से जुड़ा हुआ है तथा यह सूर्य के उत्तरायण होने और शुभ कार्यों की शुरुआत का प्रतीक है।

मोनिका शर्मा ने कहा कि 'सेवा ही हमारा संकल्प है। निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करना और जरूरतमंदों की सहायता करना ही नारी शक्ति टीम का मुख्य उद्देश्य है।' उन्होंने भंडारे के सफल आयोजन के लिए प्रमुख प्रधान हरिंदर कौर भाटिया की भूमिका की विशेष सराहना की और कहा कि उनकी कार्यकुशलता व सेवा भाव ने आयोजन को मजबूती प्रदान की।

इस अवसर पर हरिंदर कौर भाटिया ने कहा कि किसी भी बड़े आयोजन की सफलता सटीक योजना और टीमवर्क पर निर्भर करती है। उन्होंने मकर संक्रांति के आध्यात्मिक और प्राकृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने और जीवन में सकारात्मकता अपनाने की प्रेरणा देता है। भंडारे में नारी शक्ति टीम की कोषाध्यक्ष वर्षा टिक्कू सहित अंजना विज, अंजना खन्ना, इंदु सोंधी, प्रीति बंसल, कृष्ण भल्ला और शारदा शर्मा सहित अनेक सेवादारों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## देश-विदेश

# ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण एयर इंडिया ने की अमेरिका की तीन उड़ानें रद्द

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**विमानन** कंपनी एयर इंडिया ने ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण वीरवार को अमेरिका के लिए कम से कम तीन उड़ानें रद्द कर दीं और यूरोप के लिए कुछ सेवाओं के संचालन में भी देरी होगी। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कम से कम तीन उड़ानों-राष्ट्रीय राजधानी से न्यूयॉर्क एवं नेवार्क के लिए दो तथा मुंबई से न्यूयॉर्क के लिए एक उड़ान को रद्द कर दिया गया है।

विमानन कंपनी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान में उभरती स्थिति, इसके बाद उसके हवाई क्षेत्र के बंद होने और यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए, क्षेत्र से होकर गुजरने वाली उड़ानें अब वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल कर रही हैं, जिससे देरी हो सकती है। कंपनी ने कहा कि एयर इंडिया की वे कुछ उड़ानें रद्द की जा रही हैं, जिनका मार्ग बदलना फिलहाल संभव नहीं है। इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद जताया। एयर इंडिया अमेरिका और यूरोप की उड़ानों के लिए ईरानी हवाई क्षेत्र का उपयोग करती है और वैकल्पिक मार्ग इराक के हवाई क्षेत्र से होकर उड़ान भरना है। सूत्र ने कहा कि इराक के हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से यात्रा अवधि बढ़ जाएगी और विमान के पास अमेरिका के लिए कुछ सेवाओं का संचालन करने के लिए पर्याप्त ईंधन नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)

# फिल्म जन नायकन की रिलीज मामले पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिल अभिनेता विजय की फिल्म जन नायकन की रिलीज के मामले पर फिल्म निर्माता की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को मद्रास उच्च न्यायालय जाने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय को इस मामले पर 20 जनवरी को सुनवाई करने का आदेश दिया। फिल्म के निर्माता केवीएन प्रोडक्शंस ने मद्रास उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप बोले- गोल्डन डोम प्रोजेक्ट के लिए ग्रीनलैंड की जरूरत

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की अपनी इच्छा दोहराई है। उन्होंने कहा कि कुछ न कुछ हल निकल आएगा। ट्रंप ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट है। यह प्रोजेक्ट इसराइल के आयरन डोम से प्रेरित है। गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है। ट्रंप का यह बयान व्हाइट हाउस में अमेरिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों के बीच हुई हाई कमेटी बैठक के बाद आया है। इस बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ। बैठक के बाद ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्जफेल्ड ने कहा कि उन्हें अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद है। लेकिन ग्रीनलैंड पर अमेरिका का राज स्वीकार नहीं कर सकते। अमेरिका के साथ अपने सहयोग को मजबूत करना हमारे लिए ठीक है। इसका मतलब यह नहीं है कि हम अमेरिका के गुलाम होना चाहते हैं। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के विदेश मंत्री व्हाइट हाउस में चल रही बातचीत को निर्धारित समय से डेढ़ घंटे पहले ही छोड़कर निकल गए। (अनंत ज्ञान)

# ईरान की ओर बढ़ रहा अमेरिकी वॉरशिप, एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस अब्राहम लिंकन भी शामिल

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**ईरान** में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शन के बीच अमेरिका ईरान के आस-पास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी में है।

अमेरिकी नौसेना का यूएसएस अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ साउथ चाइना सी से मिडिल ईस्ट की ओर रवाना हो गया है। यूएसएस अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वॉरशिप में से एक माना जाता है।

अमेरिकी न्यूज वेबसाइट न्यूज नेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, यह फैसला ईरानी एयरस्पेस के बंद होने के ठीक एक घंटे बाद लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्ट्राइक ग्रुप को चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए साउथ चाइना सी में तैनात किया था, लेकिन अब इसकी मूवमेंट देखी गई है।

इसे मिडिल ईस्ट पहुंचने में करीब एक हफ्ता लग सकता है। हालांकि, अभी तक अमेरिकी अधिकारियों की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अमेरिका ने वेनेजुएला में भी हमले से पहले इसी तरह तैनाती बढ़ाई थी। न्यूज नेशन की व्हाइट हाउस संवाददाता केली मेयर ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह ग्रुप अब साउथ चाइना सी से सेंट्रल कमांड क्षेत्र की ओर जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# रूस ने जासूसी के आरोप में ब्रिटिश राजनयिक को किया निष्कासित

**एजेंसी, मॉस्को।** रूस ने जासूसी के आरोपों की वजह से मॉस्को स्थित ब्रिटिश दूतावास में कार्यरत एक राजनयिक को बृहस्पतिवार को देश छोड़ने का आदेश दिया। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने आरोप लगाया कि दूतावास के कर्मचारी ने ब्रिटिश खुफिया एजेंसी के लिए काम किया था। हालांकि, उसने इसका कोई सबूत पेश नहीं किया।, इस संघीय सुरक्षा एजेंसी को 'एफएसबी' के नाम से भी जाना जाता है। रूस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उक्त अधिकारी की राजनयिक की मान्यता रद्द कर दी गई है और उसे अब दो सप्ताह के भीतर देश छोड़ना होगा। रूस के विदेश मंत्रालय ने ब्रिटिश दूतावास की प्रभारी डेने ढोलकिया को नोटिस देने के लिए तलब किया। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा, 'मॉस्को, रूस में गुप्त रूप से ब्रिटिश खुफिया अधिकारियों की तैनाती को बर्दाश्त नहीं करेगा।' उसने कहा कि वह ब्रिटेन द्वारा इस संबंध में उठाए जाने वाले किसी कदम का उसी अनुपात में जवाब देगा। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े दो शार्प शूटर गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**उत्तरी** दिल्ली में एक मुठभेड़ के बाद पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से कथित तौर पर जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक, मुठभेड़ के दौरान एक कथित शार्प शूटर को पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया।

वहीं, एक कांस्टेबल को भी गोली लगी, लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से उनकी जान बच गई। पुलिस ने बताया कि ये दोनों व्यक्ति हाल में बाहरी दिल्ली स्थित एक जिम में हुई गोलीबारी और पूर्वी दिल्ली के विनोद नगर में एक व्यापारी पर हुए हमले में शामिल थे। जहां जबरन वसूली के लिए दोनों ने गोली चलाई थी। अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी दिल्ली के मादक पदार्थ रोधी दल को यह सूचना मिली थी कि संदिग्ध हिरनकी मोड़ के पास आएंगे। सूत्रों ने बताया, सूचना मिलने के बाद उन्हें पकड़ने के लिए 'इलाके में जाल बिछाया गया। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो संदिग्धों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की।' पुलिस ने बताया कि इस मुठभेड़ में घायल हुए एक आरोपी को पास के अस्पताल में ले जाया गया, जबकि उसके साथी को मौके से ही पकड़ लिया गया। पुलिस ने यह भी बताया कि उनके पास से दो पिस्तौल और कारतूस जब्त किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में जहरीली हवा के साथ कड़ाके की ठंड

## वायु गुणवत्ता बेहद खराब, चांदनी चौक में एक्यूआई 400 के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच प्रदूषण का स्तर लगातार खतरनाक बना हुआ है। वीरवार सुबह 6:05 बजे दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 356 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अनुसार, शहर के अधिकांश हिस्सों में हवा की गुणवत्ता स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। चांदनी चौक में एक्यूअई 404 दर्ज किया गया, जबकि नेहरू नगर (402) और पूसा (401) में भी स्तर 400 के पार रहा। पंजाबी बाग (392), द्वारका सेक्टर-8 (388), मुंडका (388), आर के पुरम (382) और आनंद विहार (358) जैसे इलाकों में सांस लेना दूभर है। मथुरा रोड में एक्यूआई 259 रहा, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। (अनंत ज्ञान)

### ठंड और कोहरे का डबल अटैक

**प्रदूषण** के साथ-साथ दिल्ली भीषण कोल्ड वेव की चपेट में है। वीरवार सुबह 5:30 बजे तापमान गिरकर 3.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने घने कोहरे और शीतलहर को देखते हुए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। कम विजिबिलिटी के कारण यात्रियों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आईएमडी के अनुसार, अगले 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे ठंड से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है।

# वस्तु व्यापार घाटा : दिसंबर 2025 में बढ़कर 25 .04 अरब डॉलर पहुंचा

**एजेंसी, दिल्ली**

**निर्यात** के मुकाबले आयात में तेज बढ़ोतरी से देश का वस्तु व्यापार घाटा दिसंबर 2025 में बढ़कर 25.04 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल दिसंबर में यह 20.63 अरब डॉलर रहा था।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा वीरवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि दिसंबर 2025 में वस्तु निर्यात 1.88 प्रतिशत बढ़कर 38.51 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं वस्तु आयात 8.67 फीसदी की वृद्धि के साथ 63.55 अरब डॉलर हो गया।



सेवाओं का निर्यात एक साल पहले के 36.97 अरब डॉलर से घटकर 35.50 अरब डॉलर रह गया। सेवाओं के आयात में भी कमी आई है और यह 17.80 अरब डॉलर की तुलना में 17.38 अरब डॉलर रह गया। इस प्रकार, सेवाओं और वस्तुओं को मिलाकर कुल निर्यात 74.01 अरब डॉलर और कुल आयात 80.94 अरब डॉलर रहा।

इसमें सालाना आधार पर निर्यात घटा है जबकि आयात बढ़ा है। कुल व्यापार घाटा दिसंबर 2024 के 1.46 अरब डॉलर से बढ़कर 6.92 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने वीरवार को कहा कि देश का वस्तु निर्यात बीते माह दिसंबर में 1.87 प्रतिशत बढ़कर 38.5 अरब डॉलर रहा। आयात दिसंबर 2025 में बढ़कर 63.55 अरब डॉलर हो गया जो दिसंबर 2024 में 58.43 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन महीने में व्यापार घाटा 25 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का निर्यात सकारात्मक वृद्धि दर्ज कर रहा है।

उन्होंने साथ ही कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में वस्तु एवं सेवाओं का निर्यात 850 अरब डॉलर से अधिक रहने का अनुमान है।

निर्यात चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल-दिसंबर के दौरान 2.44 प्रतिशत बढ़कर 330.29 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। (अनंत ज्ञान)

# नासा ने चार अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी के लिए किया रवाना

**एजेंसी, केप कैनवरल।** अंतरिक्ष में एक यात्री को चिकित्सकीय देखभाल की आवश्यकता पड़ने पर उसे तीन अन्य साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ बुधवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना किया गया। यह चिकित्सकीय आवश्यकता पड़ने पर किसी अंतरिक्ष यात्री को 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) द्वारा पृथ्वी पर भेजे जाने का पहला मामला है। ये अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, रूस और जापान के हैं। उनके सैन डिएगो के निकट प्रशांत महासागर में उतरने का लक्ष्य है। इन यात्रियों को पृथ्वी पर भेजने के फैसले से उनका मिशन एक महीने से भी अधिक समय पहले खत्म हो जाएगा। नासा की अंतरिक्ष यात्री जेना कार्डमैन ने पृथ्वी पर वापसी की यात्रा से पहले कहा कि हमारे प्रस्थान का समय अप्रत्याशित है, लेकिन मेरे लिए जो बात आश्चर्यजनक नहीं थी, वह यह थी कि इस दल ने एक परिवार की तरह एक-दूसरे की मदद की और एक-दूसरे का ख्याल रखा। अधिकारियों ने उस अंतरिक्ष यात्री की पहचान बताने से इनकार कर दिया जिसे चिकित्सकीय देखभाल की जरूरत है और ना ही यह बताया गया कि उसे क्या दिक्कत हुई है। (अनंत ज्ञान)

# कनाडा का भारत से अनुरोध गोल्ड चोरी के आरोपी को सौंपें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कनाडा** ने भारत सरकार से अनुरोध किया है कि 2023 में हुई 400 किलो सोने की चोरी के मामले में मुख्य आरोपी सिमरन प्रीत पनेसर को भारत से कनाडा भेजा जाए। पनेसर पर 2023 में टोरंटो पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई सोने के चोरी की साजिश रचने का आरोप है।

कनाडाई अधिकारियों का कहना है कि अपराध करने के बाद वह भारत भाग गया। इसके बाद पनेसर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। 33 साल का पनेसर, पहले एयर कनाडा का कर्मचारी था। पुलिस के मुताबिक, उसने फ्लाइट से शुद्ध सोने की 6,600 ईंटें और लगभग 2.5 मिलियन डॉलर (21 करोड़ रुपए से ज्यादा) की फॉरेन करेंसी चुराई। सोने का कुल वजन करीब 400 किलो था, जिसकी कीमत 180 करोड़ रुपए थी। अधिकारियों ने कहा कि पनेसर ने एयरलाइन सिस्टम से छेड़छाड़ करके चोरी को संभव बनाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय अधिकारी इस अनुरोध पर विचार करेंगे और फिर पनेसर को सौंपने का फैसला लेंगे। इस मामले में कनाडा पुलिस ने 12 जनवरी को अर्सलान चौधरी नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने एक आरोपी के भारत में होने का दावा किया था। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन

## मैडिसन कीज एडीलेड इंटरनेशनल के क्वार्टर फाइनल में बाहर

**एजेंसी, एडीलेड।** ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन मैडिसन कीज वीरवार को एडीलेड इंटरनेशनल के क्वार्टर फाइनल में कनाडा की विक्टोरिया म्बोको से हार गईं। कीज रविवार से ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब का बचाव करने उतरेंगी और म्बोको ने उन्हें ग्रैंडस्लैम की तैयारी वाले इस टूर्नामेंट में 6-4, 4-6, 6-2 से मात दी। एडीलेड इंटरनेशनल की गत चैंपियन कीज इससे पहले पिछले हफ्ते ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के क्वार्टर फाइनल में शीर्ष रैंकिंग पर काबिज एरीना सबालेंका से हार गई थी। कीज ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में सबालेंका को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता था। रविवार से शुरू होने वाले साल के पहले ग्रैंडस्लैम में कीज को पहले दौर में यूक्रेन की ओलेक्सांड्रा ओलिनिकोवा से भिड़ना है। वहीं म्बोको ऑस्ट्रेलिया की एमर्सन जोन्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलियन ओपन में कोको गॉफ-वीनस विलियम्स में हो सकती है टक्कर

**एजेंसी, मेलबर्न।** मेलबर्न में रविवार से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन में कोको गॉफ और वीनस विलियम्स दूसरे दौर में आमने-सामने आ सकती हैं। यह मुकाबला उनके बीच इतिहास दोहराने जैसा होगा, क्योंकि 15 साल की गॉफ ने 2019 में विंबलडन में सात बार की मेजर विजेता वीनस को हराया था। उस जीत के बाद गॉफ ने वीनस को अपने करियर के लिए प्रेरणा बताया था। अब गॉफ तीसरी वरीय और दो बार की मेजर विजेता हैं, जबकि 45 वर्षीय वीनस को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला है और वह पांच साल बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन खेल रही हैं। वीनस इस बार मुख्य ड्रॉ में खेलने वाली सबसे उम्रदराज महिला बनेंगी। ड्रॉ के अनुसार, गॉफ का सामना पहले दौर में कामिला रखिमोवा से होगा, जबकि वीनस की शुरुआत ओल्गा डैनिलोविच के खिलाफ होगी। जीत की स्थिति में ही दोनों के बीच दूसरे दौर में मैच संभव है। (अनंत ज्ञान)

## पुणे ग्रैंड टूर रोड रेस साइकिलिंग 19 जनवरी से, धोनी होंगे दूत

**एजेंसी, पुणे।** भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को वीरवार को बजाज पुणे ग्रैंड टूर का दूत बनाया गया जो देश में पहली बार होने वाली यूसीआई 2.2 वर्ग की 'मल्टी-स्टेज' रोड रेस साइकिलिंग प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता 19 से 23 जनवरी तक यहां आयोजित की जाएगी जिसमें 35 देशों की 29 टीम के 171 राइडर हिस्सा ले रहे हैं। पुरुषों के लिए पांच दिन की 'कॉन्टिनेंटल रोड साइकिलिंग रेस' दक्कन पठार और सह्याद्री रेंज में 437 किमी के रास्ते से गुजरेगी जिसमें नुकीले मोड़ और चुनौतीपूर्ण चढ़ाई होगी। धोनी को इस प्रतियोगिता का दूत बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह रेस देश में साइकिलिंग के लिए नए रास्ते खोलेगी और उन्होंने भारतीय टीम को शुभकामनाएं दीं। धोनी ने कहा, ''पुणे ग्रैंड टूर के आने से एक पेशेवर खेल के तौर पर साइकिलिंग में भारत एक नया अध्याय शुरू कर रहा है। मैं आयोजकों को इस पहल के लिए सफलता की शुभकामनाएं देता हूं। खास तौर पर भारत की राष्ट्रीय टीम को क्योंकि यह उनके लिए घरेलू प्रशंसकों के सामने चमकने और देश का नाम रोशन करने का मौका है।'' (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में स्मृति मंधाना

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट स्मृति मंधाना का नाम दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला क्रिकेटर्स में लिया जाता है। स्मृति अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी एक से बढ़कर एक तस्वीरें फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं।



**महिला प्रीमियर लीग : गुजरात जाइंट्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद**

# आरसीबी की आंधी में गुजरात की परीक्षा आज

**एजेंसी, नवी मुंबई**



हाल में मिली हार के सिलसिले को रोकने की कोशिश में जुटे गुजरात जाइंट्स के सामने महिला प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां शीर्ष पर चल रहे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की मुश्किल चुनौती होगी। छह टीम के टूर्नामेंट में कुछ समय तक शीर्ष पर रहने के बाद गुजरात जाइंट्स की टीम मंगलवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हार के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गई, जबकि आरसीबी की पूर्व चैंपियन टीम लगातार जीत के साथ शीर्ष पर पहुंच गई।

आरसीबी की टीम प्रत्येक मैच के साथ मजबूत हो रही है। उसने यूपी वारियर्स के खिलाफ 144 रन के लक्ष्य को 13 ओवर से भी कम समय में हासिल कर लिया। टीम के लिए सबसे सकारात्मक चीज कप्तान स्मृति मंधाना का फॉर्म में लौटना है। स्मृति ने धैर्य के साथ एक छोर संभाला जबकि उनकी सलामी जोड़ीदार ग्रेस हैरिस ने तूफानी बल्लेबाजी की।

गुजरात को आरसीबी के मजबूत बल्लेबाजी क्रम को रोकने का तरीका खोजना होगा, जिसमें फॉर्म में चल रही नेदिन डि क्लर्क और खतरनाक ऋचा घोष भी शामिल हैं। गुजरात की टीम मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हार से उबरने की कोशिश कर रही है। उस मैच में टीम का क्षेत्ररक्षण काफी खराब रहा जिसमें हरमनप्रीत कौर को तीन जीवनदान मिले और उन्होंने 43 गेंद में 71 रन बनाकर मुंबई को जीत दिलाई।

गुजरात जाइंट्स के लिए सकारात्मक चीज अनुष्का शर्मा की चोट के बाद तीसरे नंबर पर कनिका आहूजा का अच्छा प्रदर्शन है। पहले मैच में बाहर रहने और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के बाद कनिका ने मुंबई के खिलाफ तीसरे नंबर पर खेलते हुए 35 रन की पारी में चार चौके और दो छक्के जड़कर प्रभावित किया।

आयुषी सोनी के रिटायर्ड आउट होने के बाद भारती फुलमाली ने भी कुछ अच्छे शॉट खेलकर अपनी क्षमता दिखाई। हालांकि, अगर गुजरात को आरसीबी की बल्लेबाजी ताकत का मुकाबला करना है तो उन्हें सोफी डिवाइन, बेथ मूनी और कप्तान एशले गार्डनर जैसे स्थापित नामों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। टीम की गेंदबाजों को भी प्रदर्शन में सुधार करना होगा। रेणुका सिंह और काशवी गौतम दोनों मुंबई की शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों के खिलाफ प्रभाव छोड़ने में असफल रही थी। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**गुजरात जाइंट्सः** एशले गार्डनर (कप्तान), बेथ मूनी, सोफी डिवाइन, रेणुका सिंह ठाकुर, भारती फुलमाली, तितास साधु, काशवी गौतम, कनिका आहूजा, तनुजा कंवर, जॉर्जिया वेयरहैम, अनुष्का शर्मा, हैप्पी कुमारी, किम गार्थ, यस्तिका भाटिया, शिवानी सिंह, डैनी वाट हॉज, राजेश्वरी गायकवाड़ और आयुषी सोनी।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** स्मृति मंधाना (कप्तान), ऋचा घोष, श्रेयंका पाटिल, जॉर्जिया वोल, नेदिन डि क्लर्क, राधा यादव, लॉरेन बेल, लिन्से स्मिथ, प्रेमा रावत, अरुंधति रेड्डी, पूजा वस्त्राकर, ग्रेस हैरिस, गौतमी नाइक, प्रत्यूशा कुमार, डी हेमलता और सयाली सतघरे।

## भारत सरकार ने इंग्लैंड के स्पिनरों राशिद अहमद को वीजा नहीं किया जारी : रिपोर्ट

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड की टी20 विश्व कप की तैयारियों में रुकावट आई है, क्योंकि भारत सरकार ने अब तक स्पिनरों आदिल राशिद और रेहान अहमद को वीजा जारी नहीं किया है। एक खबर में यह दावा किया गया है। 'द गार्जियन' की खबर के अनुसार इस देरी का मतलब है कि पाकिस्तानी मूल के ये दोनों खिलाड़ी छह सीमित ओवरों (तीन एकदिवसीय और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय) के मैच के लिए इस सप्ताहांत बाकी टीम के साथ श्रीलंका की यात्रा नहीं कर पाएंगे। यह भी साफ नहीं है कि वे अपने साथियों के साथ कब जुड़ेंगे।

राशिद अभी एसए20 में खेल रहे हैं, जबकि अहमद बिग बैश लीग के लिए ऑस्ट्रेलिया में हैं और उम्मीद है कि एक बार वीजा मिलने के बाद वे टीम से जुड़ेंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को आश्वासन दिया गया है कि उनके आवेदनों पर कोई आपत्ति नहीं है और उसने प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए ब्रिटेन की सरकार से मदद मांगी है।

राशिद और अहमद के अभी उपलब्ध नहीं होने के कारण लियाम डॉसन टीम के एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर हैं जिसका मतलब है कि विल जैक्स और जैकब बेथेल को पूर्व नियोजित योजना से अधिक गेंदबाजी करनी पड़ सकती है। इंग्लैंड अपने श्रीलंका दौरे की शुरुआत 22 जनवरी को कोलंबो में पहले एकदिवसीय से करेगा।

इंग्लैंड का टी20 विश्व कप अभियान आठ फरवरी को मुंबई में नेपाल के खिलाफ शुरू होगा और यह देखना होगा कि दोनों खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के लिए समय पर मंजूरी मिलती है या नहीं। यह भी देखना होगा कि बांग्लादेश के खिलाफ इंग्लैंड का ग्रुप मैच कोलकाता में होगा या नहीं, क्योंकि विरोधी टीम ने जोर देकर कहा है कि मुस्ताफिजुर रहमान से जुड़े विवाद के बाद वे भारत की यात्रा नहीं करेंगे।

बांग्लादेश ने धमकी दी है कि अगर उनके मैच किसी तटस्थ स्थल पर नहीं हुए तो वे टूर्नामेंट से हट जाएंगे। हालांकि, भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को उम्मीद है कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव नहीं होगा।

बांग्लादेश के साथ विवाद तब शुरू हुआ जब बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के बाद तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर को अपनी टीम से हटाने का निर्देश दिया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूजीलैंड की **आसान जीत** ने चौंकाया : सुनील गावस्कर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने राजकोट में दूसरे एकदिवसीय मैच में न्यूजीलैंड की आसान जीत पर हैरानी जताते हुए कहा कि निर्णायक मुकाबले में अब भारत के पास प्रयोग की कोई गुंजाइश नहीं होगी। डेरिल मिचेल की नाबाद 131 रन की शानदार पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने 285 रन के लक्ष्य को सात विकेट से हासिल कर सीरीज 1–1 से बराबर कर ली। गावस्कर ने कहा कि मैच से पहले माना जा रहा था कि धीमी पिच भारत के पक्ष में होगी, लेकिन न्यूजीलैंड के गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने हालात का बेहतरीन इस्तेमाल किया।



उन्होंने कहा कि भारत न्यूजीलैंड को 260–270 रन पर रोकने की स्थिति में दिख रहा था और मुकाबला आसान लग रहा था, लेकिन मिचेल और विल यंग की 162 रन की साझेदारी ने मैच का रुख बदल दिया।

गावस्कर के अनुसार, अगर भारत यह मैच जीत जाता तो निर्णायक में कुछ नए खिलाड़ियों को आजमाया जा सकता था, लेकिन अब टीम को अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश के साथ उतरना होगा। उन्होंने यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ियों को मौका देने की संभावना से भी इनकार किया। न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी साइमन डूल ने भी मिचेल की पारी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा जैसे अनुभवी स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाकर दबाव बना दिया। (अनंत ज्ञान)

## टी20 विश्व कप दूर, फोकस अभी वनडे सीरीज पर : डोएशे

**एजजेंसी, राजकोट**



भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे का कहना है कि अगले महीने होने वाला टी20 विश्व कप अभी 'काफी दूर' है और टीम का ध्यान फिलहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज पर है जो मेहमान टीम के यहां दूसरा मैच जीतने के बाद 1–1 से बराबर है।

गत चैंपियन भारत सात फरवरी से शुरू होने वाले 20 टीम के टी20 विश्व कप की सह मेजबानी करेगा। वे न्यूजीलैंड के साथ एक कड़ी एकदिवसीय सीरीज खेल रहे हैं, जिसका निर्णायक मैच रविवार को इंदौर में होना है। दूसरा वनडे सात विकेट से हारने के बाद डोएशे कहा, ''इस बात की पूरी संभावना है कि आप विश्व कप पर इतना ध्यान दें कि आप सोचें कि इस हफ्ते के ये तीन मैच आएंगे और चले जाएंगे। इससे हम कुछ नहीं सीखते और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाते।'' उन्होंने कहा,''रणनीति (के लिहाज से), मुझे ऐसा कुछ नहीं दिखता जिसे हमें (टी20) विश्व कप की तैयारी के मामले में टालना पड़ा हो। हम पूरी तरह से इस सीरीज पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हर सीरीज महत्वपूर्ण है। व्यक्तिगत रूप से इन खिलाड़ियों के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा है।''

डोएशे ने कहा, ''विश्व कप अब भी काफी दूर है, लेकिन यह सीरीज बेहतर प्रदर्शन करने और अच्छी आदतें डालने के बारे में है इसलिए हम दोनों का प्रबंधन करने की कोशिश कर रहे हैं और टी20 विश्व कप के उत्साह को कुछ और दिन के लिए ठंडे बस्ते में डाल रहे हैं।'' डोएशे ने उन खिलाड़ियों को 'सुरक्षित' रखने की जरूरत पर जोर दिया जो टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, ''आप उन खिलाड़ियों को बचाना चाहते हैं जो टी20 विश्व कप में खेलने वाले हैं और हम इसके बारे में सोच रहे हैं।'' भारतीय टीम के कई खिलाड़ी चोटिल हैं। टी20 विश्व कप टीम में शामिल तिलक वर्मा, ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर चोटिल हैं।

### रेड्डी नाकाम, रोहित की लय पर सवाल

**भारत** के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने स्वीकार किया कि ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी को मिले मौकों के बावजूद वह अपेक्षित योगदान नहीं दे पा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि दो विजय हजारे ट्रॉफी मैच खेलने के बावजूद रोहित शर्मा अब भी 'कम क्रिकेट' खेल रहे हैं, जिसका असर उनकी लय पर दिख रहा है। राजकोट में दूसरे एकदिवसीय में टीम में शामिल किए गए रेड्डी बल्ले और गेंद दोनों से प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। उन्होंने 20 रन बनाए और दो ओवर में कोई विकेट नहीं ले सके, जबकि भारत यह मैच न्यूजीलैंड से सात विकेट से हार गया। डोएशे ने कहा कि चयन की दावेदारी मजबूत करने के लिए ऐसे मौके खिलाड़ियों को हर हाल में भुनाने होते हैं।

उन्होंने यह भी माना कि परिस्थितियों को देखते हुए तीसरे स्पिनर को खिलाना बेहतर विकल्प हो सकता था, खासकर जब न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने पिच का शानदार इस्तेमाल किया। रोहित शर्मा को लेकर डोएशे ने कहा कि सीमित क्रिकेट न खेलने के कारण वह अपनी सामान्य लय में नहीं दिख रहे हैं। उनके मुताबिक रोहित लय में खेलने वाले बल्लेबाज हैं और चुनौतीपूर्ण पिचों पर टाइमिंग की कमी उनके लिए मुश्किलें बढ़ा देती है। डोएशे ने यह भी संकेत दिया कि लोकेश राहुल को उनके मौजूदा फॉर्म को देखते हुए पांचवें नंबर पर नियमित रूप से भेजा जा सकता है, जिससे बल्लेबाजी क्रम को और गहराई मिलेगी और एक अतिरिक्त ऑलराउंडर को मौका दिया जा सकेगा। उन्होंने रविंद्र जडेजा के हालिया साधारण प्रदर्शन का बचाव करते हुए कहा कि गेंदबाजी के लिहाज से वह सही दिशा में काम कर रहे हैं और जल्द ही नतीजे भी नजर आएंगे।

## खिलाड़ी विरोधी बयान पर बीसीबी सख्त निदेशक को कारण बताओ नोटिस

**एजेंसी, ढाका**

◆ **विवादित टिप्पणी के बाद खिलाड़ियों ने धमकी का किया बहिष्कार बीपीएल पर मंडराया संकट**

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने देश के खिलाड़ियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर अपने निदेशक एम नजमुल इस्लाम को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बोर्ड ने साथ ही उम्मीद जताई कि नाराज खिलाड़ी बहिष्कार की धमकी वापस लेंगे ताकि बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) प्रभावित न हो।

यह विवाद उस समय गहराया जब नोआखली एक्सप्रेस और चटगांव रॉयल्स के बीच बीपीएल मैच में टॉस में देरी हुई। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, दोनों टीमें खिलाड़ियों के विरोध के चलते मैदान पर समय से नहीं पहुंचीं। खिलाड़ियों ने नजमुल के इस्तीफे तक सभी क्रिकेट गतिविधियों के बहिष्कार की चेतावनी दी है।

बीसीबी ने प्रेस विज्ञप्ति में नजमुल की टिप्पणियों पर खेद जताते हुए कहा कि बोर्ड ने औपचारिक अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है और संबंधित निदेशक को 48 घंटे में जवाब देने को कहा गया है। बोर्ड ने खिलाड़ियों से पेशेवर रवैया अपनाने और लीग को बाधित न करने की अपील भी की।

विवाद की जड़ नजमुल का वह बयान है, जिसमें उन्होंने टी20 विश्व कप के लिए भारत नहीं जाने की स्थिति में खिलाड़ियों को मुआवजा देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने पहले पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को 'भारत का एजेंट' भी बताया था, जिसकी कड़ी आलोचना हुई। बीसीबी ने स्पष्ट किया कि वह मामले को प्रक्रिया के तहत सुलझाएगा और उम्मीद करता है कि खिलाड़ी बीपीएल 2026 की निरंतरता सुनिश्चित करेंगे। (अनंत ज्ञान)



## स्लोएन स्टीफंस ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए किया क्वालीफाई

**एजेंसी, मेलबर्न।** स्लोएन स्टीफंस ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो एक साल पहले मेलबर्न पार्क में शीर्ष रैंक वाली एरिना सबालेंका से पहले दौर में हारने के बाद उनका पहला ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट है। अमेरिकी ओपन 2017 चैंपियन स्लोएन ने बाएं पैर की चोट से उबरने के बाद सत्र की पहली ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग दौर में 1,097वीं रैंकिंग के साथ प्रवेश किया था। उन्होंने मेलबर्न पार्क में क्वालीफाइंग में लगातार तीन जीत हासिल की और बृहस्पतिवार को तीसरे दौर में इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6–1, 7–5 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। इस 32 साल की अमेरिकी खिलाड़ी ने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग हासिल की थी। (अनंत ज्ञान)

## रायपुर में होने वाले भारत–न्यूजीलैंड मैच का टिकट मात्र 800 रुपए में

**एजेंसी, रायपुर**



राजधानी रायपुर में 23 जनवरी को होने वाले भारत बनाम न्यूजीलैंड टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को लेकर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) ने टिकटों की जानकारी साझा की है। इस संबंध में सीएससीएस के डायरेक्टर विजय शाह और बलदेव सिंह भाटिया ने प्रेस वार्ता कर मैच से जुड़ी अहम जानकारियां दीं।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि छात्रों के लिए विशेष टिकट की व्यवस्था की गई है। स्टूडेंट टिकट की कीमत 800 रुपए रखी गई है, जो केवल इंडोर स्टेडियम से उपलब्ध होगी। एक छात्र को केवल एक ही टिकट दी जाएगी। अन्य दर्शकों के लिए स्टैंड्स की टिकट कीमतें 2000, 2500, 3000 और 3500 रुपए तय की गई हैं। वहीं, प्रीमियम कैटेगरी में सिल्वर टिकट 7,500 रुपए, गोल्ड टिकट 10,000 रुपए और प्लैटिनम टिकट 12,500 रुपए में उपलब्ध होंगे। इसके अलावा कॉर्पोरेट बॉक्स की टिकट की कीमत 25,000 रुपए रखी गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने बताया कि भारत बनाम न्यूजीलैंड के इस बहुप्रतीक्षित टी20 मुकाबले के लिए टिकटों की बिक्री आज रात से शुरू हो जाएगी। मैच को लेकर रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)

## लिंकन की खास पिचों ने मुझे स्पिन खेलने लायक बनाया : डेरिल मिचेल

**एजेंसी, राजकोट**

◆ **भारत में लगातार चौथा शानदार स्कोर, उपमहाद्वीपीय हालात में सफलता का खोला राज**



न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने कहा कि लिंकन में न्यूजीलैंड क्रिकेट की विशेष रूप से तैयार की गई 'पिच मार्की फैसिलिटी' में अभ्यास करने से उन्हें उपमहाद्वीप की स्पिन–अनुकूल पिचों पर बल्लेबाजी करने में काफी मदद मिली है। मिचेल इस समय एकदिवसीय बल्लेबाजों की आईसीसी रैंकिंग में विराट कोहली से सिर्फ एक रेटिंग अंक पीछे हैं।

राजकोट में दूसरे एकदिवसीय में मिचेल ने 117 गेंद में नाबाद 131 रन की शानदार पारी खेलकर न्यूजीलैंड को सात विकेट से जीत दिलाई और तीन मैच की सीरीज 1–1 से बराबर कर दी। भारत के खिलाफ पिछली चार पारियों में उन्होंने 130, 134, 84 और नाबाद 131 रन बनाए हैं। मिचेल ने कहा कि लिंकन की पिच मार्की फैसिलिटी में धूल भरी और धीमी पिचों पर नियमित अभ्यास ने उन्हें एशियाई हालात के लिए मानसिक और तकनीकी रूप से तैयार किया। उन्होंने कहा कि यह मेहनत अक्सर कैमरों से दूर होती है, लेकिन जब उसका नतीजा मिलता है तो संतोष अलग ही होता है।

34 वर्षीय मिचेल ने उपमहाद्वीप में अब तक 56.03 की औसत से 1,457 रन बनाए हैं। भारत में उनका औसत 66.75 है, जहां उन्होंने 15 मैचों में 801 रन बनाए हैं। उन्होंने माना कि न्यूजीलैंड के खिलाड़ी उछाल और घास वाली पिचों पर बड़े होते हैं, इसलिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को ढालना जरूरी हो जाता है।

मिचेल ने कहा कि पैरों का इस्तेमाल, स्वीप शॉट और क्रीज का सही उपयोग करके स्पिनरों पर दबाव बनाया जा सकता है। उन्होंने भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल की भी तारीफ की, जिन्होंने दबाव में संतुलित पारी खेली। विल यंग के साथ 162 रन की साझेदारी पर मिचेल ने कहा कि यंग ने नई गेंद के खिलाफ धैर्य दिखाया और टीम को मजबूत आधार दिया। उन्होंने माना कि भारतीय स्पिनरों की लेंथ में चूक का भी न्यूजीलैंड को फायदा मिला। (अनंत ज्ञान)

**विजय हजारे ट्रॉफी** | **मुंबई पर रोमांचक जीत के बाद पंजाब की नजर विजय हजारे फाइनल पर**

# पंजाब की सेमीफाइनल में सौराष्ट्र से टक्कर आज

**एजेंसी, बेंगलुरु**



आखिरी ग्रुप मैच में मुंबई की मजबूत टीम पर एक रन की रोमांचक जीत हासिल करने के बाद पंजाब शुक्रवार को यहां सौराष्ट्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी सेमीफाइनल में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेगा।

उस रोमांचक जीत ने पंजाब को जिस तरह का आत्मविश्वास दिया वह क्वार्टर फाइनल में टीम की मध्य प्रदेश के खिलाफ एकतरफा जीत में दिखा। अब एक युवा और प्रतिबद्ध सौराष्ट्र की टीम उसके रास्ते में खड़ी है। करिश्माई भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के खेलने की संभावना कम है, इसलिए विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के पंजाब की कप्तानी करने की उम्मीद है। उनकी अगुआई में पंजाब ने 345 रन बनाने के बाद मध्य प्रदेश को 183 रन से हराया।

हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, अनमोलप्रीत सिंह और निहाल वढेरा सभी ने अर्द्धशतक लगाकर मैच को पंजाब के पक्ष में कर दिया और इसी तरह का बल्लेबाजी प्रदर्शन उन्हें फाइनल की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरनूर बरार की अगुवाई वाले गेंदबाज आक्रमण ने विपक्षी टीम को लगभग 19 ओवर शेष रहते समेट दिया। पंजाब की टीम कप्तान प्रभसिमरन के अनुभव पर निर्भर करेगी जो चार अर्द्धशतक के साथ टीम के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। टीम के बल्लेबाजी क्रम में हरनूर सिंह, अनमोलप्रीत सिंह, नमन पूनिया, निहाल वढेरा और रमनदीप सिंह जैसे बल्लेबाज हैं जो उसे किसी भी मुकाबले में जीत दिलाने की क्षमता रखते हैं। पंजाब का गेंदबाजी आक्रमण भी संतुलित दिखता है जिसमें गुरनूर शामिल हैं जिन्होंने आईपीएल 2023 में पंजाब किंग्स में विकल्प के तौर पर चुने जाने से पहले मुंबई इंडियंस के लिए नेट गेंदबाज के रूप में अपने कौशल को निखारा था।

तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ सनवीर सिंह ने क्वार्टर फाइनल में 31 रन पर तीन विकेट चटकाते हुए सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई की अगुवाई वाली सौराष्ट्र की टीम कड़ी चुनौती पेश करने की कोशिश करेगी लेकिन उनका अपेक्षाकृत अनुभवहीन होना उनके खिलाफ जा सकता है।

मौजूदा सत्र में तीन शतक और दो अर्द्धशतक के साथ हार्विक देसाई बल्लेबाजी में सौराष्ट्र की ताकत रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 1 : 30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**सौराष्ट्र :** रुचित अहीर, पार्थ भुट, युवराज चुडासमा, हार्विक देसाई, समार गज्जर, अंश गोसाई, विश्वराज जडेजा, धर्मेंद्रसिंह जडेजा, चिराग जानी, जय गोहिल, हितेन कानबी, प्रणव कारिया, हेतविक कोटक, प्रेरक मांकड़, अंकुर पंवार, पार्श्वराज राणा, चेतन सकारिया और तरंग गोहेल।

**पंजाब :** अभिषेक शर्मा, अनमोलप्रीत सिंह, सलिल अरोड़ा, अर्शदीप सिंह, सुखदीप सिंह बाजवा, गौरव चौधरी, गुरनूर बरार, हरनूर सिंह, हरप्रीत बरार, जश्नप्रीत सिंह, कृष भगत, नमन धीर, प्रभसिमरन सिंह, रमनदीप सिंह, उदय सहारन, सनवीर सिंह, रघु शर्मा और शुभमन गिल।